CMYK

तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स 75,996.86 निफ्टी 22,959.50

सोना 87,615 चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 18 फरवरी 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 19 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरत: नकवी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंची

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रिस्पना व बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द होगा शुरू: सीएम धामी

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू किया जाए। देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर को एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए केन्द्र से सहयोग का अनुरोध करने और स्टेट सेक्टर से शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं।

देहरादून में आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि, पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने के बाद यातायात में संभावित वृद्धि के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। रिस्पना नदी के तल पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी के तल पर



■ आबादी और वाहनों की वृद्धि के दृष्टिगत राज्य के अन्य शहरों के लिए भी सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए

15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है। इन नदियों -शेष पृष्ठ दो पर

## इकोलॉजी एवं इकोनॉमी संतुलन बनाकर हो रहे विकास कार्य

### जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर कार्यशाला में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा और अन्तर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केन्द्र के साथ 'स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां**

इस अवसर पर हे.न. बहुगुणा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतीय हिमालय क्षेत्र एक सतत भविष्य की ओर' का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से जहां भारतीय हिमालयी क्षेत्र में -शेष पृष्ठ दो पर



#### प्राकृतिक जलस्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव: महाराज

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से प्राकृतिक जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उत्तराखंड की परंपरा में जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। जल के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

#### लोगों को गांवों में वापस लाने पर हो काम: बेरी

उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन के. बेरी ने हिमालयी राज्यों में खाली हो रहे गांवों को फिर से पुनर्जीवन दिए जाने के लिए बाहर बस गए लोगों को अपने गांवों में वापस लाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे गांवों में रोजगार और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने नीति आयोग के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए विज्ञान, सामुदायिक सहभागिता एवं महिलाओं को सशक्तिकरण पर विशेष बल दिए जाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने ब्रॉडबैंड सेवा के विस्तार, इन्टरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने पर बल दिया।

### यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से, तैयारी पूरी

**लखनऊ।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रदेश सरकार के नकलविहीन परीक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस सिलसिले में सोमवार को सूबे के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118 स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं।

### यात्रियों की भीड़ प्रबंधन को मैनुअल तैयार करेगा रेलवे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देश के करीब 60 स्टेशनों में होल्डिंग एरिया बनाने और एक समग्र मैनुअल तैयार करने की बात कही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना को देखते हुए तय किया गया है कि देश के करीब 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। जहां संभव होगा, स्थाई होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।

### कांग्रेस ने फिर मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ में मारे गए लोगों के आंकड़े छुपाए जा रहे हैं और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जिम्मेदारी निभाने की बजाय आंकड़े छुपाने में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ दर्दनाक हादसा रेल मंत्रालय और रेल मंत्री की लापरवाही का परिणाम है। रेल प्रशासन भगदड़ के लिए जिम्मेदार है और यह जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। पार्टी ने इसके साथ ही कुछ पोस्टर भी पोस्ट किए हैं और कहा है कि रेल मंत्री ने रेलवे को बर्बाद कर दिया है। उन्हें अब पद पर रहने का अधिकार नहीं है।

### उत्तराखंड सूचना केंद्र में नया सूचना अधिकारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित उत्तराखंड राज्य सूचना केंद्र में कुंदन कुमार को नया सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड सूचना विभाग के अनुसार श्री कुमार 2021 की प्रांतीय सेवा के अधिकारी हैं और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में तैनाती मिली है। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मिलिट्री स्कूल शिमला से शिक्षा प्राप्त श्री कुमार ने पत्रकारिता में उच्च शिक्षा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से हासिल की है।

# कुशीनगर मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन से भड़का सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 13 नवम्बर 2024 के आदेश के उल्लंघन को लेकर योगी सरकार को भेजा नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवम्बर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है।

13 नवम्बर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों न संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि कुशीनगर जिले में प्रशासन ने मदनी मस्जिद के



■ फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर लगी रोक

एक हिस्से में तोड़फोड़ की है। आरोप है कि मस्जिद का निर्माण जमीन पर अतिक्रमण करके किया गया। इस महीने की शुरुआत में प्रशासन ने बुलडोजर से मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिरा दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि जांच में पता चल गया था कि मस्जिद के निर्माण में कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है और एसडीएम की रिपोर्ट में इसका जिक्र है। इसके बावजूद कार्रवाई की गई।

### पूजा स्थलों के लिए कानून का मामला स्टे बरकरार, मामला तीन सदस्यीय बेंच को सौंपा, सुनवाई अप्रैल में

**नई दिल्ली।** पूजा स्थलों के संरक्षण कानून से संबंधित दायर याचिकाओं पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने पिछली सुनवाई में दिए गए स्टे को बरकरार रखते हुए साथ ही, अदालत ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी करने के बजाय उन्हें याचिका के रूप में दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अनुसार अब तीन सदस्यीय पीठ अप्रैल के पहले सप्ताह में इस मामले की सुनवाई करेगी।

सोमवार को इस कानून के खिलाफ पांच नई याचिकाएं सुनवाई के लिए पेश की गईं, लेकिन अदालत ने उन पर नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया। हालांकि वकीलों ने अदालत से अनुरोध किया कि अब तक दायर सभी याचिकाओं को

■ मस्जिद-मस्जिद मंदिर तलाश करने वाले इस देश की एकता के दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी

सुनवाई के लिए स्वीकार किया जाए, लेकिन अदालत ने कहा कि किसी भी चीज की एक सीमा होती है और यह सीमा अदालत को तय करनी होती है। इसलिए जिन याचिकाओं पर पहले ही नोटिस जारी नहीं किया गया है, उन पर अब नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें पक्षकार के रूप में आवेदन दाखिल करने की अनुमति होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सोमवार को पूजा स्थल के संरक्षण कानून के समर्थन और विरोध में दायर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई -शेष पृष्ठ दो पर

# दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के तेज झटके

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

भूकंप की तीव्रता चार मापी गई और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई साल के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह की जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के निवासियों से 'शांत' रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। भूकंप के कारण धौला कुआं में स्थित झील पार्क में 20 से 25 साल पुराना पेड़ गिर गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

■ रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई
■ मोदी का दिल्लीवासियों को शांत रहने का आग्रह




#### भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है दिल्ली

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह आए भूकंप से उत्तर भारत के कई इलाकों की धरती कांप गई। भूकंप के झटके इतने तेज महसूस किए गए कि लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए और लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.0 रही और इस भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में जमीन के पांच किलोमीटर भीतर था। चूंकि भूकंप का केंद्र दिल्ली में ही था और जमीन के बहुत अंदर नहीं था, तो इसकी वजह से भूकंप के तेज झटके महसूस हुए और कई लोगों ने बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे जमीन के अंदर ट्रेन चल रही है। दिल्ली भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और यह सिस्मिक जोन-4 के अंतर्गत आती है। इस जोन के इलाकों में भूकंप का खतरा ज्यादा रहता है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण के अनुसार, इस जोन में तेज भूकंप आने का खतरा रहता है और इन भूकंपों की तीव्रता 5.6 मैग्नीट्यूड हो सकती है।

## नई दिल्ली भगदड़ मामला: स्टेशन पर सीआरपीएफ तैनात

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। महाकुंभ के बीच बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है।

इसके अलावा रेलवे ने 26 फरवरी तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है।



■ 26 फरवरी तक काउंटर से प्लेटफार्म टिकट बंद, 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की तैयारी

### महाकुंभ में आग लगने से कई शिविर तबाह

**महाकुंभनगर।** प्रयागराज में महाकुंभनगर के सेक्टर आठ में सोमवार को आग लगने से कई टेंट जल कर राख हो गए। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर आठ में बजरंगदास मार्ग के एक खाली शिविर में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की कई गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल की चारों तरफ से घेराबंदी कर लोगों को आसपास से आने जाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि शिविर खाली कर श्रद्धालु जा चुके थे। आग लगने का तत्काल कारण नहीं पता चल सका।

## दिल्ली के नए सीएम की शपथ 20 को

### सीएम फेस तय नहीं, कल होगी विधायक दल की बैठक

■ पीएम समेत 20 राज्यों के मुख्यमंत्री आएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक सीएम फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें सीएम की घोषणा होगी।

इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी सोमवार को विधायक दल की बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल होंगे।

#### 10 दिन में भी सीएम नहीं चुन पाई भाजपा : 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणाम के दस दिन बाद भी भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का चयन नहीं कर पाई है। सुश्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर सोमवार को कहा कि पिछले दस दिन से मुख्यमंत्री के चयन नहीं कर पाने से यह साबित हो गया कि भाजपा के विधायकों में से एक भी मुख्यमंत्री बनने के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आए हुए दस दिन बीत चुके हैं। दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई, लेकिन भाजपा मुख्यमंत्री पर कोई फैसला नहीं ले पाई। उन्होंने कहा कि आज यह साबित हो गया है कि भाजपा के पास दिल्ली सरकार चलाने के लिए कोई चेहरा नहीं है। अगर उनके पास मुख्यमंत्री बनने लायक ही नहीं है, तो सरकार कैसे चलाएंगे।

### चुनाव आयोग को अलविदा कहा राजीव कुमार ने

**नई दिल्ली।** निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस 'सॉफ्ट पावर' का फायदा उठान चाहिए।

## इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष फिर विवादों के घेरे में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं। एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है। हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए। भारत को चीन के प्रति अपने नजरिये को बदलने की जरूरत है। पित्रोदा ने कहा कि हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है। पित्रोदा ने कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे हैं। कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी, जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी।



■ चीन भारत का दुश्मन नहीं: सैम पित्रोदा
कहा: हमें उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, कांग्रेस ने बयान से किया किनारा

#### भाजपा ने पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस से सफाई मांगी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के चीन को लेकर दिए गए बयान को निंदनीय एवं गलवान के शहीदों एवं भारतीय सेना के बलिदान का अपमान करार दिया है और कांग्रेस से इस बयान पर सफाई मांगते हुए देश के विरोधी ताकतों के साथ भारत में सामाजिक आर्थिक विघटन में लिप्त होने का आरोप लगाया है। भाजपा के सांसद एवं प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने यह आरोप लगाया। डा. त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ज्यों-ज्यों आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से विश्व के पटल पर एक शक्तिशाली और प्रभावशाली देश के रूप में उभरता जा रहा है।

## प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में मदद करे विपक्ष : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मंगलवार (आज) से शुरू होने वाले उप्र विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से जनहित के मुद्दों को सदन में रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ चर्चा से प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सरकार की मदद करें।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई।

■ मुख्यमंत्री ने सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का किया अनुरोध

# एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरत: नकवी



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आज सोमवार को कहा कि 'गुरुकुल से लेकर गूगल' तक भारतीय शिक्षा का स्वर्णिम सफर देश की 'आध्यात्मिक तक्षशिला विरासत' और 'आधुनिक तकनीकी विकास' की संयुक्त समावेशी शक्ति है।

नकवी ने हैदराबाद में मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार 'सोशियोलॉजी ऑफ़ सबआल्टर्न कम्युनिटीज़: रीविजीटिंग दलित्स, माइनॉरिटीज एंड ट्राइबल स्टडीज़ इन साउथ इंडिया' को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसी 'आधुनिक टेक्नोलॉजी के टावर और आध्यात्मिक ट्रांसफॉर्मेशन पावर' ने भारत को 'शिक्षा की शक्तिपीठ' बनाया है। उन्होंने कहा कि आज गूगल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में व्यापारिक घराने, सरकारी सिस्टम, मीडिया, राजनीतिक दल, फिल्म उद्योग, शैक्षणिक संस्थान, कृषि क्षेत्र, अपनी ओरीजनल क़ाबिलियत की जगह आर्टिफिशियल कौशल की अंधी भगदड़ में भागते दिख रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को 'बौद्धिक बेहतरी की ताक़त' बनाने की ज़रूरत है 'बुद्धि को बंधक बनाने की आफ़त' नहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और गूगल जैसे विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म 'क़ुदरती काबिलियत' की मजबूती का साधन है मजबूरी का नहीं। भाजपा नेता ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के सफल शानदार नेतृत्व क़ुदरती कौशल-काबिलियत की कसौटी में कस कर और समस्याओं और संघर्षों में तप कर निकलें हैं।

## पीडीपी ने उमर सरकार की क्षमता पर उठाए सवाल

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने केन्द्रशासित प्रदेश में वर्तमान में भय के माहौल पर गंभीर चिंता जताई और जम्मू-कश्मीर सरकार पर प्रदेश की जनता की बुनियादी सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता पर सवाल उठाए हैं। स्पीक अप न्यूजलेटर के नवीनतम संस्करण में पार्टी ने इस बात पर जोर दिया है कि विकास की किसी भी बात से पहले कश्मीरियों को भयमुक्त जीने के मौलिक अधिकार की गारंटी दी जानी चाहिए। कठुआ और बारामूला की दो हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमेशा की तरह ट्वीट करके घटनाओं की निंदा की। पीडीपी ने कहा कि दोनों मामलों में पत्रकारों और विपक्षी नेताओं को शोक संतप्त परिवारों से बात करने से रोक दिया गया, पीड़ितों की तरह ही उनकी आवाज को भी दबा दिया गया।

# महाकुम्भ का विरोध करने वालों से बेहतर हमारी इकोनॉमी: योगी

लखनऊ, वार्ता



श्रद्धालुओं के आगमन ने संस्कृति को नई पहचान दी अर्थव्यवस्था भी बढ़ाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है।

अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। महाराष्ट्र से आए युवा उद्यमियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकोनॉमी बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपए खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है, तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया, तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता, तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि आप सभी को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि, प्रयागराज, काशी समेत कई स्थलों को देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वर्तमान में देश-दुनिया से श्रद्धालु तीनों स्थानों पर आकर भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा किदेश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य यूपी में 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत के इस पोटेंशियल को पहचाना। उन स्थलों को फिर से मान्यता प्राप्त हुई, जिनके लिए भारत जाना जाता था। 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हुए। 2016-17 में यूपी में जब भाजपा सरकार नहीं थी, तब यहां श्रद्धालुओं की संख्या महज 2.35 लाख हुआ करती थी, 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 14.15 करोड़ से अधिक रही। उन्होने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए जो कुछ भी हो रहा है, वह श्रद्धालुओं के सहयोग का परिणाम है।

## सीएम योगी ने किया विधानसभा द्वार का उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है। बता दें कि नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 5 साल में बदले जाएंगे 3 सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आप सरकार में मंत्री रहे गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी की पिछली सरकार की तरह ही आगामी 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले जाएंगे। दिल्ली में अस्थिर सरकार रहेगी। हमने फैसला लिया है कि संगठन दिल्ली की जनता के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा रहेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के सभी पदा. धिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कहा गया कि आप विपक्ष की भूमिका निभाते हुए चुनाव में बीजेपी द्वारा किए गए वादों पूरा कराने की कोशिश करेगी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने बैठक में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली के लोगों ने आप को 43 प्रतिशत वोट दिया और बीजेपी को 45.6 प्रतिशत वोट दिया है। आम आदमी पार्टी से 2 प्रतिशत वोट ज्यादा बीजेपी को मिला, जबकि बीजेपी ने दिल्ली के अंदर चुनाव आयोग की सरेआम धज्जियां उड़ाईं।

### स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने पीडी सिंह को भारत में सीईओ बनाया

**नई दिल्ली।** स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने सोमवार को पीडी सिंह को भारत के लिए अपना मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति पहली अप्रैल से प्रभावी होगी। बैंक की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री सिंह ज़रीन दारूवाला का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सिंह को बैंकिंग और वित्त में लगभग तीन दशकों का अनुभव है। वह यूरोपीय और अमेरिकी बैंकों के कई व्यवसाय खंडों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा चुके हैं।

### मिल्कीपुर उपचुनाव में हार को देंगे चुनौती

**मिल्कीपुर (अयोध्या।** फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा है कि हम मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव को निरस्त कराने की मांग को लेकर सपा कोर्ट जाएगी। वह मिल्कीपुर में कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। सपा सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से बहुत बड़े वकीलों से राय ली है और उन्होंने ये बताया कि मामला बहुत गंभीर है।

### इजरायल और लेबनान में युद्ध विराम के बीच दागे राकेट लॉन्चर

# इजरायल का हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला

यरूशलम, वार्ता



दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हमला हलबता शहर पर किया

इजरायल की सेना ने दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम के बीच कहा कि उसके युद्धक विमानों ने लेबनान में साइटों पर हमला किया, दावा किया कि वे हिजबुल्लाह सैन्य ठिकाने थे, जिनमें रॉकेट लॉन्चर और हथियार थे।

लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार युद्धक विमानों ने दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हवाई हमला हलबता शहर पर किया, दोनों पूर्वी लेबनान में उत्तरी बेका घाटी में स्थित हैं। एनएनए ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन के उत्तर में एक शहर वादी अल-जायनी पर भी हवाई हमला किया। वहीं इजरायल की सरकार ने रविवार को इयाल ज़मीर को देश के नए सैन्य प्रमुख के रूप में मंजूरी दे दी। अक्टूबर 2023 में हमास के हमले को रोकने में अपनी विफलता के कारण जनवरी में पूर्ववर्ती सैन्य प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने इस्तीफा दे दिया था। एक सरकारी बयान में कहा गया कि जमीर की नियुक्ति को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई।

जमीर (59) ने पिछले दो वर्षों से रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक के रूप में कार्य किया है और मार्च की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर अपनी नई भूमिका ग्रहण करेंगे। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 38 साल के करियर के दौरान, जमीर ने कई वरिष्ठ पदों पर काम किया है, जिसमें आईडीएफ के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ, आईडीएफ दक्षिणी कमान के कमांडर और प्रधान मंत्री के सैन्य सचिव शामिल हैं।

## इजरायल गाजा में युद्ध विराम कायम रखने को लेकर गंभीर नहीं: तुर्की

**इंस्ताबुल।** तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ संघर्ष विराम के समझौते को कायम रखने के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रहे हैं। फिदान ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर टीआरटी वर्ल्ड से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नेतन्याहू का सभी बंधकों को छुड़ाने के बाद भी युद्ध विराम जारी रखने का कोई इरादा नहीं है। उनका इरादा फिर से युद्ध शुरू करने का है, क्योंकि अमेरिका के अलावा उन्हें रोकने के लिए अन्य किसी का कोई दबाव बनता नजर नहीं आ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेतन्याहू पर दबाव बनाने की ज़रूरत है, ताकि युद्धविराम समझौते को सुरक्षित रखा जा सके, जिससे फिर से जनसंहार न हो। गौरतलब है कि 19 जनवरी से गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम लागू है। दोनों पक्षों में 21 इजरायली बंधकों और पांच थाई नागरिकों को छोड़ने के बदले एक हजार से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया है।

## अफगान ने शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार पर पाकिस्तान के समक्ष जताया विरोध

**काबुल।** अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने अफगान शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने पर पाकिस्तान के समक्ष विरोध जताया। मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पाकिस्तानी पुलिस ने शनिवार को क्वेटा शहर और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ अन्य स्थानों पर अफगान शरणार्थियों के घरों पर छापे मारे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया तथा उन्हें अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। हिरासत में लिए गए लोगों में पुरुषों के अलावा 65 बच्चे और 30 महिलाएं भी हैं। बयान में कहा गया कि अफ़गानिस्तान के इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय इस तरह की कार्रवाइयों का कड़ा विरोध और निंदा करता है, और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों को सहायता तथा सहयोग प्रदान करना जारी रखने का आह्वान करता है, ताकि वे सम्मान के साथ घर लौट सकें। मंत्रालय ने बताया कि सभी बंदियों को तुरंत दक्षिण अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के स्पिन बुल्दक शहर में सीमा पार करके अफगानिस्तान भेज दिया गया। बयान में कहा गया है कि पिछले दो सालों में पाकिस्तानी सरकार ने बार-बार इसी तरह की कार्रवाइयां की हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय और इस्लामिक कानूनों के खिलाफ हैं।

# प्रयागराज रेलवे स्टेशन २८ फरवरी तक बंद

प्रयागराज, वार्ता

यात्रियों की उमड़ रही भारी भीड़, गर्मी से बेहोश होकर गिर रहे श्रद्धालु

महाकुंभ में सोमवार को रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई, हालात बेकाबू हो गए हैं। इसी के चलते प्रशासन ने एक्शन लिया है और रेलवे स्टेशन में उमड़ी भीड़ के चलते लोगों के बीच भगदड़ न मचे इसीलिए पुलिस ने मेले से लौट रहे लोगों को रास्तों में रोक दिया है। हालात काबू में करने के लिए स्टेशन के अंदर पब्लिक का प्रवेश रोक दिया गया है। इसी के साथ 28 फरवरी तक स्टेशन को बंद कर दिया गया है।

महाकुंभ मेले में उमड़ रही भारी भीड़ के बीच ये अफवाह फैल गई कि उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जबकि सच्चाई है कि महाकुंभ शुरू होने के पहले ही इसे बंद कर दिया गया था। इसको लेकर रेलवे की ओर से कहा गया है कि ये अफवाह है कि भीड़ के बीच स्टेशन बंद किया गया है। प्रयागराज संगम स्टेशन महाकुंभ शुरू होने से पहले ही बंद कर दिया गया था। बता दें कि महाकुंभ में देश के हर कोने से आ रही लोगों की भारी भीड़ और शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना को देखते हुए प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर और मिर्जापुर समेत धार्मिक आस्था से जुड़े नगरों के स्टेशनों पर पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि हम पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का ही सख्ती से लागू करना सुनिश्चित कर रहे हैं।

### अखिलेश ने कसा तंज

महाकुंभ रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो जाने के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक पोस्ट किया। उन्होंने कुछ लोगों की वीडियो पोस्ट कर सीएम योगी पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा, सुन ले यूपी का शासन और प्रशासन श्रद्धालुओं के कटु अनुभव और वचन। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आज कुंभ में बड़े पैमाने पर व्यवस्थाएं खराब हैं। वहां भगदड़ मची, लोगों की जान गई, मगर जिन लोगों की जान गई है, उनकी सूचि अभी तक नहीं आई है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# आठ दिनों की गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार न केवल शुरुआती बल्कि पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में कामयाब हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.25 अंक मजबूत होकर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.51 प्रतिशत उछलकर 39,932.63 अंक पर पहुंच गया, वहीं स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45,156.89 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4221 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1354 में लिवाली जबकि 2733 में बिकवाली हुई, वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह में 34 कंपनियों में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही।

बीएसई के 11 समूहों में बढ़त का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.53, ऊर्जा 0.89, वित्तीय सेवाएं 0.28, हेल्थकेयर 1.14, यूटिलिटीज 0.79, बैंकिंग 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.90, धातु 0.76, तेल एवं गैस 0.74, पावर 0.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18, जर्मनी का डैक्स 0.84, जापान का निक्केई 0.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 298 अंक लुढ़ककर 75,641.41 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,294.76 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली के पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 76,041.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,939.21 अंक के मुकाबले 0.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 75,996.86 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 119 अंक की गिरावट लेकर 22,809.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,725.45 अंक के निचले, जबकि 22,974.20 अंक के निचले स्तर पर रहा।

## वाणिज्यिक निर्यात जनवरी में 2.4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब डॉलर रहा। जनवरी 2024 में यह आंकड़ा 37.32 अरब डॉलर था। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात बढ़कर 59.42 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 53.88 अरब डॉलर था। इस तरह जनवरी में व्यापार घाटा (वस्तुओं के आयात की तुलना में निर्यात का अंतर) 22.99 अरब डॉलर रहा। जनवरी में देश से सेवाओं का निर्यात 24.31 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ अनुमानित 38.55 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 31.01 अरब डॉलर था।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 52 रिंगिट चढ़कर 4,752 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिस्पना व...** के अन्दर स्थित जन सेवाओं जैसे विद्युत लाइन, हाई टेंशन लाइन, सीवर लाइन का नदी से बाहर विस्थापन होना है। एलिवेटेड रोड के साथ नदी के दोनों किनारों पर रिटेनिंग वॉल और निर्माण और बाढ़ सुरक्षा का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में जो भी विकास के कार्य किए जा रहे हैं, उनका आउटपुट धरातल पर दिखे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी राजजात यात्रा के लिए भी तैयारी शुरू की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि यूआईआईडीबी, देहरादून एलिवेटेड रोड, गढ़वाल और कुमाऊं की कनेक्टिविटी के कार्यों, मानसखंड मंदिर माला मिशन, आगामी नंदा राजजात की तैयारियों कीी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री भी समय-समय पर इनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डा. पंकज कुमार पांडेय, वी. षणमुगम, एसएन पांडेय, डा. आर. राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, नगर आयुक्त नमामि बंसल व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**इकोलॉजी एवं...** जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को बल मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्प्रिंग शेड मैनेजमेंट और जलवायु संरक्षण की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता बनाए रखने के लिए इकोनॉमी और इकोलॉजी के बीच समन्वय बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी इंडेक्स तैयार कर जल, वन, भूमि और पर्वतों के पर्यावरणीय योगदान के आकलन के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का एक महत्वपूर्ण वाटर टावर भी है। यहां के ग्लेशियर पानी के अविरल स्रोत हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डा. वीके सारस्वत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नीति आयोग के सलाहकार सुरेन्द्र मेहरा, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, उप निदेशक आईसीआईएमओडी इजाबेल, निदेशक एनआईएचई प्रो. सुनील नौटियाल उपस्थित थे।

**पूजा स्थलों...** की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद केंद्र सरकार ने अभी तक अपना हलफनामा दाखिल नहीं किया, जिस पर इस कानून के विरोध में याचिका दायर करने वाले वकीलों ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर सीजेआई ने कहा कि पहले याचिकाओं के दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो जाए, उसके बाद केंद्र सरकार सभी याचिकाओं पर एक साथ हलफनामा दाखिल करेगी।सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकील एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एजाज मकबूल (नोडल काउंसिल) ने अब तक इस मामले में दायर सभी याचिक. ाओं का सारांश प्रस्तुत किया, जिसे सीजेआई ने स्वीकार किया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार की कानूनी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टे को बरकरार रखने का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सांप्रदायिक ताकतों की उकसाने वाली गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामला है, क्योंकि इस कानून के बने रहने से ही देश की एकता और भाईचारा सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सांप्रदायिक ताकतों ने एक बार फिर अपने उग्र इरादों को उजागर कर दिया है, और निचली अदालतों द्वारा इस तरह के मामलों में दिए गए गैर-जिम्मेदाराना फैसलों से स्थिति और भी खराब हो गई है। मौलाना मदनी ने कहा कि बाबरी मस्जिद मामले में आए फैसले को हमने भारी मन से स्वीकार किया था, यह सोचकर कि अब मंदिर-मस्जिद का कोई विवाद नहीं रहेगा और देश में शांति एवं भाईचारे का माहौल बनेगा, लेकिन हमारा यह विश्वास गलत साबित हुआ। उन्होंने अंत में कहा कि हमारी आखिरी उम्मीद न्यायपालिका है। हमने अपनी कानूनी लड़ाई के माध्यम से कई बड़े मामलों में न्याय हासिल किया है, इसलिए हमें पूरा भरोसा है कि इस महत्वपूर्ण मामले में भी न्याय की जीत होगी। संभल की शाही जामा मस्जिद घटना और अजमेर दरगाह पर हिंदुओं के दावे के संदर्भ में जमीयत उलमा-ए- हिंद द्वारा इबादतगाहों के संरक्षण कानून को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम इबादतगाहों के खिलाफ चल रहे मुकदमों पर तत्काल रोक लगा दी थी और निचली अदालतों को नए मुकदमे दर्ज करने से भी मना कर दिया था। साथ ही, मुस्लिम इबादतगाहों के सर्वेक्षण पर भी रोक लगा दी गई थी और निचली अदालतों को किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय देने से मना किया गया था। सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से सीनियर एडवोकेट यूसुफ हातिम मच्छाला, एडवोकेट वृंदा ग्रोवर, एडवोकेट आन रिकार्ड एजाज मकबूल, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट सैफ जिया आदि मौजूद थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विस का बजट सत्र आज से, हंगामे के आसार

### गैरसैंण में तत्काल एसडीएम व तहसीलदार की नियुक्ति की जाए: प्रताप

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने राज्य की स्थाई ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में तत्काल एसडीएम और तहसीलदार के पदों पर उपयुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि एक और तो भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गैरसैंण को राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया था, मगर अभी अरसे से गैरसैंण में ना तो वहां पर एसडीएम है और ना ही तहसीलदार, जिससे स्थानीय प्रशासनिक कार्यों में स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रताप ने कहा कि एक ओर राज्य विधानसभा का गैरसैंण में प्रस्तावित सत्र स्थगित कर दिया गया है और देहरादून में विधानसभा सत्र को आहुत किया जा रहा है और दूसरी और स्थानीय स्तर पर भी स्थानीय प्रशासन की ओर सरकार ने अनदेखी की हुई है। उन्होंने इसे गैरसैंण की जनता का अपमान बताया और कहा कि यह राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का भी अपमान है। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है।

### पहले दिन होगा राज्यपाल का अभिभाषण, 20 को आएगा बजट
### स्पीकर ने ली विधान मण्डल दल व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक
### सदन के सुचारू संचालन को मांगा सभी से सहयोग





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पंचम विधानसभा के वर्ष 2025 के प्रथम सत्र (बजट सत्र) के कार्य संचालन व विधायी कार्यों का एजेंडा तय करने के लिए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा की बैठक की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में सारगर्भित और गुणवत्तापूर्ण विकास से जुड़े विषयों की चर्चा के लिए सभी सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है।

इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने दलीय नेताओं की बैठक में सभी दलों के नेताओं से सदन को शांतिपूर्वक एवं सुचारु रुप से संचालित किए जाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की जिससे सदन की कार्यवाही को वैधानिक रूप से चलाया जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के विकास एवं जनहित में उठाये गए सभी मुद्दों पर सदन में सकारात्मक चर्चा होगी। कहा कि वह सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सभी सदस्यों को साथ लेकर समान अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उनका प्रयास लोकतांत्रिक संस्था को सशक्त बनाना होगा।

उन्होंने दलों के नेताओं से आग्रह किया कि सदन की गरिमा को बढ़ाने व चर्चा-संवाद के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। आशा है सभी दल इसमें सक्रिय सहयोग देंगे। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, बसपा नेता विधान मण्डल मोहम्मद शहजाद, विधायक खजान दास, प्रीतम सिंह चोहान, उमेश शर्मा काऊ उपस्थित रहे साथ ही सचिव विधायी धनंजय चतुर्वेदी, प्रभारी सचिव विधानसभा हेम पन्त व विधानसभा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा सदस्यों की तरफ से 521 सवाल हुए प्राप्त: स्पीकर

देहरादून। कार्यमंत्रणा व विधानमंडल दल की बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने बताया कि अब तक विधानसभा सचिवालय को विधानसभा के सदस्यों की ओर से 521 सवाल प्राप्त हो चुके हैं।

### 20 को सदन में पेश होगा 2025-26 का बजट

देहरादून। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में में तय किया गया कि 20 फरवरी 2025 को 12:30 दोपहर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आय-व्यय बजट का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिसमें सामान्य बजट, विभागीय बजट पर सदन में विस्तृत चर्चा होगी।

### बजट सत्र की अवधि बढ़ाई जाए: यशपाल आर्य



**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विपक्ष की तरफ से लगातार सरकार को यह कहा जा रहा है कि बजट सत्र की अवधि बढ़ाई जाये। इतने कम समय में जनता के सवाल सदन में नहीं आ पाते हैं। विपक्ष की तरफ से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विपक्ष ने सत्र को लंबा चलने और विशेष तौर से सोमवार का दिन जो मुख्यमंत्री के जवाब देने का दिन होता है, उनके पास तकरीबन 40 विभाग हैं, ऐसे में विधानसभा सत्र में कभी सोमवार का दिन शामिल नहीं किया जाता है। कांग्रेस प्रदेश में कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर के इस बजट सत्र में सरकार से सवाल पूछना चाहती है।

### 18 से 20 फरवरी तक का एजेंडा तय

देहरादून। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में 18 से 20 फरवरी तक का एजेंडा तय किया गया। आगे के एजेंडे तय करने को पुन: कार्य मंत्रणा समिति की बैठक की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय किया गया कि 18 फरवरी 2025, मंगलवार को प्रात: 11 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। उसके बाद, 3:00 बजे अध्यक्ष की और से अभिभाषण पाठ का वाचन किया जाएगा। 19 फरवरी 2025 को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण व चर्चा की जाएगी, इसके बाद विधायकी कार्य संपन्न होंगे।

## भट्ट ने जताई जन कल्याणकारी बजट की उम्मीद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बजट सत्र को लेकर सभी विधायकों और राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं सत्र में प्रदेशवासियों के कल्याणकारी और विकासोन्मुख बजट प्रस्तुत होने की उम्मीद की और प्रतिपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील की है। मीडिया में जारी अपने बयान में कहा कि धामी सरकार द्वारा प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए ऐतिहासिक प्रयास किया जा रहे हैं। जिसके परिणाम को हाल में आए राज्य के शानदार आर्थिक आंकड़ों से समझा जा सकता है। इस दौरान सत्र में आम बजट का आना बहुत उत्साहित करने वाला है। ऐसे में हमे उम्मीद है कि यह बजट प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला और जनता के लिए कल्याणकारी दस्तावेज होगा।

कहा कि सदन का पटल, जनता से जुड़े मुद्दों और उनकी आवाज को उठाने का सर्वश्रेष्ठ मंच है, जिसका सदुपयोग सभी विधायकों को करना चाहिए। उम्मीद जताई कि सत्र का लाभ प्रतिनिधि अवश्य उठाएंगे और पटल पर रखे विधेयकों पर सार्थक चर्चा करेंगे। वहीं उन्होंने प्रतिपक्ष से भी सदन के संचालन में रचनात्मक सहयोग की अपील की है। उन्होंने प्रतिपक्ष के विधायकों से विशेष आग्रह किया कि सभी राजनैतिक दुराग्रहों एवं पूर्वाग्रह से ग्रस्त विचारों का त्याग कर वे चर्चा में शामिल हों। प्रदेश की सवा करोड़ जनता, सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष दोनों की सदन में भूमिका को गौर से देखता है।

### वन आरक्षी संघ कार्य बहिष्कार पर

**देहरादून।** 13 फरवरी से उत्तराखंड के सभी वन प्रभाग में वन बीट अधिकारी/वन आरक्षी संघ कार्य बहिष्कार कर रहा है। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आरक्षी संघ ने हल्ला बोला है। पूरे उत्तराखंड के करीब 2800 वन बीट अधिकारी और आरक्षी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सोमवार को मसूरी वन प्रभाग में मसूरी वन विभाग के बीट अधिकारियों व वन आरक्षियों ने उत्तराखंड वन बीट अधिकारी व वन आरक्षी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सचिन ओर महामंत्री अनिल के नेतृत्व में विभाग और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर उत्तराखंड वन बीट अधिकारी व वन आरक्षी संघ ने डीएफओ मसूरी अमित कंवर को कर्मचारियों की मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। महामंत्री अनिल ने बताया-उन्होंने कहा 2016 से पहले नियमावली के अनुसार वन दरोगा को पदोन्नति दी जाती थी जिसे प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने परिवर्तन किया जिसके कारण बन वीट अधिकारियों के प्रमोशन नहीं हो पा रहे हैं।

## सत्र में सरकार पर हमलावर रहेगी कांग्रेस

### सरकार के पास नहीं है कांग्रेस के सवालों का जवाब: आर्य

### नेता प्रतिपक्ष के आवास पर हुई कांग्रेस विधायक मंडल दल की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विधानसभा के बजट सत्र की कार्रवाई कल (आज) से शुरू होने जा रही है, बजट सत्र को लेकर सरकार के साथ-साथ विपक्षी दल कांग्रेस ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। एक तरफ कांग्रेस के कार्यकर्ता जहां सदन के बाहर सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे है तो वहीं सदन में भी विपक्ष के विधायकों ने सरकार से मोर्चा लेने को प्लान तैयार किया है। विपक्ष के तेवर देखकर तो फिलहाल यहीं कहा जा सकता है कि इस बार का बजट सत्र हंगामेदार रहने वाला है।

सोमवार देर शाम नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के आवास पर कांग्रेस विधायक मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सत्र को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। जिसमें तय किया गया कि सदन में बजट सत्र को बढ़ाने की मांग की जाएगी, वही जनता से जुडे मुद्दों को भी प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सदन में इस बार कांग्रेस मुद्दों को उठाएंगा, लेकिन सरकार का प्रयास कांग्रेस के मुद्दों से बचने का होगा। कांग्रेस के सवालों को भाजपा सरकार फेस नहीं करना चाहती है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार के पास कांग्रेस के सवालों का कोई जवाब तक नहीं है, इसीलिए भाजपा सरकार किसी न किसी बहाने से सदन की कार्यवाही को बांधित करने का काम करती है। सदन को स्थगित करने के लिए सरकार कई तरीके के हथकंडे अपनाती है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने दावा किया है कि इस बार का सदन अलग रूप में दिखाई देगा।

### यूसीसी के विरोध में 20 को विधानसभा कूच करेगी कांग्रेस

#### लिव इन रिलेशन को लीगलाइज करना देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ: ज्योति

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विधानसभा के बजट सत्र के हंगामेदार होने के आसार जताए जा रहे है, वही, सदन के बाहर भी कांग्रेस हमलावर रहने के संकेत दे रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सदन के बाहर सड़कों पर उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के खिलाफ कांग्रेस संगठन विरोध प्रदर्शन करेंगे। उत्तराखंड में यूसीसी के विरोध में कांग्रेस ने 20 फरवरी को विधानसभा कूच का ऐलान किया है। दरअसल, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सरकार ने लिव इन रिलेशनशिप में रहने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया है, इसी को मुद्दा बनाकर कांग्रेस ने विधानसभा सत्र के दौरान 20 तारीख को कूच किए जाने का निर्णय लिया है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि वैसे तो प्रदेश के भीतर बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे हैं, लेकिन इस बार कांग्रेस सड़कों पर उतरकर समान नागरिक संहिता का विरोध करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में यूसीसी लागू किया गया और इसमें लिव इन रिलेशन को लीगलाइज किए जाने की बात की गई है। इसका विरोध किया जाना जरूरी है। ज्योति रौतेला ने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि के नाम से जाना जाता है, और इस देवभूमि में सर्व धर्म के लोग रहा करते हैं, मगर उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने जिस तरह से समान नागरिक संहिता कानून में लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया है यह देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ है। ज्योति रौतेला का कहना है कि प्रदेश में यूसीसी लागू करके राज्य सरकार ने आने वाली पीढ़ी के लिए गलत नींव रख दी है।

## भाजपा ने मंडल अध्यक्षों के नामों को अंतिम रूप देना किया शुरू

### प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में हुई बैठक, पर्यवेक्षकों के तैयार 104 मंडलों के नामों के पैनल पर हुई चर्चा



अध्यक्ष दावेदारों के पैनल पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने मंडल अध्यक्षों के नामों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को 6 जिलों की 20 विधानसभा के पर्यवेक्षकों के तैयार 104 मंडलों के नामों के पैनल पर चर्चा हुई।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक की जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं राजपुर विधायक खजान दास और प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी व खिलेंद्र चौधरी उपस्थित रहे। संगठन पर्व के अंतर्गत आज से प्रारंभ हुई पूर्व निर्धारित यह प्रक्रिया तीन दिन 17 से 19 फरवरी तक चलने वाली है। जिसमें जनपदवार अलग अलग विधानसभा में भेजे गए पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर विस्तृत विचार विमर्श किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश नेतृत्व ने सभी पर्यवेक्षकों से उनकी तैयार मंडल की गई। वहीं संबंधित मंडल और जनपद के सामाजिक क्षेत्रीय और वर्गों के समीकरण पर भी विचार किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 20 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष की घोषणा किया जाना निश्चित है। इसके बाद 20 से 28 फरवरी के मध्य जिला अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

### इन सांगठनिक जिलों में मंडल अध्यक्षों के नामों पर पूरी हुई चर्चा

देहरादून।प्रदेश मीडिया प्रभारी चौहान ने जानकारी दी कि सोमवार को पहले दिन पार्टी के जिन सांगठनिक जिलों में मंडल अध्यक्ष के नाम पर चर्चा पूरी हुई, उसमें उत्तरकाशी के गंगोत्री, यमुनोत्री और पुरोला विधानसभा, चमोली जिले की बद्रीनाथ, कर्णप्रयाग, थराली विधानसभा, रुद्रप्रयाग की केदारनाथ और रुद्रप्रयाग विधानसभा, टिहरी की नरेंद्र नगर, टिहरी, प्रताप नगर, देवप्रयाग, धनौल्टी और धनसाली विधानसभा पौड़ी की श्रीनगर, चौबट्टाखाल और पौड़ी विधानसभा, कोटद्वार की लैंसडाउन कोटद्वार और यमकेश्वर विधानसभा शामिल हैं। कुल मिलाकर आज इन सभी जिलों के 104 मंडलों में अध्यक्ष के नामों पर चर्चा की गई।

### यूसीसी के कुछ प्रावधानों को लेकर बार एसोसिएशनस के पूर्व पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



**नैनीताल।** उत्तराखण्ड सरकार की और से लागू किये गये यूसीसी के कुछ प्रावधानों को लेकर सोमवार को विभिन्न बार एसोसिएशनस के पूर्व पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बार काउन्सिल के अध्यक्ष डा.महेन्द्र सिंह पाल और सदस्य सचिव मेहरबान सिंह कोरंगा से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा तथा माँग की कि बार काउन्सिल यूसीसी में विवाह पंजीकरण तथा उत्तराधिकार व वसीयत आदि और रजिस्ट्री को पेपर लेस व वदसपदम किये जाने के प्रावधानों को लेकर उचित कार्यवाही करें। उक्त प्रावधानों को लेकर पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष है उक्त प्रावधान अधिवक्तागण के साथ साथ आम जनता के हित में भी नहीं हैं जिसमें कई विधिक कमियाँ हैं। अधिवक्ताओं की भूमिका का पूर्णरूप से नजर अंदाज कर दिया गया है। इस कानून के दुरूपयोग की संभावना बढ़ गयी है जो की वादकरियों के हित में नहीं है। पंजीकरण के कार्य में पारदर्शिता खत्म हो जाने से कई तरीके के विवाद जन्म लेंगे और आम जनता को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में हल्द्वानी बार के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंह बिष्ट, पूर्व सचिव विनीत परिहार, हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष डी0सी0एस0रावत, पूर्व अध्यक्ष सैय्यद नदीम, पूर्व सचिव विकास बहुगुणा, पूर्व सचिव सौरभ अधिकारी, जिला बार नैनीताल के पूर्व सचिव दीपक रूबाली, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप परगाई समेत पूर्व उपाध्यक्ष पंकज चौहान व आदित्य कुमार उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड जनजाति कल्याण समिति की बैठक में कई अहम मुद्दों पर मथन

### राजि महिला का बलात्कार कर हत्या के मामले में राष्ट्रीय जनजाति आयोग दिल्ली की कार्रवाई पर जताया संतोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड जनजाति कल्याण समिति (रजि.) देहरादून की कार्यकारिणी व आमंत्रित सदस्यों की बैठक देहरादून में समिति के अध्यक्ष अजय सिंह नबियाल (से.नि.आई.ए.एस.) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समिति के एन एस नपल्च्याल पूर्व मुख्य सचिव उत्तराखण्ड भी उपस्थित थे। बैठक में समिति के महासचिव कुंदन सिंह राठौर ने विगत बैठक की कार्यवाही का वाचन किया और मुख्यमंत्री के द्वारा समिति के कार्यालय, सभागार के लिये नि:शुल्क भूमि आवंटन, जनपद चम्पावत की जनजाति महिला प्रधान के विरुद्ध उत्पीड़न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध जिला न्यायालय चम्पावत मे गतिमान वाद की अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई राजि महिला का बलात्कार कर हत्या के मामले में समिति की पहल पर राष्ट्रीय जनजाति आयोग दिल्ली ने संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ से रिपोर्ट तलब की गई, जिस पर संतोष जताया गया।

विचार विमर्श के बाद अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध सशक्त आवाज उठाने एवं जनजातियों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिये समिति के संरक्षक की अध्यक्षता में पांचों जनजातियों के सेवानिवृत्त पुलिस एवं सिविल सेवा के अनुभवी अधिकारियों को शामिल करते हुए एक थिंक टैंक एवं लीगल सेल का गठन किया गया ,जो समाज के पीड़ित व्यक्ति के विरूद्ध उत्पीड़न एव संविधान प्रदत्त अधिकारों के हनन की दशा में त्वरित विधिक सहायता भी प्रदान करेंगे उत्तराखण्ड की पांचों जनजातियों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।समिति ने बुक्सा तथा राजिंदर जनजाति के मध्य जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से शीघ्र ही एक गोष्ठी हरिद्वार अथवा उधम सिंह नगर में की जायेगी। समिति ने निर्णय लिया कि पांचों जनजातियों की दिवंगत विभूतियों तथा शोधार्थियों द्वारा किये गये शोध पत्रों का संकलन किया जाये, इसके लिये अलग-अलग समितियों का गठन किया गया।बैठक में समिति के पदाधिकारियों के अतिरिक्त विशेष आमंत्रित सदस्यगण चंद्रसिंह नपल्च्याल पूर्व आईएएस , कलम सिंह चौहान संयुक्त निदेशक सूचना विभाग, जगत सिंह चौहान निदेशक वित पर्यटन विभाग, नर सिंह नपल्च्याल महासचिव आरकेएस , डॉ यूएस रावत पूर्व कुलपति, टीकम सिंह चौहान जिला चकबंदी अधिकारी हरिद्वार, यतींद्र पांगती, गंगा सिंह पांगती, बलवन्त सिंह पवार अध्यक्ष बुक्सा आदिम जाति उत्थान समिति तथा पांचों जनजातियों के जन प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित रहे।

#### समान नागरिक संहिता पर की गई चर्चा

बैठक में उत्तराखण्ड राज्य अन्तर्गत लागू समान नागरिक संहिता पर चर्चा की गई राज्य सरकार द्वारा जनजातियों के विशिष्ट संस्कृति एवं रीति-रिवाज को देखते हुए उन्हें समान नागरिक संहिता से बाहर रखा गया है, जो प्रशंसनीय कदम है राज्य के पांचो जनजातियों की शीर्ष समिति ने मुख्यमंत्री का यह ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

#### समिति ने प्रथम जौनसारी फिल्म ''मैरै गांव की बाट'' की टीम को सराहा

समिति ने प्रथम जौनसारी फिल्म ''मैरै गांव की बाट'' बनाये जाने एवं उसकी अपार सफलता के लिए के.एस. चौहान तथा उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया। पूर्व मुख्य सचिव एन.एस. नपलच्याल ने कहा कि यह जनजाति समुदाय की संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित उत्कृष्ट फिल्म है। इससे प्रेरणा लेकर अन्य जनजातीय समुदाय को भी फिल्म बनाये जाने पर विचार करना चाहिए।

### स्मार्ट मीटरों पर जमकर हो रही राजनीति

**देहरादून।** प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटरों पर जमकर राजनीति हो रही है। बीते दिनों किच्छा से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने स्मार्ट मीटर तोड़कर अपने गुस्से का इजहार किया, तो अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने स्मार्ट विद्युत मीटर को गरीबों का उत्पीड़न करने वाला बताया है। माहरा ने आरोप लगाया कि समूचे उत्तराखंड में स्मार्ट मीटर लगाने का काम एक विशेष औद्योगिक घराने की कंपनी को दिया गया है, इस औद्योगिक घराने को फायदा पहुंचाने की नीयत से प्रदेश में स्मार्ट विद्युत मीटर लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए गए थे। इन इलेक्ट्रॉनिक मीटरों को हटाकर अब एक बार फिर स्मार्ट प्रीपेड विद्युत मीटर लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा सरकार के इस निर्णय से कहीं ना कहीं विभाग और आमजन के बीच हमेशा तालमेल की कमी बनी रहेगी। साल के कम से कम 3 महीने यहां का काश्तकार बड़ी मुश्किलों में रहता है।

## वनाग्नि को लेकर पीसीसीएफ हाईकोर्ट में तलब

### चकराता, देहरादून व पौड़ी में लगी आग का कोर्ट ने लिया संज्ञान


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाइकोर्ट ने हाल ही में प्रदेश के चकराता तथा देहरादून व पौड़ी में लगी आग का संज्ञान लेकर मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने 2021 फ़ारेस्ट फ़ायर से संबंधित जनहित याचिका को सोमवार को पुन: सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया गया, जिस पर मुख्य न्यायधीश की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के पीसीसीएफ को बुद्धवार (19 फरवरी) को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने को कहा है।

बता दें कि कोर्ट ने उनसे यह पूछा है कि वर्ष 2021 में उच्च न्यायलय ने फ़ारेस्ट फ़ायर रोकने के लिए जो दिशा निर्देश दिए थे उस आदेश का कितना अनुपालन हुआ। व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होकर कोर्ट को अवगत कराएं। सोमवार को सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया कि इससे सम्बंधित विशेष अपील सर्वोच्च न्यायलय में विचाराधीन हैं इसलिए राज्य सरकार को वर्तमान स्थिति पेश करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाय, इसका विरोध करते हुए न्यायमित्र मैनाली ने कोर्ट के समक्ष वाक्य रखा कि यह मामला अलग है, जो मामला सर्वोच्च न्यायलय में विचाराधीन है वह अलग है।

### हड़ताल पर हैं फ़ारेस्ट के फ्रंट लाइन कहे जाने वाले कर्मचारी

इस मामले का कोर्ट ने कोविड के दौरान स्वत: संज्ञान लिया था, जब संज्ञान लिया था तब भी प्रदेश के जंगलों में मानवों का कम आवाजही होने पर भी जंगल आग से धधक रहे थे। इस पर उच्च न्यायलय ने जो दिशा निर्देश राज्य सरकार को दिए थे उनका अभी तक अनुपालन नहीं किया जबकि अभी फ़ारेस्ट के फ्रंट लाइन कहे जाने वाले कर्मचारी फ़ारेस्ट गार्ड अपनी सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को पाने के लिए हड़ताल पर हैं।



पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को अहम दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा था कि वन विभाग में खाली पड़े 65 प्रतिशत पदों को 6 माह में भरे व ग्राम पंचायतों को मजबूत करने के साथ साथ वर्ष भर जंगलों की निगरानी करने को लेकर शपथ पत्र पेश करें। कोर्ट के आदेश के क्रम में सरकार द्वारा जो शपथ पत्र पेश किया लेकिन शपथ पत्र में खाली पदों पर पदोन्नति व नई भर्ती का कोई जिक्र नहीं किया गया, जैसे कब भर्ती होगी?,कितने पदों पर होगी? और कितने पद रिक्त है ? जिस पर कोर्ट ने पीसीसीएफ को व्यग्तिगत रूप से पेस होने के आदेश दिए हैं।

पूर्व में कोर्ट ने इन द मैटर आफ प्रोटेक्शन आफ फ़ारेस्ट एरिया फ़ारेस्ट हेल्थ एंड वाइल्ड लाइफ से सम्बंधित मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वत: संज्ञान 2018 व 2021 में वनों में लगी आग पर लिया था। जंगलों को आग से बचाने के लिए कोर्ट ने पूर्व में कई दिशा निर्देश जारी किए थे लेकिन वर्ष 2021 में और अधिक आग लगने के कारण यह मामला दुबारा से उजगार हुआ।

मामले के अनुसार पर्यावरण मित्र अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने पूर्व में कोर्ट के सम्मुख प्रदेश के जंगलों में लग रही आग को लेकर मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का हवाला पेश किया था, जिसपर कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर राज्य सरकार को वन तथा वन्य जीव व पर्यावरण को बचाने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किए थे जबकि हाइकोर्ट ने वर्ष 2016 में भी जंगलों को आग से बचाने के लिए गाइड लाइन जारी की थी।

कोर्ट अपने दिशा निर्देशों में कहा था कि गांव स्तर से ही आग बुझाने के लिए कमेटियां गठित किए जायँ। जिस पर आज तक अमल नहीं किया गया। सरकार जहां आग बुझाने के लिए हेलीकाप्टर का उपयोग कर रही है उसका खर्चा बहुत अधिक है और पूरी तरह से आग भी नहीं बुझती है इसके बजाय गाँव स्तर पर कमेटियां गठित की जाय। अभी तक उस आदेश का अनुपालन तक नहीं हुआ। वर्तमान में राज्य सरकार आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर का सहारा ले रही है जो काफी मंहगा है।

# शीतकालीन चार धाम यात्रा की ब्रांडिंग करने के लिए हर्षिल घाटी पहुंच रहे पीएम मोदी

### जिला प्रशासन कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की शीतक. ालीन चार धाम यात्रा की ब्रांडिंग करने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगामी 27 फरवरी को प्रस्तावित मुखवा-हर्षिल कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन युद्ध स्तर से तैयारियाओं में जुटे हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने आलाधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री जी के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तरकाशी जिले के सीमांत मुखवा गांव स्थित गंगा जी के शीतकालीन प्रवास स्थल स्थित गंगा मंदिर में दर्शन-पूजन कर शीतकालीन यात्रा में हिस्सा लेंगे। जिला प्रशासन के स्तर पर प्रधानमंत्री के संभावित भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने और विभिन्न तैयारियां को लेकर कवायद तेज कर दी गई है। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए



सीमांत क्षेत्र के वाईब्रेंट विलेज-हर्षिल में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी की जा रही हैं। मुखवा में पार्किंग व रास्तों के निर्माण तथा सौंदर्यीकरण से जुड़े अनेक कार्य कराए जा हैं।

इस क्षेत्र में सड़कों की दुरस्त किए जाने के साथ ही क्रश बैरियर्स की स्थापना, सड़कों के किनारें पर दीवालों व पैरापिट निर्माण जैसे सुरक्षात्मक कार्य भी संपन्न कराए जा रहे हैं। क्षेत्र में पानी जमने के कारण पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने की समस्या के समाधान हेतु करीब 5 किमी लंबाई के एचडीपीई पाईप बिछाए जाने का कार्य भी प्रगति पर है। बिजली की सुचारू व निर्बाध आपूर्ति के लिए पुराने पोल व लाईन बदलने के साथ ही अन्य वैकल्पिक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है। क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन एवं टॉयलेट्स व्यवस्था को लेकर भी काम किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन पर प्रस्तावित कार्यक्रम समूचे राज्य के शीतकालीन पर्यटन को बढावा देने पर केन्द्रित होंगे। लिहाजा सभी संबंधित विभाग इसके लिए अपने मुख्यालय स्तर से समन्वय बनाकर सभी तैयारियां सुनिश्चित करें।

सभी तैयारियों व व्यवस्थाओं को समय रहते भली-भांति जांच-परख लिया जाय और सभी व्यवस्थाओं के वैकल्पिक प्रबंध भी सुनिश्चित किए जांय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आगमन पर सेना, आईटीबीपी, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान व पर्यटन विभाग के सहयोग से सीमांत क्षेत्र के लिए ट्रैकिंग अभियान एवं माउंटेन बाईक, एटीवी व आरटीवी रैलियों का आयोजन किया जाना भी प्रस्तावित है।

## मां गंगा का शीतकालीन प्रवास मुखवा हर्षिल दुल्हन की तरह सजने लगा

**उत्तरकाश।** उत्तराखंड के शीतकालीन चार धाम यात्रा की ब्रांडिंग करने मुखवा -हर्षिल घाटी में पहुंच रहे पीएम मोदी के लिए दुल्हन की रहत सजने लगे हैं। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा के मंदिर में रंग-रोगन किया गया है। वहीं पूरे मुखवा गांव में रंग रंगोन किया जा रहा वहीं मुखवा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। श्री सेमवाल ने बताया कि कि मां गंगा के शीतकालीन प्रवास में प्रधानमंत्री जी का भव्य स्वागत किया जायेगा ।मां गंगा का जो स्थानीय खानपान का भोग लगता है वही उनको भोग के रूप में दिया जाएगा और साथ में मां गंगा की कलश भेंट कर उनका स्वागत किया जाएगा। उन्होंने पीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर शीतकालीन यात्रा काफी हद तक बढ़ेगी और लोग मुखवा आने के लिए आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड की चार धाम यात्रा के साथ साथ पर्यटन व्यवसाय भी बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री यहां पर पूजा-अर्चना करने के बाद हिमालय और हर्षिल घाटी के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन कर सकेंगे।

## आवासीय बस्ती को जाने वाले मार्ग बंद करने पर लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के चौरास परिसर के मुख्य मार्ग से आवासीय बस्ती के लिए जाने वाले मार्ग को बंद किए जाने पर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। मार्ग को पूर्व की भांति खुला रखने के लिए चौरास क्षेत्र के स्थाानीय लोगों ने गढ़वाल सासंद अनील बलूनी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में जगपाल सिंह चौहान, राजेंद्र प्रसाद भट्ट, अतुल बहुगुणा, सोभन सिंह पंवार, दीवान सिंह, विनीता बहुगुणा, पिंकी चौहान ने कहा कि गढ़वाल विवि प्रशासन उक्त मार्ग को बंद करने जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। कहा कि उक्त मार्ग लगभग 300 परिवार को मढ़ी चौरास के मुख्य मार्ग से जोड़ता है। कहा कि इस जगहों पर गढ़वाल विवि के 500 से अधिक छात्र-छात्रायें भी किराये पर रहकर विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कहा कि वर्तमान में स्थानीय विधायक द्वारा उक्त वर्णित बस्ती की आंतरिक मार्गों को इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पक्का करते हुए विवि की सड़क से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

जिस मार्ग का आवजाही के लिए उपयोग गत 25 वर्षों से कालोनी के निवासी कर रहे हैं, लेकिन विवि के कार्मिकों द्वारा मुख्य सड़क से लगभग 20 मीटर की दूरी को विश्वविद्यालय की भूमि बताते हुए बस्ती के पहुँच मार्ग का कार्य बन्द करते हुए मार्ग पर अवरोध व बाउण्ड्री दीवार लगाने की बात कही जा रही है। कहा कि यदि मार्ग को बंद किया जाता है तो आवासीय बस्ती में एम्बुलेंस, गैस सिलेण्डर के ट्रक, पानी के टैंकर, स्कूल बस, भवन निर्माण की सामग्री के वाहन, कूड़ा वाहन आदि से वंचित रह जायेंगे। साथ ही बस्ती से रोजमर्रा राशन, दूध, सब्जियों व फल की आपूर्ति भी पूर्णतया बंद हो जाएगा। उन्होने गढ़वाल सासंद से विवि की सड़क के बीच लगभग 450 मीटर वर्ग भूमि पर बस्ती के लिए पहुंच मार्ग तथा बस्ती के बच्चों के क्रीडास्थल के रूप में पार्क बनवाने के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से अनुमति देने की मांग की है।

## एक नजर .......

### मरीजों से बेहतर संवाद के लिए समय-समय पर होगी कार्यशाला: डा. रावत

श्रीनगर। राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बेस चिकित्सालय श्रीनगर में आने वाले हर मरीज व तीमारदारों से समस्त चिकित्सकों को बेहतर संवाद (कम्युनिकेशन) स्थापित करने के लिये चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने समय-समय पर संस्थान द्वारा कार्यशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. सीएमएस रावत ने कहा कि संवाद या संचार एक बेहतर चिकित्सक की सबसे बड़ी पूंजी है। आकस्मिक विभाग में जहाँ मरीज क्रिटिकल स्थिति में आता है, उस समय एक चिकित्सक को मरीज व उसके तीमारदारों के साथ होने वाला संवाद महत्वपूर्ण रहता है। डाॅ रावत ने संस्थान के समस्त संकाय, सीनियर रेजिडेन्ट, पीजी जेआर, नॉन पीजी जेआर व इन्टर्न से अपने संचार (कम्युनिकेशन) में गुणात्मक सुधार लाने की अपेक्षा व्यक्त की है,जिससे वह एक बेहतर चिकित्सक के रूप में खुद को साबित कर सकें। प्राचार्य ने कहा कि मरीज व उनके तीमारदारों के साथ संवाद को मजबूत करने के लिए कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कहा कि वरिष्ठ संकाय चिकित्सकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने अनुभव से जूनियर व ट्रेनी चिकित्सकों को अच्छा संवाद स्थापित करने के सुझाव दें।

### गढ़वाल विवि को आधुनिक बागवानी प्रथाओं का अवसर मिलेगा: प्रो. रौथाण

।श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि एवं आईसीएआर सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टेम्परेट हॉर्टिकल्चर श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के बीच सोमवार को वर्चुअल माध्यम से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर हुए। एमओयू के माध्यम से दोनों केन्द्रीय संस्थाओं में आपसी शोध कार्यो को साझा कर एक दूसरे के सहयोग से लाभान्वित होने की आशा व्यक्त की। एमओयू में स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ऑफ एलाइड साइंसेज शामिल हैं। जिसमें जूलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, वनस्पति विज्ञान, बागवानी, वानिकी, प्लांट फिजियोलॉजी और इकोलॉजी जैसे विषय शामिल हैं। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने कहा कि यह साझेदारी कीट विज्ञान, बागवानी और संबंधित जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में एक साथ काम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह एमओयू दोनों पार्टियों को कई लाभ प्रदान करेगा। कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय को आधुनिक बागवानी प्रथाओं में मूल्यवान अनुभव और ज्ञान प्राप्त करने के लिए आईसीएआर-सीआईटीएच पर उपलब्ध उन्नत सुविधाओं के लिए अनुसंधान, व्यावहारिक सीख व पहुंच के लिए अवसर मिलेंगे।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने पर कीर्तिनगर में कांग्रेसियों ने निकाली रैली

**श्रीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध में सोमवार को कीर्तिनगर में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कीर्तिनगर बाजार से विद्युत विभाग कार्यालय कीर्तिनगर तक रैली निकालकर साकर के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के निर्णय लेने पर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि जन विरोधी भाजपा सरकार द्वारा जनता को लूटने के लिए एक और षडयंत्र किया जा रहा है। इस बेरोजगारी और महंगाई के दौर में धामी सरकार द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना जनता का खून चूसने जैसा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से आम गरीब जनता को भारी नुकसान होगा साथ ही विद्युत विभाग में आउटसोर्सिंग एवं ठेकेदारी पर लगे हुए हजारों युवाओं को बेरोजगार करने की भाजपा सरकार की साजिश है।

## बीएड प्रशिक्षुओं के लिए तीन दिवसीय योग कार्यशाला शुरू

■ योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव: विशेषज्ञ
योग हमारी अमूल्य धरोहर, स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना जरूरी: प्रो. नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों के लिए तीन दिवसीय योग कार्यशाला शुरू हुई। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को विभिन्न योग क्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्कूल ऑफ एजुकेशन की संकाय सदस्य एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता गोदियाल के निर्देशन में आयोजित किया गया।

बीएड प्रशिक्षु आकांक्षा और अनूप बिष्ट ने कार्यशाला के दौरान सूर्य नमस्कार, कपालभाति, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम और भुजंगासन सहित कई योगाभ्यास कराए। प्रभारी निदेशक प्रो. एमएमएस नेगी ने कहा कि योग हमारी अमूल्य धरोहर है, जो संपूर्ण विश्व को स्वस्थ जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर देते हुए इसे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का आधार बताया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. मनोज प्रसाद नौटियाल ने अष्टांग योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे जीवन के उद्देश्य को समझने और उसे सार्थक बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. नीरज जोशी, डॉ. अखिलेश गौतम, डॉ. हेमराज, डॉ. एम. देवम, डॉ. सुमन लता, डॉ. अरविंद कुमार सहित अन्य शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जनता मिलन कार्यक्रम में सुनी 39 शिकायतें

आपदा पीड़ितों, सड़क, सफाई और भूमि विवाद पर मिले निर्देश
जिलाधिकारी ने परियोजनाओं और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी 39 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें पुनर्वास, राजस्व, विकास, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल रहे।

प्रतापनगर तहसील के मोलगा निवासी रमेश लाल ने आपदा से क्षतिग्रस्त अपने मकान की आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर



जिलाधिकारी ने एसडीएम प्रतापनगर को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम सभा नौण्यां तोक में राफ्टिंग कैंप और रिजॉर्ट खोलने की अनुमति के लिए उत्तम सिंह रावत और धूम सिंह रावत ने अनुरोध किया, जिस पर एसडीएम नरेंद्रनगर, डीटीडीओ और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को संयुक्त जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया।

खोला धारमंडल निवासी अंकिता रावत ने गांव के सार्वजनिक मार्ग की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की, जिस पर डीडीओ और बीडीओ प्रता. पनगर को मनरेगा के तहत प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए। तपोवन की पुष्पा सजवाण ने अपनी जमीन के पास बने फ्लैट्स से उत्पन्न गंदगी और फ्लैट्स के कैमरे हटवाने का अनुरोध किया, जिस पर एसडीएम नरेंद्रनगर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

इसके अलावा, कीर्तिनगर तहसील के उमरी गांव निवासी मनोज मिस्त्री ने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर तहसीलदार कीर्तिनगर को जांच के निर्देश दिए गए। काणाताल में जीप सफारी को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की मांग पर डीएफओ टिहरी को निर्देशित किया गया। नैनबाग तहसील के ग्राम खरसोन में 500 मीटर सड़क निर्माण पूरा करने के लिए अधीक्षण अभियंता, लोनिवि को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, जिला सेक्टर, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों, समाच. ार पत्रों में प्रकाशित नकारात्मक खबरों और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोज बिष्ट सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वन आरक्षियों का धरना पांचवें दिन भी जारी

वन सेवा नियमावली 2016 लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन, सरकार की अनदेखी पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वन आरक्षी संघ की ओर से वन सेवा नियमावली 2016 को लागू करने, 10 वर्षों की सेवा पर वन दरोगाओं की शत-प्रतिशत पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा बेमियादी धरना सोमवार को पां. चवें दिन भी जारी रहा। धरना दे रहे वन आरक्षियों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है, जिससे उन्हें फायर सीजन के बावजूद आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

वन बीट अधिकारी और वन आरक्षियों ने डीएफओ कार्यालय के



बाहर प्रदर्शन करते हुए शासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने वर्ष 2018 की नियमावली समाप्त कर 2016 की नियमावली को पुनः लागू करने, वन आरक्षियों को एक स्टार की अनुमति देने, वेतनमान में संशोधन, कर्मियों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने और वन आरक्षी के पदों पर जारी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग उठाई। साथ ही, 10 साल की सेवा पूरी कर चुके दैनिक श्रमिकों के नियमितीकरण की भी मांग की। संघ के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

धरने में विनोद डोभाल, लक्ष्मण सजवाण, अभिषेक कडियाल, शशिभूषण, पंकज, राजेंद्र कुमार, मनीष सुयाल, हीरा सिंह, जयेंद्र खंडूरी, शिव प्रसाद, जयानंद रतूड़ी, कृष्णा सिंह, प्रीतम सिंह, अमित पंवार, बलवीर सिंह, प्रियंका रावत, नेहा रतूड़ी, संगीता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शिवमहापुराण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**श्रीनगर।** शिव मंदिर प्रबंध समिति किलकिलेश्वर चौरास के तत्वाधान में किलकिलेश्वर महादेव मंदिर में शिवमहापुराण महायज्ञ सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस मौके पर चौरास क्षेत्र की महिलाओं ने निग्याण पुल से किलकिलेश्वर मंदिर तक जल कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर चौरास क्षेत्र किलकिलेश्वर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इस बाद कथा में पहुंचे ब्राह्मणों ने गणेश पूजन, मातृका पूजन, नवगृह पूजन, कलश स्थापना के साथ ही कलश यात्रा निकाल महिलाओं ने जलाभिषेक किया। इसके बाद कथावाचक बिहारीलाल जोशी ने शिव महापुराण कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और ज्ञान का भंडार बढ़ता है।

## स्वच्छता और पथ प्रकाश व्यवस्था सुधारने पर पालिकाध्यक्ष का फोकस

■ नगर को स्वच्छ और रोशन करने के लिए कार्य योजना तैयार: मोहन सिंह रावत
पालिका कार्यालय की छत पर लगेगा सोलर प्लांट, विद्युत उत्पादन होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कार्यकाल की पहली तिमाही में शहर की स्वच्छता और पथ प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में कार्यालयों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही, पालिका कार्यालय की छत पर सोलर प्लांट लगाकर विद्युत उत्पादन शुरू किया जाएगा। सोमवार को रावत ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों के साथ बैठक कर कार्य योजना तैयार की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नई टिहरी की रैंकिंग सुधारने के लिए नगर के प्रत्येक कोने को स्वच्छ बनाया जाएगा। कहा कि नगर की पथ प्रकाश व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा। खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने के साथ ही उन स्थानों पर भी लाइटें लगाई जाएंगी।

उनका प्रयास रहेगा कि अधिकांश लाइटें सौर ऊर्जा से संचालित हों, जिससे बिजली खर्च में कमी आएगी और पालिका को आर्थिक लाभ मिलेगा। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि कार्यालय के छत पर सोलर प्लांट लगाने से वैकल्पिक विद्युत उत्पादन होगा।

## महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय मेला लगेगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पट्टी रौणद रमोली के पुजारगांव स्थित थकलेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय मेला आयोजित किया जाएगा। मेले को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मंदिर समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि यह आयोजन 25, 26 और 27 फरवरी को होगा।

मंदिर समिति के उपाध्यक्ष मुलायम सिंह भंडारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि बिजपुर, रावतगांव, ल्वारखा, पनियाला, नाग, भैंतला, गैरी, बागी, खेतपाली, भरपूर, पुजारगांव, डोडग थापला, पिपलोगी सहित पट्टी रौणद रमोली के विभिन्न गांवों के लोग मेले को सफल बनाने में पूरा सहयोग देंगे। बैठक में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने शासन-प्रशासन से मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर संजय , बसंत चौहान, चतर सिंह , राजपाल चौहान, किशन सिंह चौहान, जय सिंह चौहान, कैलाश नौटियाल, पंकज उनियाल, धनपाल वर्तवाल, धीरज सिंह, सुनील पंवार, बलबीर वर्तवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## छात्राओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**श्रीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्रीकोट में सोमवार को पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर अनुज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय पर अधिकांश लोग साइबर फ्राड का शिकार हो रहें है। उन्होने छात्रों को डिजिटल अरेस्टिंग, फिशिंग लिंक, थर्ड पार्टी ऐप स्टोर, एटीएम का सही इस्तेमाल करने सहित अपने ईमेल सहित सोशल साइट्स पर गलत कंटेंट्स से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा कि नशा एक भयंकर बीमारी का रूप लेता जा रहा है, जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी गिरफ्त में ले रहा है। नशा मनुष्य के सोचने समझने की शक्ति के साथ ही पूरे शरीर पर प्रहार करता है। उन्होने स्कूल के छात्र-छात्राओं व स्टॉफ से नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर श्रीकोट चौकी प्रभारी मुकेश गैरोला सहित आदि मौजूद थे।

## एलटीएम के मूल्यांकन में विजय लक्ष्मी और लक्ष्मी ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू की सोमवार को लॉग टीर्म मैटिरियल (एलटीएम)/आईसी पर एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी खिर्सू और नोडल अधिकारी अश्वनी रावत ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों द्वारा नवाचारी शिक्षण सामग्री का निर्माण एवं उनके प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना है। कहा कि यह प्राथमिक शिक्षा में छात्रों को दीर्घकालिक ज्ञान और समझ प्रदान करती है। यह सामग्री आमतौर पर पाठ्यक्रम के मुख्य विषयों पर केंद्रित होती है और छात्रों को विषय की गहराई में जाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस मौके पर कार्यशाला में भाषा एवं गणित विषयों में शिक्षकों द्वारा निर्मित एलटीएम का मूल्यांकन किया गया। जिसमें विजय लक्ष्मी बिष्ट ने प्रथम, जीपीएस खोला की विनीता पैन्यूली ने द्वितीय, जीपीएस उल्ली की संगीता निराला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित विषय में जीपीएस स्वीत की लक्ष्मी कुकरेती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुकेश काला, कल्पना नेगी, इन्दु पुरो. हित, सीमा मिश्रा, अनीता पटवाल, शर्मीला पुरी, सरफराज, आशीष जैन सहित आदि मौजूद थे।

## घोंटी पुल मोटर मार्ग बदहाल ग्रामीणों ने जताया रोष

■ डामरीकरण न होने से सफर बना जोखिम भरा, प्रशासन पर उदासीनता का आरोप
लोनिवि ने शुरू की डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया, जल्द होगा पैचवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लॉक के ढुंगमंदार पट्टी को जोड़ने वाला घोंटी पुल मोटर मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। डामरीकरण और सुधारीकरण न होने से ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। लेकिन शासन-प्रशासन इस समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है।

पुनर्वास विभाग ने वर्ष 2015-16 में



घोंटी, पिपोला, सैंण, लासी, ननवां, थात, चौंदाणा, गहड़, मोल्ठा, ढुंग, बडोनगांव, कस्तल, मंदार समेत करीब दो दर्जन गांवों को जोड़ने के लिए हल्का वाहन पुल का निर्माण किया था। साथ ही, चार किमी सड़क का निर्माण कर उसका डामरीकरण भी किया गया था। लेकिन अब यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। अधिकांश स्थानों पर डामर उखड़ चुका है, नालियां बंद पड़ी हैं और पुश्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजयपाल रावत, प्रशासक देव सिंह गुसाईं और शोभा बडोनी ने कहा कि लंबे समय से इस मार्ग की सुध नहीं ली गई है। पहले इसका रखरखाव पुनर्वास विभाग के पास था, लेकिन अब इसे लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। उन्होंने मार्ग के जल्द डामरीकरण और सुधारीकरण की मांग की। साथ ही, जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक वैकल्पिक रूप से पैचवर्क कराने की आवश्यकता जताई।

इस संबंध में लोनिवि के सहायक अभियंता सुरेंद्र धीमान ने बताया कि हाल ही में यह मार्ग पुनर्वास विभाग से हस्तांतरित हुआ है। अब डामरीकरण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है और जल्द ही मार्ग पर पैचवर्क का कार्य शुरू किया जाएगा।

# विस सत्र के दौरान यातायात व जुलूसों को रोकने के लिए पुलिस ने की तैयारी

■ यातायात समस्या को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जारी किया कंट्रोल रूम नंबर



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए बैरियर स्थलों आने वाले जुलूस को प्रगति विहार बैरियर, शास्त्रीनगर बैरियर, बाईपास बैरियर,डिफेंस कॉलोनी बैरियर, विधानसभा तिराहा बैरियर पर रोका जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सभी अधीनस्थों को निर्देश जारी किए हैं साथ ही विधानसभा सत्र के दौरान बैरियर और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए कदम उठाए गए हैं। एसपी के आदेश पर बोर्ड की परीक्षा देने के लिए जाने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए व्यवस्था की गई है।

मंगलवार से प्रारंभ होने वाले विधानसभा सत्र में किसी प्रकार की कोई अड़चन न्याय और यातायात पूरी तरह से चालू रहे इसको देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अपने अधीनस्थों और यातायात पुलिस कर्मियों को निर्देश जारी किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि सत्र के दौरान सभी भारी वाहनों को कारगी चौक व डोईवाला से दूधली रोड की ओर डायवर्ट किया जायेगा। रिस्पना क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक होने पर भारी वाहनों को आंशिक रुप से लालतप्पड़, हर्रावाला व नयागांव पर रोका जायेगा।

देहरादून से हरिद्वार -ऋषिकेश-टिहरी-चमोली जाने वाले वाहन नेहरू कॉलोनी-फव्वारा चौक से पुलिया नम्बर 06 की ओर डायवर्ट किये जायेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि धर्मपुर चौक से आईएसबीटी की ओर जाने वाला यातायात माता मन्दिर रोड होते हुए पुरानी बाईपास चौकी से आईएसबीटी की ओर भेजा जायेगा। मोहकमपुर की ओर से मसूरी जाने वाले वाहन जोगीवाला से रिंग रोड से लाडपुर से सहस्त्रधारा क्रासिंग से आईटी पार्क से मसूरी मार्ग की ओर भेजा जायेगा।

मोहकमपुर की ओर से देहरादून शहर की ओर आने वाले वाहनो को विधानसभा तिराहा,रिस्पना,पुरानी बाई चौकी होते हुए धर्मपुर - ईसी रोड की ओर भेजा जायेगा।

अजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक सम्भावित जुलूस (अनुमति प्राप्त) केवल हिम पैलेस होटल से प्रस्थान करेगा। इनके वाहन रेसकोर्स गुरुनानक ग्राउण्ड में पार्क किये जायेंगे। जुलूस के हिम पैलेस होटल से प्रगति विहार बैरियर की ओर प्रस्थान करने पर रिस्पना से देहरादून शहर की ओर आने वाले वाहनों को हरिद्वार बाईपास से पुरानी बाईपास चौकी की ओर भेजा जायेगा। यातायात दबाव होने की स्थिति में डोईवाला से देहरादून की ओर आने वाली सिटी बस को कैलाश अस्पताल से यू-टर्न लेकर वापस डोईवाला को ओर भेजी जायेंगी। डायवर्ट किये गये यातायात को भी सामान्य किया जा सकता है। शहर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित स्कूलों में अध्यनरत परीक्षार्थियों को किसी भी दशा में नहीं रोका जायेगा।

शहर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित स्कूलों में अध्यनरत छात्रों के अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों को परीक्षा हेतु समय से रवाना करना सुनिश्चित करें। विधानसभा सत्र के दौरान यदि किसी परीक्षार्थी को यातायात संबंधी कोई भी समस्या होती है तो वह कंट्रोल रूम न व 112 एवं यातायात कंट्रोल रूम नंबर 7579278154 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जड़ी बूटी को लेकर सीएम के सामने रखी मांगें

**बागेश्वर।** कीवी के क्षेत्र में कार्य कर रहे जनपद के किसानों ने देहरादून सचिवालय में विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया के सहयोग से बैठक की गई। बैठक में किसानों ने अपने अनुभव व जड़ी बूटी के उत्पादन के लिए कई मांग सीएम धामी के सम्मुख रखी। बैठक में किसानों ने जिले के कपकोट के शामा व अन्य क्षेत्रों में हो रहे कीवी उत्पाद को लेकर चर्चा की गई। चर्चा में सीएम धामी ने किसानों के कार्यों की सराहना की। सीएम धामी ने एक जनपद एक उत्पादन में कीवी को शामिल कर काश्तकारों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कपकोट के ग्रामीण कीवी मिशन के माध्यम से स्थानीय किसान स्वरोजगार कर अपनी आर्थिकी बढ़ा रहे है। जो पूरे प्रदेश एवं देश के लिए गर्व की बात है। बैठक में विधायक गढ़िया ने किसानों के साथ मिलकर बागेश्वर कपकोट में गुणवत्ता युक्त नर्सरी, मिट्टी की जांच, सिंचाई व्यवस्था, चैन फिक्सिंग, औषधीय पौधे, कुटकी, मौन पालन, सब्जी बीज उत्पादन आदि को भी प्रोत्साहन के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर किसान पुष्कर सिंह, बलबीर सिंह सहित थे।

## स्वास्थ्य महानिदेशालय व जिला अस्पताल में लगाए गए कम्युनिटी वाटर सिस्टम




■ डीजी हेल्थ डा. सुनीता टम्टा ने जताया पैसिफिक क्रिएटिव सोसायटी का आभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** स्वास्थ्य महानिदेशालय उत्तराखण्ड एवं जिला चिकित्सालय कोरोनेशन देहरादून में बलवन्त सिंह नेगी, चेयरमैन, पैसिफिक क्रिएटिव सोसाईटी (एनजीओ) नई दिल्ली की और से कम्यूनिटी वॉटर सिस्टम लगाये गये। इस पहल का उद्ध्देश्य आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ सुनीता टम्टा ने पैसिफिक क्रिएटिव सोसाईटी के इस योगदान की सराहना करते हुये कहा कि स्वच्छ पानी हर व्यक्ति का मूल अधिकार है। इस तरह की पहल समाज सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती है। उन्होने बलवन्त नेगी के इस योगदान के लिये आभार प्रकट किया।

इस मौके पर बलवन्त नेगी ने बताया कि उनकी संस्था पहले भी विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिये प्रयासरत रहेगी। इस अवसर पर डा सुनीता टम्टा महानिदेशक स्वास्थ्य, डा शैलेन्द्र सिंह कण्डारी, संयुक्त निदेशक, डा वीपी सिंह, सहायक निदेशक व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### एनएपीएसआर ने दून प्रेसिडेंसी स्कूल पर लगाये अभिभावकों को गुमराह करने के आरोप

**देहरादून।** प्रेम नगर स्थित दून प्रेसिडेंसी स्कूल के अभिभावकों की लड़ाई अब नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स (एनएपीएसआर) तक पहुंच चुकी है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया की प्रेम नगर स्थित दून प्रेसिडेंसी स्कूल के अभिभावक पिछले कई महीनों से फीस वृद्धि व अन्य मुद्दों को लेकर स्कूल की मनमानियों की शिकायतें खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिलाधिकारी व मुख्य शिक्षा अधिकारी से करते आ रहे हैं, किसी भी विभाग द्वारा अभी तक कोई संतोषजनक हल नही निकाला गया है ऐसे मे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अभिभावकों की भी दिनचर्या एवं कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं । सभी विभागों मे गुहार लगाने के बाद भी जब सभी तरफ से निराशा हाथ लगी तो वहाँ के अभिभावकों ने एनएपीएसआर से इस सम्बंध मे हस्तक्षेप करने को कहा था जिसके चलते दून प्रेसिडेंसी स्कूल मे एनएपीएसआर द्वारा का कार्यकारिणी गठन किया गया था । एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान के अनुसार स्कूल शिक्षा ने विभाग के साथ किये गए पत्राचारों के माध्यम से अपने जवाबों मे सिर्फ और सिर्फ शिक्षा विभाग और अभिभावकों को गुमराह करने का कार्य किया है । जिसके लिए अब एनएपीएसआर ने जिलाधिकारी,शिक्षा महानिदेशक और मुख्य शिक्षा अधिकारी को विभिन्न बिंदुओं पर जांच करने हेतु पत्र लिखे हैं और चूंकि स्कूल प्रत्येक वर्ष निरंतर फीस व्रद्धि करता आ रहा है तो जब तक कोई ठोस निर्णय नही आ जाता है तब तक स्कूल द्वारा मांगी जाने वाली फीस पर रोक लगाई जानी चाहिए और शिक्षा विभाग एवं अभिभावकों को गुमराह करने हेतु दून प्रेसिडेंसी स्कूल पर पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाई की जानी चाहिए ।

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सात छात्रों ने हासिल किए 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक

**हरिद्वार।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी देश के प्रमुख संस्थान, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक शानदार सफलता की घोषणा की है। हरिद्वार के उत्कृष्ट वेद जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 99.91 पर्सेंटाइल के साथ टॉप स्कोरर बने। हरिद्वार के 6 और छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें शिवांग गुप्ता 99.57 पर्सेंटाइल, पार्थ चौहान 99.54 पर्सेंटाइल,अक्षत चौहान 99.54 पर्सेंटाइल, नमित पंवार 99.51 पर्सेंटाइल, शिवांश वर्मा 99.47 पर्सेंटाइल, आशीष पांडे 99.08 पर्सेंटाइल के साथ शामिल हैं। छात्रों को उनकी इस सफलता के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बधाई दी। उन्होंने कहा जेईई मेन्स 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है। उनकी कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। हम आकाश में हमेशा ऐसे पाठ्यक्रमों पर जोर देते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करें। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरण के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के कई मौके मिलते हैं। जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश का द्वार है, जबकि जेईई मेन्स भारत के विभिन्न राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में कार्य करता है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को नीट और इंजीनियरिंग (जेईई) प्रवेश परीक्षाओं के अलावा, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को बेहतरीन परिणाम दिलाने के लिए जाना जाता है।

# स्कूलों में सुविधा उपलब्ध कराने को अध्यापक सजग रहें, फंड की जिम्मेदारी मेरी:डीएम

■ सरकारी स्कूलों में व्यवस्था ऐसी हो कि बच्चे काम्पलेक्स फील न हो: डीएम ■ परीक्षा को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने को प्रशासन-पुलिस सजग ■ डीएम के प्रोजेक्ट 'उत्कर्ष' से प्रभावित होकर दून पुलिस लेगी एक सरकारी स्कूल को गोद: एसएसपी



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा 2025, विद्यालयों में आपदा प्रबंधन क्षमता संवर्धन और ''प्रोजेक्ट उत्कर्ष'' को लेकर जिलाधिकारी सविन वंसल की अध्यक्षता में सोमवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र (ऑडिटोरियम) गढीकैंट नीम्बूवाला देहरादून में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद के सभी विद्यालयों के प्राधानाचार्य/केंद्र व्यवस्थापक, कस्टोडियन सहित प्राजेक्ट उत्कर्ष से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने सभी केंद व्यवस्थापकों और कस्टोडियन को निर्देशित किया कि उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा को नकल विहीन एवं परीक्षा से जुड़े सभी दायित्वों का त्रुटिरहित निर्वहन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक स्तर पर नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी विद्यालयों को आवश्यक सुरक्षा फोर्स भी उपलब्ध करा दी जाएगी।

विद्यालयों में आपदा प्रबंधन और क्षमता संवर्धन को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे अपना आधा दिन स्कूल में रहते है। ऐसे में विद्यालय परिसर में बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना हम सबका दायित्व है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य और शिक्षकों को निर्देशित कि आपदा प्रबंधन कार्यशाला में आपदा से बचाव के लिए जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे सभी विद्यालयों में बच्चों को सिखाया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी को सभी शिक्षकों को आपदा प्रबंधन को लेकर पूरा प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

बंसल की अभिनव पहल पर देहरादून जिले में प्रोजेक्ट उत्कर्ष संचालित है। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट उत्कर्ष के पहले चरण में विद्यालयों में फर्नीचर, स्मार्ट क्लासेस, वाइट बोर्ड, शुद्वपेयजल, शौचालय, कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी, विद्यालयों में वॉलपेन्टिंग और सौन्दर्यीकरण आदि कार्यो को 94 लाख की धनराशि आवंटित की गई थी। जिससे जनपद के 687 विद्यालयों में 1048 कार्य पूर्ण किए जा चुके है। जिलाधिकारी ने प्राजेक्ट उत्कर्ष के तहत विद्यालयों को दूसरे चरण में एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

जिलाधिकारी ने प्राजेक्ट उत्कर्ष के तहत विद्यालयों में संचालित कार्यो की सराहना की। कहा कि उत्कर्ष प्राजेक्ट का उदेश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक धनाराशि का प्रबंधन किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जिलाधिकारी की पहल पर संचालित प्राजेक्ट उत्कर्ष को सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस प्रोजेक्ट से सरकारी स्कूलों की तस्वीर और यहां पढ़ने वाले बच्चों की तक्कदीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि देहरादून पुलिस भी इस प्रोजेक्ट में अपना पूरा योगदान देगा और जनपद के किसी एक विद्यालय को गोद लेकर प्राजेक्ट उत्कर्ष के तहत स्कूल में सभी संशाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा, विद्यालयों में आपदा प्रबंधन क्षमता संवर्धन और प्रोजेक्ट उत्कर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# चिकित्सा सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध व सुलभ बनाना लक्ष्य: डॉ. मनोज

■ देहरादून के नवनियुक्त सीएमओ ने की मैराथन बैठकें, कहा-मातृत्व स्वास्थ्य के अंतर्गत जच्चा-बच्चा की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता,जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** जनपद देहरादून के नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने सोमवार को कार्यालय में निरंतर बैठकें कर जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा विभिन्न गतिविधियों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि टीम के रूप में कार्य करते हुए जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण, सर्वसुलभ और समयबद्ध बनाने के लिए प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में आने वाला मरीज हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि इसके लिए अवस्थापना विकास एवं मानव संसाधन की समीक्षा की जायेगी तथा प्रयास किया जायेगा कि जनपद के किसी भी चिकित्सालय एवं चिकित्सा इकाई में संसाधनों, चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ की कमी ना हो। मातृत्व स्वास्थ्य की महत्ता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा का सुरक्षित स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता होगा। गर्भवती महिलाओं की एएनसी सेवाओं से लेकर, पोषण, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण एवं नवजात शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा तक हमें हर स्तर पर संवेदनशीलता के साथ इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करना होगा।

जनपद के चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाईयों में तैनात चिकित्सकों एवं स्टाफ को उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों एवं तीमारदारों को चिकित्सालय में सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगी वातावरण उपलब्ध कराया जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समयबद्धता के साथ मरीजों एवं लाभार्थियों के लिए चिकित्सालय एवं कार्यालय में उपस्थित रहें। इससे पूर्व सोमवार को उन्होंने कार्यालय पहुंचकर कार्यालय परिसर का जायजा लिया। प्रत्येक पटल पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्ता की।

## यूको बैंक ने बैठक कर गिनाई अपनी स्कीमें

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित होटल गौतमी हाइट्स में यूको बैंक काशीपुर शाखा द्वारा लघु एवं सूक्ष्म उद्योग. पतियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ यूको बैंक के महाप्रबंधक बिजनेस डेवलपमेंट नई दिल्ली अंबिकानंद झा, अंचल प्रमुख रणधीर कुमार एवं काशीपुर नगर निगम महापौर दीपक बाली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री झा ने स्थानीय उद्योगपतियों व नागरिकों को यूको बैंक काशीपुर शाखा में यूको बैंक की स्कीमों के बारे में बताया गया जिसमें ब्याज दर 8.55 व 8.20 से शुरू है। उन्होंने कहा कि हमारा बैंक हमेशा ही अपने ग्राहकों के हित में तरह-तरह की स्कीमों को उपलब्ध कराता रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की इस एमएसएमई कस्टमर मीट को कराने का उद्देश्य ही अपने पुराने एवं नए ग्राहकों को बैंक की सभी प्रकार की स्कीमों व नीतियों से अवगत कराना है। इस दौरान बैठक में यूको बैंक काशीपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर व जसपुर के ब्रांच मैनेजर उपस्थित रहे।

## महापौर व नगर आयुक्त ने 15 इलेक्ट्रिक कूड़ा वाहनों को दिखाई हरी झंडी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामी बंसल ने नगर निगम परिसर में 15 इलेक्ट्रिक कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई।

नगर निगम देहरादून की ओर से संचालित यह वाहन रिस्पना नदी स्थित मलिन बस्तियों से कूड़ा उठान का कार्य करेंगे। मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण की दिशा में निगम का यह महत्वपूर्ण कदम होगा। नगर आयुक्त नमामी बंसल ने कहा कि रिस्पना नदी क्षेत्र के आसपास आबादी क्षेत्र में सफाई जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

नगर निगम देहरादून, भविष्य में इन इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त, राजबीर सिंह चौहान, समस्त मुख्य सफाई निरीक्षक/सफाई निरीक्षक, आदि मौजूद रहे।

# क्लाईमेट चेंज का असर: 30 से 50 फीसदी पेड़-पौधों की प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर

■ कनाडाई प्रोफेसर प्रो. प्रवीन कुमार सक्सेना का श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में व्याख्यान आयोजित , कहा - आने वाले दस साल बहुत महत्वपूर्ण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के पथरीबाग कैंपस के सभागार में बायो डावर्सिटी को लेकर सोमवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें गोस्लिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर प्लांट प्रिजर्वेशन (ग्रिप) के डायरेक्टर एवं ग्वैल्फ विश्वविद्यालय कनाडा के प्लांट एग्रीकल्चर विभाग के प्रो. प्रवीन कुमार सक्सेना ने पेड़ पौधों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 साल बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसमें 30 से 50 फीसदी वनस्पतियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं।

उन्होंने कहा कि सैपलिंग या क्लोन तकननीक से लुप्त होने वाले पौधौं को बचाया जा सकता है।

इस तरह के सफल प्रयोग हमारे विश्वविद्यालय में हुए हैं। अमेरिकन ऐल्म ट्री 1950 के दौरान बहुत था ,लेकिन बाद में डेड हो गया। 97 प्रतिशत तक खत्म हो गया था। लेकिन बाद मे क्लोन तकनीक से यह दोबारा पुनर्जीवित किया गया। यही नहीं उनके यहां 107 साल पुराने अमेरिकन एल्म का क्लोन बनाया गया और इसके 200 ट्रीज प्लांट किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि बायो डावर्सिटी बचाने के लिए हमारे पास केवल 10 साल हैं। सिक्स मास एक्सटिंगसन के कारण 30-50 प्रतिशत प्लांट क्लाइमेट बदलाव के कारण मर रहे हैं। प्लांट ग्रोथ और बायोडावर्सिटी को बचाना है, इसी के कारण वह एसजीआरआर विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि सीपीआर मॉडल से प्लांट रि-जेनरेट कर सकते हैं।

व्याख्यान का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद सकलानी, प्रो. जेपी पचौरी, रजिस्ट्रार डॉ. लोकेश गंभीर, एग्रीकल्चरल साइंसेज की डीन प्रो. प्रियंका बनकोटी, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो. मालविका सती कांडपाल, प्रो. द्वारका प्रसाद मैठानी सहित बड़ी संख्या में फैकल्टी सदस्य और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम पर चल रही बातचीत

**देहरादून।** एसजीआरआर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद सकलानी ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच स्टूडेंट एक्सचेंज को लेकर बातचीत चल रही है। उम्मीद है जल्द सकारात्मक नतीजे मिलेंगे। ग्वैल्फ विश्वविद्यालय (कनाडा) के प्रो. सक्सेना ने भी कहा कि उन्हें यहां काफी सकारात्मक मौहौल लग रहा है उम्मीद है जल्दी ही सकारात्मक निर्णय सामने आएगा। प्रो. सक्सेना ने आध्यत्म और योग में भी अपनी रूचि जाहिर की। उन्होंने बताया वह अपने विश्वविद्यालय में एमओयू को लेकर प्रस्ताव भेजेंगे। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय का फार्महाउस भी देखा।

## जनता दरबार में 19 समस्याओं का समाधान

**बागेश्वर।** सोमवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में तहसील सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने 19 समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए और जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, उन्हें तय समय के भीतर हल किया जाए। जनता दरबार में गोगिना के ग्रामीणों ने अध्यापकों की नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग की, जबकि अन्य फरियादियों ने विभिन्न मुद्दों पर शिकायतें दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद, जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन और हैलो बागेश्वर की समीक्षा की और लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीडीओ, सीएमओ, एसडीएम, अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# तस्मिया जूनियर हाई स्कूल का 33वां वार्षिक दिवस मनाया गया



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** तस्मिया जूनियर हाई स्कूल ने अपने 33वें वार्षिक दिवस समारोह को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों और प्रेरक भाषणों का एक उल्लेखनीय मिश्रण था जिसने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को समान रूप से प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक छात्र प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई, जहाँ युवा दिमागों ने वैज्ञानिक मॉडल, कलाकृति व रचनात्मक परियोजनाएँ प्रदर्शित कीं। मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. अफरोज-उल-हक (कुलपति, एच.ए. विश्वविद्यालय, इम्फाल) और विशिष्ट अतिथि, डॉ. आई.पी. पांडे (पूर्व इसरो वैज्ञानिक) का डॉ. एस. फारूक (अध्यक्ष, तस्मिया अखिल भारतीय शैक्षिक और सामाजिक कल्याण सोसायटी, नई दिल्ली) ने सराहना के प्रतीक के रूप में गुलदस्ते, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण क्षण स्कूल की वार्षिक पत्रिका नूर का विमोचन था, जो छात्रों और शिक्षकों की साहित्यिक और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करती है।

स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट जावेद मजहर (कार्यवाहक प्रिंसिपल, तस्मिया जूनियर हाई स्कूल) द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें पिछले वर्ष के दौरान स्कूल की प्रगति, उपलब्धियों और पहलों पर प्रकाश डाला गया।

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहन के रूप में ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 1,000 रुपये का चेक दिया गया। 100% उपस्थिति पुरस्कार - पूरे वर्ष पूर्ण उपस्थिति बनाए रखने वाले छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, जो समर्पण और समय की पाबंदी के महत्व को पुष्ट करता है।

शिक्षक पुरस्कार - मौलाना शौकत कासमी, जुबैर अहमद और जावेद मजहर को पूरे वर्ष उनकी निरंतर उपस्थिति के लिए विशेष सम्मान दिया गया।

अतिथि, डॉ. आई. पी. पांडे (पूर्व इसरो वैज्ञानिक): वैज्ञानिक जिज्ञासा और कड़ी मेहनत सफलता की सीढ़ियाँ हैं। छात्रों को उच्च लक्ष्य रखना चाहिए और अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर तलाशना चाहिए। मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. अफरोज-उल-हक (पूर्व कुलपति, एच.ए. विश्वविद्यालय, इम्फाल): षशिक्षा एक प्रगतिशील समाज की नींव है। डॉ. एस. फारूक (अध्यक्ष, तस्मिया सोसायटी, नई दिल्ली) ने अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और सम्मान के महत्व पर जोर दिया।

# हंगामे की भेंट चढ़ी नगर निगम बोर्ड की पहली बैठक

## मतदाता सूची से नाम काटे जाने की जानकारी मांगने पर हुआ हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम, हरिद्वार की पहली बैठक सोमवार को मेला नियंत्रण कक्ष के सभागार में बुलाई गई। नगर निगम बोर्ड की पहली बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में कांग्रेस पार्षदों के नगर निगम चुनाव में वार्डों में मतदाता सूची में लोगों के नाम काटने को लेकर नगर निगम अधिकारियों से जवाब मांगने पर भाजपा पार्षदों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। दोनों ओर से जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला और जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच बहुमत के आधार पर हाथ उठवाकर प्रस्ताव पास कराकर मेयर समेत सभी भाजपा पार्षद बैठक से बाहर निकल गए। जिसका कांग्रेसी पार्षदों ने जमकर विरोध किया और सभागार के बाहर धरने पर बैठ गए।

नवनिर्वाचित नगर निगम बोर्ड की विधिवत पहली बैठक सोमवार को सीसीआर में हुई। बोर्ड बैठक से पूर्व पूर्व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ मेयर किरण जैसल और पार्षदों ने बैठक की और अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराकर समाधान करने की बात की। लेकिन जैसे ही बैठक शुरु हुई कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम चुनाव में मतदाता सूची से लोगों नाम गायब होने के मुद्दे को उठाते हुए मेयर किरण जैसल से सहायक नगर आयुक्त द्वारा इस विषय पर सदन को जानकारी दिए जाने की मांग की। इसी बीच एक भाजपा पार्षद ने कांग्रेस पार्षदों को टोकते हुए कोर्ट जाने और बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा करने की बात करने पर कांग्रेसी पार्षदों ने जमकर हंगामा काटा।



मेयर किरण जैसल के कहने पर भी कांग्रेस पार्षद नहीं माने। अंत में रानीपुर विधायक के प्रतिनिधि के रुप में सदन में बैठे भाजपा नेता कन्हैया खेवड़िया ने प्रस्तावों पर हाथ उठाकर सहमति मांगी। सहमति के लिए हाथ उठने के बाद मेयर और भाजपा के पार्षद सदन से बाहर चले गए। जबकि इस प्रकार प्रस्तावों को बिना पढ़े पास कराये जाने से खफा कांग्रेस पार्षदों ने सीसीआर परिसर में धरना देकर विरोध दर्ज कराया। विरोध करने वालों में कांग्रेसी पार्षद महावीर वशिष्ठ, हिमांशु गुप्ता, सोहित सेठी, विवेक भूषण, अंजू, सुनील कुमार, नौमान अंसारी, सुमित त्यागी, अरशद ख्वाजा, नीलोफर अंसारी आदि शामिल रहे।

बैठक के बाद मेयर किरण जैसल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जनहित के सभी प्रस्तावों को बैठक में पास किया गया है। जिसमें साफ सफाई, घाटों की सफाई आधुनिक स्वच्छता उपकरणों से कराने, नगर पालिका परिषद के अस्तित्व में रहते तैयार किए गए उपनियमों के सादृश्य नगर निगम की वर्तमान स्थिति के अनुरूप उपनियम तैयार करने और उनका अनुपालन सुनिश्चित करने, नालों की सफाई प्रमुख हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद महावीर वशिष्ठ ने कहा कि बैठक में मतदाता सूची से नाम काटे जाने के संबंध में एमएनए से सवाल पूछे जाने पर भाजपा पार्षदों ने हंगामा कर दिया। बार-बार पूछे जाने पर भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला।

# अवैध शराब और सट्टे के धंधे में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस ने अवैध शराब और सट्टे के धंधे में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब के 40 टैट्रा पैक बरामद किए हैं। मादक पदार्थो की तस्करी और बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान हरिहर चौक के समीप से गिरफ्तार किए गए आरोपी प्रमोद पुत्र विमलेश निवासी परेली पाली रदेई उत्तर प्रदेश हाल निवासी भूपतवाला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है।

इसके अलावा ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अंशुल



उर्फ लाला पुत्र विनोद कुमार निवासी सुभाष नगर के कब्जे से सट्टा पर्ची, पैन, डायरी व 1325 रूपए की नकदी बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समाजसेवी संजय खटाना ने लगाए पेयजल निगम में भ्रष्टाचार के आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समाजसेवी संजय खटाना ने उत्तराखंड पेजयल निगम में टेंडर दिए जाने में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए संजय खटाना ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड पेयजल निगम की जांच समिति ने जिस कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति की थी। बाद में उसी कंपनी को टेंडर दे दिया गया। इसकी जांच होनी चाहिए। खटाना ने कहा कि इसका खुलासा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी सूचना से हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड पेयजल निगम में टेंडर दिए जाने में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अधिकारी अपने पद का दुरूपयोग कर अपनी चहेती कंपनियों को ठेके दे रहे हैं। नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। एक मद से दूसरी मद के कार्यो का भुगतान किया जा रहा है। टेंडरों को निरस्त कर वर्क आर्डर द्वारा कार्यो को कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन की तमाम योजनाओं में अनियमितताएं बरतते हुए अपने चहेते ठेकेदारों को कार्य दिए गए हैं। उच्चाधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। खटाना ने कहा कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली के चलते सरकर पर भी सवाल उठ रहे हैं।




# समान नागरिक संहिता से समाज में बढ़ेगा सौहार्द्र: अजय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विश्व हिन्दू परिषद के अपर रोड़ स्थित सेठ मुरलीमल धर्मशाला में प्रांत कार्यालय में समान नागरिकता कानून के संबंध में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा कि समान नागरिक संहिता से समाज में सौहार्द बढ़ेगा। इस कानून का उद्देश्य धर्म समुदायों पर आधारित असमान कानूनी प्रणालियों को समाप्त कर धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। इससे विभिन्न धार्मिक प्रथाओं के आधार पर मौजूद असमानताओं और संघर्षों में कमी आएगी। लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। समाज में सामंजस्य और एकीकरण आएगा। यह कानून धर्म, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव किए बिना लागू होगा। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर देना है। आज समय की महती आवश्यकता है कि संपूर्ण देश में सामान नागरिकता कानून लागू किया जाए। अजय कुमार ने कहा कि हिंदू के नाते हम अपने धर्म का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारे मन में अन्य धर्मों या आस्थाओं के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है। एक समुदाय से संबंधित विवाह, तलाक, इद्दत और विरासत के संबंध में समान नागरिक संहिता 2024 के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जिसमें उन्होंने कहा कि यूसीसी भारत के संविधान के अनुच्छेद-25 का उल्लंघन करता है। यूसीसी की धारा-390 मुस्लिम समुदाय के सदस्यों के विवाह, तलाक, विरासत के संबंध में रीति-रिवाजों और प्रथाओं को निरस्त करती है। आज हिंदू धर्म में अस्पृश्यता जैसी अनेक कुप्रथाओं को समाप्त कर दिया गया हैं, परंतु समुदाय विशेष में कई पत्नियां रखने की प्रथा को अनुमति दी जा रही है। हिंदू धर्मग्रंथों में महिलाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है, परंतु समुदाय विशेष के लोग आज भी कई पत्नियां रखने, हलाला करने, तीन तलाक का अधिकार मांगते हैं। इसलिए न्यायसंगत है कि नागरिक कानूनों में भी सुधार कर उनको एकीकृत किया जाना चाहिए। संप्रदाय विशेष के लोगों को भी अपनी गलतियों को स्वीकार कर उन्हें सुधारने के लिए आगे आना चाहिए। अगर हम सदियों से अनेकता में एकता का नारा लगाते आ रहे हैं तो संविधान में भी एकरुपता से आपत्ति क्यों हैं, एक संविधान वाले देश में लोगों के निजी मामलों में भी एक कानून होना चाहिए। अजय कुमार ने कहा कि संविधान नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। उत्तराखण्ड राज्य में समरुपता स्थापित करने के लिए एक प्रकार के कानून, विधि व्यवस्था, रीति रिवाज, विवाह आदि संस्कारों में एक ही प्रकार के नियम लागू होंगे। जिससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती प्राप्त होगी। हमने कभी किसी के अधिकारों का शोषण नहीं किया वरन अधिकार देने की या दूसरों के अधिकारों का संरक्षण करने की मानवोचित प्रवृत्ति को आत्मसात कर मानवता का संरक्षण किया है। इसी सोच और पवित्र भावना के कारण भारत प्राचीन काल से ही समान नागरिक संहिता का समर्थक ही नहीं बल्कि संस्थापक देश रहा है। बैठक में प्रमुख रुप से प्रांत कार्यालय प्रमुख वीरसेन मानव, बलराम कपूर, भूपेंद्र सैनी, प्रजीत, कमल उनियाल, गोपाल भारद्वाज, अजय जोशी, सोनू कुमार, दीपक तालियान, रोहित शास्त्री आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्याख्यान में छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार के भौतिकी विभाग के रमन सभागार में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष प्रो. एल.पी. पुरोहित व डा. पवन कुमार ने भौतिकी विभाग के शिक्षकों के साथ कुलपति प्रो. हेमलता के. एवं सेन्ट्रल कनेक्टिकट स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका के प्रो. राहुल सिंघल का स्वागत किया। डा. पवन कुमार ने प्रो. राहुल सिंघल के बारे में जानकारी दी। प्रो. राहुल सिंघल ने "इफेक्ट ऑफ कार्बन मैटेरियल ऑन इलेक्ट्रो केमिकल प्रॉपर्टीज ट्राजिसन मेटल ऑक्साइड एण्ड सलफाईड" विषय पर व्याख्यान दिया। उसमें इन्होंने कनेक्टिकट स्टेट यूनिवर्सिटी में होने वाले शोध बायोचार, कैपेसिटी, सुपर कैपेसिटर आदि के विषय में जानकारी प्रदान की। जिसमें सभी बी. एस-सी., एम.एस-सी. एवं शोध छात्र/छात्राओं ने बडी ही रुची के साथ भाग लिया। प्रो. राहुल सिंघल ने बी.एस-सी., एम. एस-सी. एवं शोध छात्र/ छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिये। भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एल.पी. पुरोहित ने प्रो.राहुल सिंघल एवं सदन में उपस्थित सभी आगंतुकों का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन शान्ति पाठ के साथ किया। इस कार्यक्रम में डा. पंकज कुमार पाल, डा. राजीव सक्सेना, डा. धर्मवीर, डा. सागर, डा. नेहा बत्रा एवं डा. महिमा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर शोध छात्र विवेक धुलिया, आकाश रावत, अजय, पूजा, शुभम, सूर्य प्रताप, अक्षय नौटियाल, विशाल आदि उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ पत्रकार को अदालत से मिली बड़ी राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुरानी करेंसी मामले में अदालत की कार्रवाई का सामना कर रहे वरिष्ठ पत्रकार रुपेश वालिया सहित अन्य लोगों को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हरिद्वार सीजेएम कोर्ट ने पुरानी करेंसी मामले में आईपीसी की धारा 420 और 120 बी, 511 के अपराध में उन्मोचित करने का आदेश दिया है। पुलिस ने 2022 में गंभीर धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर रूपेश वालिया सहित अन्य छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**कोर्ट ने पुरानी करेंसी मामले में धोखाधड़ी आपराधिक षड्यंत्र की धाराएं खारिज की**

बचाव पक्ष के वकील चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र को आरोप तय करने के स्तर पर चुनौती दी गई थी। क्योंकि धोखाधडी और आपराधिक षड़यंत्र जैसे कोई आरोप बनते नहीं थे। उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने बचाव पक्ष की दलीलों को सही मानते हुए रुपेश वालिया सहित सभी छह लोगों को धारा 420, 120बी और 511 से उन्मोचित कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने पुरानी करेंसी मामले में विनिर्दिष्ट बैंक नोट्स अधिनियम 2017 की धारा 5/7 के अंतर्गत आरोप विरचित किए जाने का पर्याप्त आधार माना है, जिसमें सिर्फ जुर्माने की कार्रवाई बनती है। इस मामले में भी हम कोर्ट में अपना पक्ष रखने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन कोर्ट ने सभी को बड़ी राहत देते हुए गंभीर धाराओं को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि 16 जनवरी 2022 को पुलिस ने चार करोड़ पैंतालीस हजार रुपए के पुराने नोट बरामद करते हुए रुपेश वालिया सहित अन्य छह लोगों को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

# दूसरी बार पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुए राजीव शर्मा का क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए राजीव शर्मा का क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। यह पर्वतीय बंधु समाज तथा नवोदय नगर के गार्गी एन्क्लेव और बद्री विशाल पुरम में क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित समारोह में समाज के प्रतिष्ठित लोगों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की सराहना की।

पर्वतीय बंधु समाज के सचिव ने राजीव शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा नगर के विकास में किए गए अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है कि वह दूसरी बार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बने हैं। उनकी कार्यशैली और क्षेत्र के प्रति समर्पण ने उन्हें सभी की नजरों में एक आदर्श नेता बना दिया है। हम आशा करते हैं कि उनका नेतृत्व और ज्यादा मजबूती के साथ नगर के विकास में योगदान देगा। समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजीव शर्मा ने हमेशा समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है। खासकर साफ-सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था, निर्माण कार्यों, चौक-चौराहों का निर्माण और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता। राजीव शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों से मिल रहा प्रेम और समर्थन उनके लिए गर्व और प्रेरणा का कारण है। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर सफलता केवल मेरी नहीं बल्कि पूरे नगर की सफलता है। मेरे लिए यह एक जिम्मेदारी है, और मैं इसे ईमानदारी से निभाऊंगा। मुझे विश्वास है कि हम सभी मिलकर शिवालिक नगर को एक आदर्श नगर बनाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गौरव गुजर, सभासद दीपक नौटियाल, श्वेता सिंह, पवन सैनी, सचिन त्यागी, पूर्व सभासद पंकज चौहान, संचित डागर, सुधांशु राय, मुकेश रावत, बलवंत रावत, प्रवीण चमोली, देवेन्द्र कंडारी, सुरेश चन्द्र बलोदी, देवेन्द्र मंमगई, दिनेश चंद्रा, रणजीत बिष्ट, रत्नमणि भट्ट, महावीर गुंसाई, जितेन्द्र रावत, नीलम रावत, दीपा, जितेन्द्र बडोला, बच्ची सिंह, तेज सिंह, नरोत्तम गोसाईं, केवल बिष्ट, संदीप मैथानी, भूपेंद्र जोशी पार्षद नगर निगम अल्मोड़ा, नीरज प्रेमी, निपेंदर शर्मा, सुभाष अरोरा, मुकेश सेमवाल, अनिल नेगी, रमेश चंद्र वोरा, शिप्रा बंसल, गौरी राघव, नीमा वोरा, चौधरी कामेनदर, रोहित शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा गणेश विहार, प्रमोद तिवारी, वलवंत सिंह जीना, प्रेम प्रकाश भट्ट, महादेव नौटियाल, संतोष निगम, उदयवीर, उपेन्द्र पोखरियाल, गौरव वर्मा, नरेश कुमार, भरत रावत, जीएन शर्मा, जितेन्द्र नेगी व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# प्रयागराज महाकुंभ से लौटे स्वामी रामेश्वरानंद से भक्तों ने लिया आशीर्वाद



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रयागराज महाकुंभ से वापस हरिद्वार लौटे महामंडलेश्वर बाल संत स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज का उनके कनखल सन्यास मार्ग स्थित आवास पर भक्तों ने उनका स्वागत कर आशीर्वाद लिया। महामंडलेश्वर वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कुंभ की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या पर सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता पर प्रकाश डालते हुए स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने युवाओं से सनातन और वैदिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। नरेश शर्मा ने कहा की गुरु के चरणों में ही सच्ची भक्ति होती है। गुरुजनों के आशीर्वाद से ही मानव जीवन और समाज का कल्याण होता है। इस अवसर पर नरेश शर्मा, अनिल सती, ममता सिंह, संजू नारंग, खालिद हसन, रविन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार ने माल्यार्पण कर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया।

# असाध्य रोगों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है मर्म चिकित्सा: डा. सुनील जोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चिकित्सा को समर्पित संस्था मृत्युंजय मिशन के तत्वाधान में एवं उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डा.सुनील जोशी के सानिध्य में देश-विदेश से आए एलोपैथिक आयुर्वेदिक एवं योग साधक आयुर्वेद चिकित्सा में मुख्य स्थान रखने वाली विलुप्त हो गई चिकित्सा पद्धति मर्म चिकित्सा विज्ञान के विषय में जानकारी ले रहे हैं। देश-विदेश से आए जिज्ञासु, चिकित्सक, योगाचार्यों को मर्म चिकित्सा के विषय में जानकारी देते हुए डा.सुनील जोशी ने बताया कि मर्म चिकित्सा हमारे वेदों में निहित ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो मानव शरीर में स्थित मर्म बिंदुओं को उत्प्रेरित कर असाध्य रोगों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उन्होंने कहा कि जब एलोपैथिक चिकित्सा काम करना बंद कर देती है या उसके साइड इफेक्ट्स होने के कारण मरीज असाध्य रोगों से ग्रसित हो जाता है। तब मानव शरीर में स्थित मर्म बिंदुओं को जागृत कर मानव शरीर में छुपी हुई अंतर ऊर्जा को प्रवाहित कर असाध्य रोगों का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो विलुप्त हो गई थी। जिसका जिक्र हमारे आयुर्वेद ग्रंथों में निहित है। डा. सुनील जोशी ने बताया कि मर्म चिकित्सा दुष्प्रभाव रहित बिना किसी दवा के सेवन के असाध्य रोगों में चमत्कारिक रूप से असर करती है। वर्तमान समय में जब मनुष्य विभिन्न रोगों से ग्रसित होकर एलोपैथी में ही विभिन्न बीमारियों का निदान ढूंढता है। तब हमारे ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित की गई मर्म चिकित्सा बिना किसी दवा के प्रयोग के निःशुल्क इलाज के रूप में देश-विदेश में अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त कर रही है। मर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर के संयोजक मयंक जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर 6 दिन का है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी आकर मर्म चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



# सैनी समाज के पार्षद व सभासदों का स्वागत किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के पांडे वाला में सैनी समाज द्वारा हाल ही में संपन्न हुए निकाय चुनाव में समाज के निर्वाचित पार्षदो एवं सभासदों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हरिद्वार नगर निगम के वार्ड 47 पांडे वाला से आदेश सैनी, वार्ड 45 तपोवन नगर से योगेंद्र सैनी एवं नगर पालिका शिवालिक नगर से नूतन वर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यशवंत सैनी ने कहा कि जिस उम्मीद से क्षेत्र की जनता ने आप पर विश्वास किया है। उस पर खरा उतरने का प्रयास करें एवं वार्ड के प्रत्येक नागरिक से समान भाव रखते हुए विकास कार्य कराएं। पार्षद आदेश सैनी एवं सभासद नूतन वर्मा ने कहा कि वार्ड की जनता ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उसका निष्ठपूर्वक निर्वहन करते हुए क्षेत्र के विकास में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम संयोजक विजय सैनी एवं आनंद ठेकेदार ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रमोद सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिनेश वर्मा, अरविंद सैनी, अर्चना सैनी, दीपा सैनी, सिया देवी, मोहनलाल ठेकेदार, नरेश कुमार सैनी, महेंद्र सिंह, इंदर सिंह सैनी, डा.प्रदीप कुमार, विश्वास कुमार, संजय चौहान, नरेश कुमार सैनी, लाल सिंह सैनी, धर्मेंद्र कुमार, पूर्व प्रत्याशी संदीप सैनी, मनोज कुमार, पवन सिंह सैनी, अनिरुद्ध सिंह सैनी, अनिकेत सैनी, सुभाष सैनी, प्रमोद सैनी, अनुज कुमार सैनी, संदीप कुमार, सुधीर कुमार सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा भाई फैश मुहम्मद व उसकी पत्नी संजना हाल निवासी टीन मार्किट, ब्रह्मपुरी, रावली महदूद, सिडकुल, हरिद्वार से उसके गलत आचरण के चलते अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेने-देने की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। फखरूद्दीन पुत्र महसर अली, स्थाई निवासी ग्राम खएटा, थाना मैलानी, जनपद खीरी, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी द्वारा पप्पु चौहान, रावली महदूद, थाना सिडकुल, हरिद्वार।

# मेयर ने 8 नम्बर में हटवाया अतिक्रमण

## नगर आयुक्त के नेतृत्व में टीम ने नालियों के ऊपर से अवैध निर्माण व छज्जे तोड़े

### लोगों के विरोध करने पर पुलिस ने बलपूर्वक हटाया





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सोमवार को शाम चार बजे निगम की जेसीबी ने बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया। मौके पर मेयर गजराज बिष्ट भी थे। कार्यवाही के दौरान हल्का विरोध भी हुआ जिसका सामना पुलिस फोर्स ने किया और कार्यवाही अंजाम तक पहुंची। लाइन नम्बर आठ में अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। मेयर ने स्पष्ट कह दिया है कि अतिक्रमण शहर की खूबसूरती पर धब्बा है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में निगम की टीम शाम लगभग 4 बजे दो जेसीबी के साथ बनभूलपुरा लाइन नंबर 8 पहुंची और यहां जिन लोगों ने अपने घरों और दुकानों के आगे नालियों के ऊपर अवैध निर्माण किया था, उसे जेसीबी से ध्वस्त किया गया। साथ ही घरों व दुकानों के आगे अवैध तरीके से बढ़ाए गए छज्जों को भी तोड़ा गया। निगम की टीम ने जैसे ही अतिक्रमण तोड़ना शुरू किया, तो लोगों का हुजूम इकठ्ठा हो गया। इस दौरान लोगों ने विरोध किया लेकिन पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें यहां से हटा दिया। पूरे अभियान के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ जेसीबी के आगे-पीछे घूमती नजर आई जिस पर बनभूपुरा एसओ नीरज भाकुनी ने उन्हें लाठी फटकार कर पीछे हटाया। लोगों के अंदर अभियान को लेकर गुस्सा था, लेकिन वे खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे थे। वहीं, कुछ लोगों ने निगम के अभियान को सही ठहराया। एक तरफ निगम की टीम सड़क पर अभियान चला रही थी। वहीं, दूसरी तरफ महिलाएं और बच्चों के मायूस चेहरे घरों की छतों से इस पूरे नजारे को टकटकी लगाकर देख रहे थे। साथ ही कई लोग घरों की खिड़की व दरवाजों से मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। इधर, नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम की ओर से पिछले 15 दिनों से शहर में जगह-जगह अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चला रहा है। इसी के तहत लाइन नंबर 8 में नालियों के ऊपर अवैध निर्माण तोड़ा जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों से अतिक्रमण को स्वयं हटाने और शहर को साफ-सुंदर रखने की अपील की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि शहर में आगजनी की घटना होने पर कबाड़ की दुकानों में लगी आग को काबू करने में दिक्कतें होती हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर आबादी क्षेत्र में स्थित कबाड़ की दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। उन्होंने सभी लोगों से दो दिन में अपनी दुकानों को शिफ्ट करने को कहा है।

### रोने लगा दुकानदार, पार्षद ने खुद हटाया अतिक्रमण

बनभूलपुरा लाइन नंबर 8 में अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान एक व्यक्ति अपनी दुकान के शटर का एक हिस्सा टूटने पर विरोध करने लगा और जेसीबी के आगे आ गया। जिसपर पुलिस उसे वहां से हटाने लगी तो वह व्यक्ति नगर आयुक्त ऋचा सिंह के आगे हाथ जोड़कर रोने लगा। हालांकि ऋचा सिंह ने कार्रवाई का हवाला देकर उस व्यक्ति को समझाया। वहीं, निगम की टीम अवैध निर्माण के विरुद्ध अभियान चला रही थी। इसी दौरान कार्रवाई का नजारा देखकर कई लोग हरकत में आ गए और स्वयं अपना अतिक्रमण तोड़ने में लग गए। लाइन नंबर 8 में नगर निगम के वार्ड 21 के निर्दलीय पार्षद की दुकान भी है। जेसीबी के ध्वस्तीकरण से बचने के लिए पार्षद व उसके लोग दुकान के आगे लगाए गए अवैध छज्जे को स्वयं ही हटाने लगे और जेसीबी के दुकान तक पहुंचने से पहले ही उन्होंने इसे तोड़कर हटा दिया।

## गौला नदी में मजदूरी कर रहे मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गौला नदी में मजदूरी कर रहे एक मजूदर की अचानक तबियत खराब हुई और उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से शाहजहांपुर थाना निगोही निवासी 45 वर्षीय राधेश्याम पुत्र बनवारी लाल कुछ दिन पहले ही अपने परिवार के साथ हल्द्वानी में आकर रहने लगा। बताया जा रहा कि राधेश्याम अपनी पत्नी और परिवार के साथ गौला नदी में चुगान का काम करता था और वहीं झोपड़ी बनाकर रहता था। बताया जा रहा कि बीते रविवार को जब वह नदी में मजदूरी कर रहा था, उसे अचानक सीने में दर्द उठा। राधेश्याम की तबियत बिगड़ती देख परिजन उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाए। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जीएसटी विभाग ने व्यापारियों के लिए लगाया शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जीएसटी विभाग की टीम ने सोमवार को रामलीला मैदान में व्यापारियों को जीएसटी के तहत ब्याज एवं माफी योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एक विशेष शि. विर का आयोजन किया। इस शिविर का नेतृत्व कर रहे सहायक आयुक्त जीएसटी, कमल किशोर जोशी ने बताया कि सरकार ने जीएसटी के अंतर्गत धारा 73 के मामलों में कर जमा कर दिए जाने की स्थिति में व्याज और अर्थदंड की माफी संबंधी योजना लागू की है। इस योजना का लाभ व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए ही यह शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में दोपहर तक 35 से अधिक व्यापारी पहुंचे और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। शिविर में व्यापारियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें इसका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान राज्य कर अधिकारी अश्विनी कर्णवाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## यूपीसीएल एमडी का पुतला दहन

### स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिजली दामों का विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिजली के बढ़ते दाम और स्मार्ट मीटर लगाने की योजना के खिलाफ सुराज सेवा दल के सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ तिक. ोनिया स्थित बुद्धपार्क में यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि यूपीसीएल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है और इसकी कीमत उपभोक्ताओं को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली के दाम बढ़ रहे हैं और स्मार्ट मीटर लगाने की योजना दूरगामी समय में बिजली विभाग के निजीकरण की शुरुआत है। शर्मा ने आरोप लगाया कि यूपीसीएल के एमडी अनिल यादव उत्तराखंड की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। शर्मा ने कहा सचिव ऊर्जा अपने बयान में कह रहे हैं कि यह प्रीपेड स्मार्ट मीटर है, जबकि अनिल यादव कह रहे हैं कि ऐसी कोई योजना नहीं है। सरकार पहले इसे घर-घर में जबरन लगवाएगी और फिर ऊर्जा विभाग को निजीकरण करते हुए प्राइवेट हाथों में दे देगी। उन्होंने मांग की कि अगर मीटर बदलने हैं, तो शुरुआत कारखानों और उद्योगपतियों के घरों से की जानी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में सुराज सेवा दल के जिलाध्यक्ष डीके भट्ट, मंडल उपाध्यक्ष अमित चौहान, शशि सिंह, अंग्रेज सिंह, विजय पाठक, नितिन कोहली, कुमाऊं महिला प्रभारी सुनीता भट्ट, पवन बिष्ट, गणेश रावत, कमल धामी आदि मौजूद रहे।

## नशे में धुत बस और टैक्सी चालकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दोनो वाहन सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चैकिंग के दौरान पुलिस ने परिवहन निगम की सवारियों से भरी बस और एक टैक्सी में नशे में धुत चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, तो वहीं परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए बस चालक को निलंबित कर दिया और टैक्सी चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज किया। पुलिस के अनुसार मंडी चौकी प्रभारी प्रेम विश्वकर्मा रविवार रात तीनपानी में चेकिंग के दौरान हल्द्वानी डिपो की बस संख्या यूके07पीए-5111 को रोका गया, जिसमें चालक चंदन राम शराब के नशे में धुत पाया गया। पुलिस ने तुरंत सवारियों को दूसरी बस से भेजा और बस को सीज कर चालक का मेडिकल कराया। उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके साथ ही भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने भी चेकिंग के दौरान हल्द्वानी से बागेश्वर जा रही टैक्सी यूके02टीए-2313 को रोका, जिसमें चालक कैलाश राम शराब के नशे में था। टैक्सी में आठ यात्री सवार थे। जिनको सुरक्षित रूप से दूसरी व्यवस्था की गई। पुलिस ने कैलाश राम को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया। वहीं हल्द्वानी डिपो के एआरएम संजय पांडे ने बताया कि बस चालक को निलंबित कर दिया गया है।

## बनभूलपुरा से नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की घर से काम पर निकली और फिर लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर नाबालिग का पता लगाने की मांग की है। गफूर बस्ती वार्ड नंबर-24 निवासी पीड़िता की मां ने गोपा पत्नी कालीचरण ने बताया कि 16 फरवरी को दोपहर करीब तीन बजे उनकी नाबालिग बेटी घर से झाड़ू-बर्तन का काम करने के लिए निकली थी, लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने खुद अपनी ओर से लड़की की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने यह भी बताया कि नाबालिग अपनी साथ मोबाइल लेकर गई थी, लेकिन अब उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुलिस ने मां की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

## खुद को जय शाह बताया, विधायक सरिता को भी मंत्री बनवाने का ऑफर आया

**नैनीताल।** नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या से मंत्री बनाने की बात कहकर फंड मांगने का मामला सामने आया है। अज्ञात ठगों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बेटा बनकर विधायक को कई फोन किए। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि विधायक सरिता आर्य के जनसंपर्क अधिकारी सीएस गरवाल ने तल्लीताल थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि बीते 13 फरवरी को विधायक सरिता आर्या को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बेटा जय शाह बताया। जिसने विधायक को मंत्री बनाने की बात कही। अज्ञात व्यक्ति की ओर से कहा गया कि मणिपुर में व्यस्तता के कारण पापा अमित शाह व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व्यस्त हैं। जिस कारण उत्तराखंड के निर्णय लेने की जिम्मेदारी उनको सौंपी है। कहा कि राष्ट्रीय खेलों के समापन के लिए गृहमंत्री हल्द्वानी आ रहे हैं, तब तक आप दिल्ली आ जाएं। कार्यालय में पार्टी फंड जमा करने के बाद 14 फरवरी की शाम केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उनकी बैठक आयोजित की जाएगी। जिस पर विधायक को ठगी का अहसास हुआ। सरिता आर्य के जनसंपर्क अधिकारी ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 220 लोगों को बेच दी सीलिंग भूमि

### कुमाऊं आयुक्त ने जांच के आदेश दिए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैम्प कार्यालय में आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सड़क, लोन आदि से सम्बन्धित आई। जनसुनवाई में काशीपुर, सीतारामपुर लोगों ने बताया कि उन्होंने महेश शर्मा एवं बिल्डर्स से 220 लोगों ने वर्ष 2012 में प्लाट खरीदे। लेकिन भूमि सीलिंग की होने के कारण दाखिल खारिज नहीं हो पाया। आयुक्त ने उक्त भूमि की जांच हेतु जिलाधिकारी उधमसिंह नगर को निर्देश दिये और कहा कि सीलिंग की भूमि बेचने पर जांच में तथ्य सही साबित होने पर सम्बन्धित के खिलाफ लैण्डफ्रॉड एक्ट में कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जनसुनवाई में हल्द्वानी निवासी जगमोहन ने बताया कि उनका होलस. ेल का टॉफियों का कारोबार है। हल्द्वानी निवासी मो. दानियाल ने उनसे सामग्री समय-समय पर लेते रहे सामग्री की कुल राशि 7 लाख 42 हजार हो गई है। मो. दानियाल द्वारा आज तक धनरा. शि वापस नहीं की है। जिस पर आयुक्त ने दानियाल को एक माह के भीतर धनराशि वापस करने के निर्देश दिये। विगत दिनों की जनसुनवाई में सेना के सिपाही सुन्दर सिंह ने बताया कि उन्होंने हल्द्वानी कठघरिया में 13 लाख में प्लाट क्रय किया था लेकिन भूस्वामी मनोज सिंह ने ना ही प्लाट दिया और ना ही धनरा. शि दी। आयुक्त ने जनसुनवाई में धन. राशि वापस कराने के निर्देश दिये थे। जिसके क्रम में सिपाही सुन्दर सिंह ने बताया कि उनको 4.5 लाख की धन. राशि वापस कर दी है। आयुक्त ने मनोज सिंह को शेष राशि वापस दिलाने के निर्देश दिये। जिस पर सिपाही सुन्दर सिंह ने धनराशि वापस दिलाने पर आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जयनगर रूद्रपुर के 6 लोगों ने बताया कि उन्होंने कोलोनाइजर से भूमि क्रय की थी, जमीन की रजिस्ट्री हो गई है लेकिन दाखिल खारिज पारिवारिक विवाद के कारण नही हुआ है। जिस पर आयुक्त ने तहस. ीलदार को जांच के आदेश दिये तथा आने वाली जनसुनवाई में सभी पक्षों को बुलाने के निर्देश दिये।

# आदि शक्ति मंदिर खंगाला

### चोरी करते तीन नाबालिग सीसीटीवी में दिखे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम गौलापार स्थित आदि शक्ति मां जगदंबा देवी के मंदिर में चोरों ने दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में दाखिल हुए तीन नाबालिग चोरों ने सीसीटीवी कैमरे सहित कई कीमती सामान की चोरी की और जाते वक्त मंदिर की घंटियां भी उतार कर ले गए। हालांकि, पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने काठगोदाम थाने में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरेन्द्र क्वीरा व कोषाध्यक्ष हरेंद्र घनेला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 16 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे तीन कम उम्र के चोर मंदिर परिसर में दाखिल हुए। चोरों ने मंदिर से दो सीसीटीवी कैमरे चोरी किए और परिसर में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद चोरों ने मंदिर की घंटियां भी चुरा लीं। पुलिस ने मंदिर कमेटी की ओर से मिली तहरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। तहरीर सौंपने वालो में मंदिर कमेटी के बालम सिंह नौला, महेंद्र सिंह नौला, हरेंद्र सिंह नौला, डूंगर सिंह नौला, मोंटू सिंह, केएस बिष्ट, हरीश चन्द्र पांडे, दीवान सिंह नौला, भुवन सिंह नौला, बृजपाल सिंह नौला, मोहन सिंह नौला शामिल थे।

## एनवाईएस की टीम ने जीता मुकाबला

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप की ओर से आयोजित विकास जोशी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत सोमवार को फाइनल मुकाबला एनवाईएस और न्यू चैलेंजर की टीमों के बीच खेला गया जिसमें एनवाईएस की टीम मुक. ाबला जीतकर विजयी रही। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कविता गंगोला और विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी आशीष बजाज ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच वंश कनौजिया जबकि मेन ऑफ द सिरीज दीपक कनवाल वहीं बेस्ट बैट्समैन सैयद रियान, बेस्ट फील्डर रोहित कनवाल तथा बेस्ट बॉलर वंश कनौजिया तथा बेस्ट विकेट कीपर दुर्गेश भट्ट रहे।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बता दें कि नैनीताल में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को भी सड़क पर यातायात नियमों का उलंघन होने पर पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालेए नो पार्किंग जोन व सड़क के किनारे वाहन पार्क करने वालेए बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मल्लीताल क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# न्यायमूर्ति मेहरा की नियुक्ति पर बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उच्च न्यायालय में आलोक मेहरा को न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्त किए जाने की खुशी में हल्द्वानी बार के अधिवक्ताओं में उल्लास का माहौल है। सोमवार को हल्द्वानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी का इजहार किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने अपनी वकालत की शुरुआत हल्द्वानी बार से की थी, और उत्तराखण्ड राज्य के गठन के बाद उन्होंने उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में वकालत की। उनकी इस उपलब्धि पर हल्द्वानी के अधिवक्ता गर्व महसूस कर रहे हैं, और इसे हल्द्वानी बार एसोसिएशन के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानते हैं। न्यायमूर्ति आलोक मेहरा हल्द्वानी बार से उच्च न्यायालय तक पहुंचे पहले अधिवक्ता हैं, और इस कारण उनकी नियुक्ति ने हल्द्वानी के वकील समुदाय को गौरवान्वित किया है। मिष्ठान वितरण के दौरान हल्द्वानी बार एसोसिएशन के जीवन सिंह मेहरा, चन्दन सिंह अधिकारी, पूर्व अध्यक्ष राम सिंह बसेरा, अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता जीवन सिंह मेहरा, चंदन सिंह अधिकारी, मोहन वर्मा, जगत सिंह घुड़दौरा, अमित गोयल, जितेन्द्र सिंह बोरा, केके कपिल, गिरजेश जोशी, सुनील बुधलाकोटी, और मो. युसुफ सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।


## कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः– 2249/सूचना/नामपरि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की/2025–26 दिनांक– 17.2.2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 929/A, आदर्शनगर | श्री पुनीत मित्तल पुत्र स्व0 श्री जय प्रकाश मित्तल | श्री गुलाब गुप्ता पुत्र श्री बलदेव गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 2 | 113, पूर्वावल्ली | श्री रमेश चन्द्र पुत्र स्व0 श्री योगेश्वर प्रसाद व श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि श्री हरीश चन्द व श्रीमति शान्ती पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार | श्री योगेश्वर प्रसाद पुत्र श्री मोहन लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 3 | 346, आवास विकास | श्री कपिल कालिया पुत्र ओम प्रकाश कालिया | श्री ओम प्रकाश कालिया पुत्र स्व0 पण्डित जगन्नाथ कालिया | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 4 | 144, शेखपुरी | श्रीमति मुनीर जहॉ पत्नि मौ0 फैजान | श्री चन्द्रभान स्नेही पुत्र श्री चमनलाल स्नेही | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 5 | 43, 45, कानूगोयान | श्री रजनीश कुमार मित्तल व अनुपम मित्तल पुत्र सत्य प्रकाश मित्तल | स्व0 कुसुमलता मित्तल पत्नि श्री सत्य प्रकाश मित्तल | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 6 | 512/2, गणेशपुर | श्री विजय कुमार मोघा पुत्र स्व0 श्री घसीटा सिंह | श्रीमति कुसुम पत्नि श्री मामचन्द | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 7 | 1522/4C, गणेशपुर | श्री रमन कुमार पुत्र श्री चेतराम | श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री चेतराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 8 | 209, चावमण्डी | श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 गिरधारी लाल व श्री प्रवेश कुमार व विवेक कुमार पुत्रगण स्व0 गिरधारी लाल | श्री गिरधारी लाल पुत्र काटूराम | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 9 | 20/1, पूर्वावल्ली | श्रीमति सोनिया पत्नि श्री रामकुमार | श्री पवन सिंह पुत्र स्व0 श्री समय सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 10 | 1055/5, गणेशपुर | श्री सार्थक पंवार पुत्र स्व0 श्री तेजपाल सिंह पंवार | श्री तेजपाल सिंह पंवार पुत्र श्री सुखबीर सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 11 | 234, राजपूताना पश्चिमी के जुज भाग | श्रीमति नीति गुप्ता पत्नि श्री रजनीश गुप्ता | श्री अशोक कुमार सहदेव व राकेश कुमार सहदेव पुत्र योगेन्द्र पाल सहदेव व योगेन्द्र पाल पुत्र सोहन लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 12 | 234, राजपूताना पश्चिमी के जुज भाग | श्रीमति प्रीति गुप्ता पत्नि श्री अमरीश गुप्ता | श्री अशोक कुमार सहदेव व राकेश कुमार सहदेव पुत्र योगेन्द्र पाल सहदेव व योगेन्द्र पाल पुत्र सोहन लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 13 | 234, राजपूताना पश्चिमी के जुज भाग | श्रीमति किरण रानी पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल | श्री अशोक कुमार सहदेव व राकेश कुमार सहदेव पुत्र योगेन्द्र पाल सहदेव व योगेन्द्र पाल पुत्र सोहन लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 14 | 234, राजपूताना पश्चिमी के जुज भाग | श्रीमति नितिन पत्नि श्री राजीव कुमार अग्रवाल | श्री अशोक कुमार सहदेव व राकेश कुमार सहदेव पुत्र योगेन्द्र पाल सहदेव व योगेन्द्र पाल पुत्र सोहन लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 15 | 1400, चावमण्डी | श्रीमति रीतु जैन पुत्री स्व0 सुशील कुमार | श्रीमति अनिता अग्रवाल पत्नि श्री सुशील अग्रवाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 16 | 1400/1, चावमण्डी | श्रीमति रीतु जैन पुत्री स्व0 सुशील कुमार | श्रीमति अनिता अग्रवाल पत्नि श्री सुशील अग्रवाल | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 17 | 86 व 87, शेखपुरी | श्री जावेद अहमद पुत्र नसीर अहमद | श्री नसीर अहमद पुत्र श्री बशीर | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 18 | 904, चावमण्डी | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि स्व0 विनोद कुमार गुप्ता व विकास गुप्ता व आशीष गुप्ता पुत्रगण स्व0 विनोद कुमार गुप्ता | श्री विनोद कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री शान्ति सवरूप गुप्ता | शपथ–पत्र, मृत्यु–पत्र प्रमाण |
| 19 | 777, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्रीमति प्रेमवती पत्नि श्री खेमचन्द | श्रीमति श्यामा रानी पत्नि श्री स्व0 रामशंकर शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

# चकराता टाउनशिप व छावनी क्षेत्र में पेयजल संकट के समाधान की उम्मीद

## सर्वेक्षण विभागों की टीम ने ग्रामीणों के साथ संभावित जलस्रोतों का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता छावनी क्षेत्र और प्रस्तावित नवीन चकराता टाउनशिप के निवासियों को जल्द ही पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। सोमवार को पेयजल, यांत्रिक, वन, राजस्व और सर्वेक्षण विभागों की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों के साथ यमुना नदी के ककनोई मुहाने, घणता सहित अन्य संभावित जलस्रोतों का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के बाद तैयार की गई रिपोर्ट शीघ्र ही पेयजल निर्माण विभाग को भेजी जाएगी, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे की कार्रवाई संभव हो सकेगी। पूर्व प्रधान और समाजसेवी दौलत सिंह तोमर ने बताया कि चकराता छावनी क्षेत्र और प्रस्तावित टाउनशिप में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जो गर्मियों में और भी विकराल रूप धारण कर लेती है। स्थानीय निवासी कई किलोमीटर दूर स्थित प्राकृतिक जलस्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं, जबकि टैंकरों से जलापूर्ति भी स्थायी समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि चकराता पर्यटन की दृष्टि से लगातार विकसित हो रहा है, लेकिन पानी की समस्या स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी बाधा बनी हुई है। यदि इस संकट का स्थायी समाधान हो जाता है, तो न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि गांवों से पलायन पर भी अंकुश लगेगा। सामूहिक निरीक्षण के दौरान पेयजल निगम से प्रताप नेगी (एई), रविन्द्र कुमार (एई), प्रवेन्द्र सिंह (जेई), दिनेश जोशी (एई), दिनेश कुमार (जेई) उपस्थित रहे। राजस्व विभाग से प्रीतम सिंह (उपनिरीक्षक), सर्वे एजेंसी आनंदी एंटरप्राइजेज से शिशुपाल वर्मा और रजत शर्मा, समाजसेवी दौलत सिंह तोमर और ग्राम ककनोई एवं घणता के ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा। यदि प्रस्तावित जलस्रोतों को उपयोग में लाया जाता है, तो यह चकराता छावनी क्षेत्र और प्रस्तावित टाउनशिप के हजारों निवासियों के लिए राहत की बड़ी खबर होगी।

# आगाज-ए-हुनर: द दून ग्लोकल स्कूल में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन

- **विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन, डा. फारूक ने शिक्षा में नवाचार के महत्व पर डाला प्रकाश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द दून ग्लोकल स्कूल में 'आगाज-ए-हुनर' शैक्षिक प्रदर्शनी एवं वार्षिक अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मक, नवाचार और कला कौशल को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एस. फारूक (अध्यक्ष, हिमालय वेलनेस कंपनी), डॉ. तनजीम अली (पीसीएस अधिकारी, आईटीडीए, रीप प्रोजेक्ट अधिकारी) और फरमान इकबाल (मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया) ने शिरकत की। मेहमानों का स्कूल के नन्हे बच्चों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में वैज्ञानिक मॉडल, कलात्मक प्रदर्शनी और रचनात्मक परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं, जिसने आगंतुकों को प्रभावित किया। अंतर-विद्यालय प्रतियोगिताओं, जैसे ड्राइंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और मैजिशियन अध्यापक आसिफ द्वारा विज्ञान शो भी आयोजित किया गया, जिसने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। स्कूल के चेयरमैन इमरान खान ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। 'आगाज-ए-हुनर' ने नन्हे प्रतिभागियों की रचनात्मकता, नवाचार और सीखने की भावना को उजागर किया।

# महाविद्यालय डाकपत्थर की मानसी शिवानी और शुभम ने प्रदर्शनी लगाकर अपने हुनर को किया प्रदर्शित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. हरीश ने बताया की दून विश्वविद्यालय के नित्यानंद शोध सभागार में मेगा स्टार्टअप एवं सीड फंड एवं प्रोग्राम का आयोजन किया गया था जिसमें डाकपत्थर महाविद्यालय से वाणिज्य विभाग की दो छात्राओं जिसमें शिवानी ने प्राकृतिक जैविक सामग्री के साथ हर्बल स्किनकेयर और हेयर केयर उत्पाद तथा मानसी ने क्रोशिया के टॉप, बैग एवं अंडरगारमेंट्स आदि की प्रदर्शनी लगाकर अपने हुनर को प्रदर्शित किया।

वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉ. राज. कुमारी भंडारी चौहान ने बताता कि राजनीति विज्ञान के छात्र शुभम चौहान एक कुशल वक्ता के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। हाल ही में यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में देहरादून जिले में शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीनों ही छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी द्वारा शुभकामनाएं दी गई एवं अन्य छात्रों को मानसी, शिवानी और शिवम से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

# बीएस नेगी महिला पॉलिटेक्निक में फैशन शो रिवायत ए रेशम का आयोजन

- **विधायक सविता ने विधायक निधि से संस्थान कैंटीन एरिया का सौंदर्यीकरण कार्य का किया उद्घाटन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बीएस नेगी महिला पौलिटेक्निक में उत्तराखंड कोओपरेटिव रेशम फेडरेशन के सहयोग से एक फैशन शो 'रिवायत ए रेशम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी व विधायक सविता कपूर ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उत्तराखंड कोओपरेटिव रेशम फेडरेशन द्वारा तैयार किए गए आकर्षक परिधानों जैसे शॉल, स्टोल, जैकेट, साड़ी, सूट, टोपी, टाई एवं स्कार्फ को संस्थान की छात्राओं ने मॉडल के रूप में खूबसूरती से रेंप पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम बोलते हुए विस अध्यक्ष रितु खंडूरी ने महिला पॉलिटेक्निक की महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासें एवं योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने छात्राओं की कलात्मकता एवं अभिप्रेरणा की प्रशंसा की।

इस मौके पर राज्य संस्कृति एवं कला परिषद की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना, यूसीआरएफ के एमडी डा. आनंद शुक्ल, यूबीटीईआर के सचिव डा. राजेश उपाध्याय, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त जेपी ममगाई, सेरीकल्चर के निदेशक प्रदीप कुमार, प्रधानाचार्य नमिता ममगाई आदि मौजूद रहे।

# विश्व शांति और लोक कल्याण को रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम 28 से

**विकासनगर।** सहसपुर शिव मंदिर शंकरपुर प्रांगण में 63वां भव्य कोटी लिंग रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम 28 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित किया जाएगा जिसके चलते आज विधायक सहदेव पुंडीर, आचार्य नित्यानंद सेमवाल ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने बताया महिला द्वारा मिट्टी से शिव. लिंगों को तैयार किया जा रहा है, सात दिवसीय इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन 151 वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा विशेष पूजा और रुद्राक्षाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री शिरकत करेंगे। विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा इस पुण्य कार्य में सभी क्षेत्रवासियों को बढ़-चढ़कर प्रतिभा करना चाहिए। इस मौके पर आचार्य नित्यानंद सेमवाल, सुषमा सेमवाल, प्रशांत सेमवाल आदि मौजूद रहे।

# जनकल्याण समिति लो.नि.वी. चकराता ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



- **नए अध्यक्ष के चयन पर नहीं बन पाई सहमति**
- **लगापोखरी में हुई बैठक, पांच उम्मीदवारों ने ठोकी दावेदारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जनकल्याण समिति लो.नि.वी. चकराता ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष चुन्नी लाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल कुल सात वर्षों का रहा, जिसमें दो वर्ष कोविड-19 महामारी के दौरान के भी शामिल हैं। उनके इस्तीफे के बाद संगठन में नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

लगापोखरी में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। इनमें शमशेर जाड़ी, बबल सिंह बिरमोऊ, अरविंद कोटवा, युद्धवीर तौमर कुनावा और पप्पू राणा लोरली शामिल रहे। हालांकि, पांचों उम्मीदवारों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिससे बैठक में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका।

अध्यक्ष पद के चयन को लेकर संगठन द्वारा जल्द ही एक नई तिथि तय की जाएगी, जिसमें सदस्यों की सहमति से नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। फिलहाल संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुरानी कार्यकारिणी की देखरेख में समिति का संचालन किया जाएगा।

# डोईवाला में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी द्वारा शिवरात्रि पर रैली एवं विशेष प्रवचन का आयोजन

**डोईवाला।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी केंद्र, चांदमारी, डोईवाला द्वारा शिव. रात्रि के अवसर पर एक रैली एवं विशेष प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र की संचालिका राधा दीदी ने बताया कि 20 फरवरी को शिवरात्रि के उपलक्ष में झंडा रोहण होगा और इसके पश्चात नगर में एक रैली निक. ाली जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए हरिद्वार से वरिष्ठ राज योगिनी ब्रह्माकुमारी मीना दीदी भी पहुंच रही हैं, जिनका यहां पर एक विशेष प्रवचन आयोजित होने जा रहा है।



**तीन दिवसीय राजयोग शि. विर का भी आयोजन**

यह केंद्र 18 अक्टूबर 2014 से डोईवाला में स्थापित है और तब से निरंतर यहां पर आध्यात्मिक गति. विधियां चल रही हैं। इन्हीं में से एक है प्रत्येक सोमवार से आयोजित होने वाला तीन दिवसीय राजयोग शिविर। यह प्रत्येक सोमवार से 3 दिन के लिए आरंभ होता है, जो शाम को 5:00 से 6:00 बजे तक आयोजित किया जाता है। इस तीन दिवसीय राजयोग शिविर का प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क है।

# जीवन में अनुशासन के साथ आगे बढ़ें विद्यार्थी: नरेंद्र नेगी



- **बड़ोंवाला इंटर कॉलेज में हुआ 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह**

**डोईवाला।** बड़ोंवाला जॉली ग्रांट इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया! स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति भी दी गई! कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रचलित कर छात्र-छात्राओं को बोर्ड एवं गृह परीक्षा मे अच्छे अंक लाने की शुभकामनाएं दी! कहा कि जीवन में अनुशासन से ही आगे बढ़ा जा सकता है, छात्र-छात्राएं प्रत्येक वर्ष अच्छे परिणाम के माध्यम से ही स्कूल का गौरव बढ़ाते हैं! सभासद अरुण सोलंकी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना बहुत जरूरी है।

परीक्षा में अच्छे परिणाम के माध्यम से बच्चे अपने माता-पिता और समाज को गौरवान्वित करेंगे! स्कूल प्रधानाचार्य दिनेश प्रसाद उनियाल ने मुख्य अतिथि को स्कूल में एक कक्ष बनाने और फर्नीचर के लिए ज्ञापन सौपा! इस मौके पर अर्जुन पवार, कविता कोठियाल, सुरेश, अमित, अमरजीत सैनी, रश्मि, के एन भट्ट, राम सिंह, दीपक रावत, कुमुद वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने नवनिर्मित सड़क का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने बड़ोवाला, नैथानी कॉलोनी में लोक निर्माण विभाग द्वारा नवनिर्मित सड़क का विधिवत पूजार्चना कर उद्घाटन किया।

विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस सड़क से लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने इस विकास कार्य का स्वागत करते हुए विधायक और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत, पार्षद किरन, दयानन्द जोशी, बिजेंद्र उनियाल, भारत बुटोला, संदीप जोशी, पूजा और अन्य क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

# राजस्व संवर्धन को लेकर दिए निर्देश

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व संवर्धन को लेकर अधिका. रियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की आय टैक्स से होती है, उसी टैक्स से सरकार जनहित में योजनाओं का निर्माण करती है, इसलिए टैक्स कलेक्शन के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में जनपद में राजस्व को बढ़ाने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो लक्ष्य विभागों को राजस्व संग्रह के मिलें हैं, उन्हें पूर्ण करने के शत प्रतिशत प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि बड़े व्यापारी एवं बड़े ठेकेदार टैक्स चोरी न कर सकें, यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय समय पर छापामारी भी की जाए तथा जांचा जाए कि कहीं कोई टैक्स की चोरी तो नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि टैक्स कलेक्शन को बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जाएं। उन्होंने राज्य कर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टैक्स से संबंधित विभिन्न प्रावधान, नियम, कानून आदि के संबंध में समय समय पर व्यापारियों के साथ बैठकें भी करें, तथा टैक्स भुगतान आदि के संबंध में जरूरी जानकारियां भी उन्हें दी जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी सीएम मार्तोलिया, डिप्टी कलेक्टर याक्षी अरोड़ा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एके झा, अधिशासी अभियंता सिंचाई रावत समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम सुमन गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरी माता का सही नाम सुमन सुभाष चौधरी है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

No- 15430544K Rank
हवलदार चौधरी धीरज सुभाष
पुत्र सुभाष मुरलिधर चौधरी
पता: मिलिट्री स्टेशन रायवाला
जिला देहरादून।

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम सुभाष गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही नाम सुभाष मुरलिधर चौधरी है। भविष्य में उन्हें इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

No- 15430544K Rank
हवलदार चौधरी धीरज सुभाष
पुत्र सुभाष मुरलिधर चौधरी
पता: मिलिट्री स्टेशन रायवाला,
जिला देहरादून।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**NAGAR NIGAM ROORKEE**

**कार्यालय नगर निगम रूड़की, जनपद-हरिद्वार, उत्तराखण्ड**

Add.-Upper Ganga Canal Rd, Civil Lines, Roorkee,
Email :- nagarnigamroorkee@gmail.com

पत्रांक 509 /स्वा0अनु0/ई-निविदा/न0नि0रू0/2024-25 दिनांक 17/02/2025

**।। निविदा सूचना।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूडकी सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है उक्त परिप्रेक्ष्य में नगर निगम रूडकी के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि जो फर्म/ठेकेदार निम्नलिखित कार्य करने के इच्छुक हो, वे दिनांक 18-02-2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 04-03-2025 समय 01:00 बजे तक नगर निगम रूडकी स्वास्थ्य अनुभाग से निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते है एवं दिनांक 04-03-2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा प्रपत्र जमा किये जायेगे जो निविदा समिति के समक्ष दिनांक 05-03-2025 को 11:00 बजे खोले जायेंगे। प्राप्त निविदाओ को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम रूडकी मे निहित है निविदा प्रपत्र के साथ मूल्यों की जमानत राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बचत पत्र जो नगर आयुक्त, नगर निगम रूडकी के पदनाम से बन्धक हो, संलग्न करनी अनिवार्य होगी कार्य का विवरण निम्नवत है –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंकलन धनराशि मय जी0एस0टी0 | धरोहर राशि | निविदा शुल्क मय जी0एस0टी0 | निविदा वैद्यता | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर निगम रूडकी क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड न0-01 से वार्ड न0-25 तक बने सार्वजनिक शौचालय/मूत्रालयों में मरम्मत आदि कार्य। | 5,05,543.08 | 15,200 | 1180 | 60 दिन | सी0 |
| 02 | नगर निगम रूडकी क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड न0-26 से वार्ड न0-40 तक बने सार्वजनिक शौचालय/मूत्रालयों में मरम्मत आदि कार्य। | 5,85,665.31 | 17,600 | 1180 | 60 दिन | सी0 |
| 03 | सालियर मे स्थित एम0आर0एफ0 सेन्टर, कम्पोस्ट पिट मे सी0सी0, प्लास्टर, रंगाई-पुताई, स्लोगन लिखाई आदि कार्य। | 3,81,000 | 11,500 | 590 | 60 दिन | डी0 |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी।

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)
18 ई०सी० रोड, देहरादून, दूरभाष नं०: 91-0135-2652916, Email Id:eddndn@yahoo.com

**शुद्धिकरण सूचना**

एतत्द्वारा दिनांक 16.02.2024 को प्रकाशित निविदा संख्या 30/EDD(N)2024-25 में त्रुटिवश अंकित धरोहर-राशि रुपये 2500.00 के स्थान पर धनराशि रुपये 45000.00 पढ़ा जाये एवं निविदा प्रपत्र में त्रुटिवश अंकित क्रय मूल्य धनराशि रुपये 118.00 के स्थान पर धनराशि रुपये 1180.00 पढ़ा जाये।
अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेगी।

पत्रांक: 550/वि०वि०ख०/(उ०)दे०/उपाकालि — अधिशासी अभियन्ता
दिनांक: 17.02.2025 — विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर), देहरादून

किसी भी विद्युत समस्या के लिए संम्पर्क करें टोल फ्रि. नं. 18004190405
राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **22.02.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **05.03.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **कोटद्वार-देवी रोड जीएल - आईआईएफएल फाइनेंस अंबे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, देवी रोड, कोटद्वार 246149**

**शाखा का नाम: कोटद्वार-देवी रोड जीएल, तालुका - कोटद्वार**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL30765414, GL31065478, GL31071006, GL31125355, GL31141797, GL31437867, GL31446062, GL31585786, GL31600644, GL32737576, GL32912290, GL32922913, GL33036385, GL33131677, GL33150174, GL33749885, GL33769190, GL33776249, GL33796097, GL33812054.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 18.02.2025
स्थान: पौड़ी गढ़वाल

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आरसीबी ने पहले गेंदबाजी का किया फैसला

**वडोदरा, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। टॉस के बाद मांधना ने कहा कि ओस को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी का निर्णय किया है। मांधना ने कहा कि दूसरी पारी में विकेट भी अच्छा खेलती है हालांकि पहले उनकी गें. दबाजों का प्रयास होगा दिल्ली की टीम को दबाव में डाला जाए। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है। प्रेमा की जगह आज एकता को बेंगलुरु के टीम में शामिल किया गया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी करना ही पसंद करती हैं। ऐलिस कैप्सी और निक्की प्रसाद की जगह मैरीजान कप्प और जेस जॉनासन आज का मैच खेल रही हैं।

## ईरान, उज्बेकिस्तान एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में

**शेन्ज़ेन, वार्ता।** ईरान ने एएफसी अंडर20 एशियाई कप के ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों से खेल रहे यमन को 6-0 से तथा उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। रविवार को खेले गए मुकाबलों में लगातार दो जीत के साथ ईरान और उज्बेकिस्तान ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रुप बी के मुकाबले में आमिर फैसल के गोल ने इराक को सऊदी अरब पर 1-0 से जीत दिलाई, जबकि इब्राहिम सबरा के दो गोल के बदौलत जॉर्डन को दक्षिण कोरिया पर 2-1 से जीत मिली। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन इराक से एक अंक पीछे है। दक्षिण कोरिया एक अंक के साथ सबसे नीचे पायदान पर है। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

## झा ने जीता नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में 85 प्लस किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंती झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग में पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने अपना रजत पदक महाकुंभ में जान गवांने वाले लोगों को समर्पित किया है। यह टूर्नामेंट 13 फरवरी से 15 फरवरी चला। नॉर्वे के फ्रेविक ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। स्वदेश पहुंचने पर झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं।

# FIH हॉकी लीग में भारत ने स्पेन को रौंदा




**■ भारतीय टीम के लिए मनदीप और दिलप्रीत ने गोलकर दिलाई जीत**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में स्पेन को 2-0 से हराकर पहले मैच में मिली 1-3 की हार का बदला ले लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह की गैर मौजूदगी में रविवार रात खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए मनदीप सिंह ने (32वें) मिनट और दिलप्रीत सिंह ने (39वें) मिनट में गोल कर भारत को इस सीजन की पहली जीत दिलाई।

भारतीय कप्तान को इस मैच में आराम दिया था। पहले क्वार्टर में भारत ने जहां शानदार रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया वहीं स्पेन की टीम आक्रामक रही। इसके बावजूद पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी। हाफ-टाइम के बाद मनदीप ने दिलप्रीत की मदद से गतिरोध को तोड़ते हुए 32वें मिनट में गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर हुए लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। अंतिम क्वार्टर में स्पेन ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन भारतीय हॉकी टीम की रणनीति के आगे उनकी एक न चली और भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा।

## अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता आज से

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया और छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका वर्ग की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सबजूनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 26 फरवरी तक किया जायेगा। जूनियर और सब जूनियर वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होगी। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में आठ जिलो की टीमें तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में नौ जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम चार बजे किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दी है। इसको लेकर हॉकी राजनांदगांव और हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है इस प्रतियोगिता में स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीरचांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान मेजबान राजनांदगांव तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने कौशल का प्रदर्शन करेगीं। जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए एक लाख 60 हजार तथा तीसरे स्थान के लिए एक लाख 20 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

**■ ऑस्ट्रेलियाई टीम 22 फरवरी को इंग्लैंड से खेलेगी पहला मैच**

**कराची, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे। टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोल. बो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे। हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलकर यहां आए हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।

## दानिश व ध्रुव की फिफ्टी, विदर्भ हुई मजबूत





**■ विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट पर 308 रन बनाए**

**नागपुर, वार्ता।** दानिश मालेवर (79) और ध्रुव शौरी (74) की जूझारू अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुम्बई के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। विदर्भ ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत खराब रही और उसने 39 के स्कोर पर अथर्व तायडे (चार) का विकेट गवां दिया। इसके ध्रुव शौरी और पार्थ रेखड़े ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शिवम दुबे ने पार्थ रेखड़े (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये दानिश मालेवर ने ध्रुव शौरी का बखूबी साथ निभाया। शम्स मुलानी ने शतक की ओर बढ़ रहे ध्रुव शौरी को रहाणे के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 109 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। करुण नायर (45) रन बनाकर आउट हुए।

दानिश मालेवर 157 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (79) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यश राठौड़ (नाबाद 47) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 13) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई के लिए शिवम दुबे और शम्स मुलानी ने दो-दो विकेट लिए। रॉयस्टन डायस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**लखनऊ, वार्ता।** रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 से 21 फरवरी तक लखनऊ छावनी स्थित 'सूर्या खेल परिसर (एसकेपी') में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष/महिला) भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी, ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। इसमें खेल कोटा के तहत 13 खिलाड़ी, आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 41 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 138 खिलाड़ी भाग लेंगे।

# आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को हराया




### आयरलैंड ने छह विकेट से जीता मैच

**हरारे, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (तीन विकेटऔर 63 रन) के हरफनमौला और कप्तान पॉल स्टर्लिंग (89) रनों शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आयरलैंड ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आठ गेंद शेष रहते 249 रन बनाकर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है।

इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। जिम्बाब्वे के 245 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर में एंडी बैलबर्नी (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कर्टिस कैमफर ने कप्तान पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू ने कर्टिस कैमफर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कर्टिस कैमफर ने 94 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (63) रनों की पारी खेली। इसके बाद हैरी टेक्टर (सात) रन बनाकर आउट हुए। 40वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान पॉल स्टर्लिंग को आउटकर जिम्बाब्वे को चौथी सफलता दिलाई। पॉल स्टर्लिंग ने 102 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (89) रन बनाए। लोर्कान टकर (नाबाद 36) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 20) ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 48.4 ओवर में 249 रन बनाकर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। लोर्कान टकर ने टीम के लिए विजयी चौका लगाया। जिम्बाब्वे की ओर से ट्रेवर ग्वांडू ने दो विकेट लिए। ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एन्गारावा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर आयरलैंड ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में मार्क ऐडेर ने ब्रायन बेनेट(30) को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉश लिटिल ने कप्तान क्रेग्र एर्विन (चार) को बोल्ड कर जिम्ब्बावे को दूसरा झटका दिया। बेन कर्रन(18) को मैकब्राइन बोल्ड किया। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और सिकंदर रजा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेजों के बीच चौथे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में कर्टिस कैमफर ने वेस्ली मेधेवेरे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्ली मेधेवेरे ने 70गेंदों में छह चौके लगाते हुए (60) रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल (दो) और तड़िवनाशे मारुमानी (शून्य) को भी कैमफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सका। जिम्बाब्वे का सातवां विकेट सिकंदर रजा के रूप में गिरा। उन्हें मार्क ऐडेर ने आउट किया। सिकंदर रजा ने 75 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाए।

## सचिन बेबी की फिफ्टी से केरल बड़े स्कोर की ओर




**सचिन बेबी ने नाबाद 69 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** सचिन बेबी (नाबाद 69) रनों की अर्द्धशतकीय जूझारू पारी की बदौलत केरल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुक. ाबले में चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं। केरल ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केरल के लिए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में अक्षय चंद्रन (30) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी।

इसके बाद रवि बिश्नोई ने रोहन कुन्नुमल (30) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। वरुण नयनार (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जलज सक्सेना ने सचिन बेबी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। अरजान नागवासवाला ने जलज सक्सेना (30) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं और सचिन बेबी (नाबाद 69) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला, प्रियजीत सिंह जाडेजा और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# खडसे ने किया महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन

**■ 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रेड फिनाले में पहुंच चुके है**

**■ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ई-स्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी**

**पुणे, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का सोमवार को उद्घाटन किया। प्रतिष्ठित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के खेल इतिहास और देश के उभरते ईस्पोर्ट्स उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में कार्य करती है।

फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया (एफईएआई) और मराठा ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमईए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भर से 2100 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रैंड फिनाले में पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर श्रीमती खड़से ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ईस्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी है, ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स 2027 में शुरू होने वाले हैं। आईओसी के फैसले ने भारत सहित कई देशों को ईस्पोर्ट्स को वैध खेल के रूप में समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है।

इस प्रक्रिया में महाराष्ट्र की सक्रिय भूमिका इसे डिजिटल खेल क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि ईस्पोर्ट्स का विकास वैश्विक स्तर पर जारी है, 2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में ऐसे पुरस्कार दिए जा रहे हैं जो आईपीएल जैसी पारंपरिक खेल लीगों को टक्कर देते हैं। सऊदी अरब में 2027 ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स में भी ईस्पोर्ट्स के प्रमुख होने की उम्मीद है, जहाँ दुनिया भर के खिलाड़ी ओलंपिक इतिहास में पहली बार प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईस्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने दिसंबर 2023 में युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत ईस्पोर्ट्स को औपचारिक रूप से 'मल्टीस्पोर्ट इवेंट' के रूप में वर्गीकृत किया, जिससे इसकी स्थिति और मजबूत हुई। पिछले सप्ताह सरकार ने ईस्पोर्ट्स खिलाड़ियों को अन्य पारंपरिक खेलों की तरह ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। ईस्पोर्ट्स एथलीटों के लिए बुनियादी ढाँचा, वित्त पोषण और अवसर विकसित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की बदौलत महाराष्ट्र अब देश का ईस्पोर्ट्स हब बनने के लिए तैयार है।

## श्याम लाल कॉलेज ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को एकतरफा फाइनल मुकाबले में इंदि. रा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 7-2 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। आज यहां श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए आशीष और मोहित ने दो-दो और प्रवीण, दीपक और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने एक-एक गोल दागे। वहीं पराजित टीम के लिए नवीन राठी और सुमित ने एक-एक गोल किया। चैंपियन श्याम लाल कॉलेज के मनमोहन को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रवीण को मिला। टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर से बीजेपी के विधायक जितेंद्र महाजन, श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड से रहना होगा सावधान

**● मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे, भारतीय गेंदबाजों पर रहेगी नजर, पाकिस्तान की बल्लेबाजी कमजोर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को शुरू होने में अब बस दो दिन बचे हैं। इसके मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीमें भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एक्शन में दिखेंगी। मजबूती- बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदारों में से एक होगी।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत ने अपनी मेजबानी में इंग्लैंड को 3-0 से हराकर अपनी तैयारियों के संकेत दे दिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने भी शतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। विराट भी पुराने टच में दिखने लगे हैं। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल बेहतरीन लय में हैं और मध्यक्रम को श्रेयस अ"यर मजबूती प्रदान कर रहे हैं। गेंदबाजी में भारत का स्पिन विभाग रवींद्र जडेजा, कुलदीप, अक्षर और वरुण की मौजूदगी से मजबूत नजर आता है। भारत के ग्रुप में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। भारत दो बार ट्रॉफी जीत चुका है, पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में इंग्लैंड में जीती थी जबकि 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता था। पिछली दो बार से फाइनल में पहुंच रही भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 69.2 है। उसने अब तक 29 में से 18 मैच जीते हैं। कमजोरी- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित रूप से भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाएगी। बुमराह हाल के दिनों में तीनों फॉर्मेट्स में भारत के सबसे बड़े मैच विजेता के रूप में उभरे हैं। वह लगभग हर बार जब गेंदबाजी करते हैं तो एक विकेट की गारंटी देते हैं। बुमराह के नहीं होने से मोहम्मद शमी टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज होंगे। शमी ने खुद चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। इसलिए उनके फॉर्म को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहेगी। अवसर: वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मिस्ट्री स्पिनर ने इंग्लैंड के खिलाफ एक शानदार टी20 सीरीज खेली थी। यह टूर्नामेंट उनके लिए भारत की वनडे टीम में जगह बनाने का मौका हो सकता है। खतरा- पिछले साल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल को छोड़कर भारत हाल के वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में ही लड़खड़ा गया है। भारत को इतिहास से सावधान रहना चाहिए बशर्ते वे इस बार फाइनल के लिए क्वालिफाई करें। मजबूती- मेजबान टीम के पास विध्वंसक खिलाड़ी हैं जो अपना दिन होने पर खतरनाक साबित हो सकते हैं। फखर जमां ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को परेशान किया था। वह बाबर आजम से ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। कप्तान मोहम्मद रिजवान और फिनिशर सलमान अली आगा शानदार फॉर्म में हैं। अपने घर में खेलने का पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। उनके पास अच्छा तेज आक्रमण है, लेकिन कराची और रावलविंडी की पिचों से मदद मिलना जरूरी है ताकि शाहीन शाह आफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ कमाल दिखा सकें। कमजोरी- सैम अयूब की असामयिक चोट ने पाकिस्तान को ओपनिंग में कमजोर किया है। साथ ही बाबर के फॉर्म के बारे में भी टीम मैनेजमेंट को चिंताएं होंगी। यहां तक कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफीका की मौजूदगी वाली त्रिकोणीय सीरीज में भी बाबर (10, 23 और 29) कुछ खास नहीं कर पाए थे। कामरान गुलाम, खुशदिल शाह और तैयब ताहिर को मौका मिलने पर उसे भुनाना होगा। खुशदिल और फहीम अशरफ इस टीम की कमजोर कड़ी हैं। घर पर पाटा पिच पर बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की धुनाई कर सकते हैं।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया नारसन विकासखंड का निरीक्षण

# आमजन को मिले योजनाओं का लाभ: आकांक्षा

## गैरहाजिर व लापरवाह कर्मचारियों को लगाई कड़ी फटकार, कारण बताओ नोटिस जारी



❖योजनाओं के सर्वे में आ रही परेशानियों को सुनकर पारदर्शिता के साथ हल करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार आकांशा कोण्डे द्वारा नारसन विकास खंड का निरीक्षण किया गया जिसमें केंद्र सरकार द्वारा कराए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेघर लोगों के सर्वे पर विशेष ध्यान दिया गया ।

आपको बता दे सीडीओ ने इस दौरान योजना में कर्मचारियों को सर्वे में आ रही परेशानियों को भी सुना और साथ ही सभी कर्मचारियों को सर्वे के कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ करने के कड़े निर्देश भी दिए गए । निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड से गैरहाजिर कर्मचारियों को लेकर गहरी नाराजगी जताई और गैरहाजिर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के आदेश विकास खंड अधिकारी को दिए।सीडीओ ने कहा कि ब्लॉक के अधिकारियों के द्वारा सरकारी योजना को लेकर आम जनता और अधिकारियों में प्रचार प्रसार की कमी होना और ब्लॉक के अधिकारियों के द्वारा किए गए कार्यों में बहुत सी कमियां पाई गई जिनको बैठक में चेक किया गया साथ ही सीडीओ ने ब्लॉक के सभी अधिकारियों को कार्यों में पाई गई त्रुटियों को सही और जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विकास खंड नारसन की पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण भी किया ओर सभी विभागों में जाकर खासकर साफ सफाई को लेकर नाराजगी भी जताई। वहीं सीडीओ द्वारा सपना ब्स्थ के अंतर्गत आने वाले स्वस्तिक स्वयं सहायता समूह के द्वारा चलाए जा रहे मशरूम उत्पादन यूनिट का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया इस दौरान सीडीओ ने मशरूम यूनिट के उत्पादन और बिक्री पर भी समीक्षा की ओर आने वाले समय में मशरूम यूनिट को बड़े स्तर पर बढ़ाने के लिए भी रणनीति बनाने पर चर्चा की

# गदरजुडा में बायोगैस संयंत्रों के निर्माण से स्वच्छ वातावरण व रोजगार के नए अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** बायोगैस संयंत्र निर्माण पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब बायोगैस संयंत्रों का निर्माण किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत गदरजुडा, विकास खण्ड नारसन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। गांवों में गोबर को सड़क किनारे फेंका जाता था, जिससे न केवल वातावरण प्रदूषित होता था, बल्कि विभिन्न बीमारियां भी फैलती थीं। इस समस्या से निपटने के लिए अब बायोगैस संयंत्रों का निर्माण किया जा रहा है, जो गांवों का वातावरण स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों की बचत करने में भी मदद कर रहे हैं। **रोजगार के नए अवसर:** इन बायोगैस संयंत्रों की मदद से गोबर को गैस उत्पादन के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जो ऊर्जा का एक स्रोत बनकर वनों के कटाव को रोकने में सहायक है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं, क्योंकि बायोगैस संयंत्रों के निर्माण और संचालन के लिए स्थानीय कारिगरों को कार्य मिल रहा है।

**राष्ट्रीय बायोगैस मिशनअन्तर्गत:** इस पहल की शुरुआत राष्ट्रीय बायोगैस मिशन के तहत हुई थी, जिसके तहत कुछ लाभार्थियों को बायोगैस संयंत्र उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन अब, ग्राम पंचायत गदरजुडा में 19 अप्रैल 2022 से मनरेगा योजना के तहत बायोगैस संयंत्रों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस पहल के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब अन्य गांवों से भी बायोगैस संयंत्रों के निर्माण के लिए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी इस दिशा में अधिक प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकरी हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत गदरजुडा में 07 बायोगैस संयंत्रों के निर्माण से न केवल स्थानीय पर्यावरण में सुधार हुआ है, बल्कि यह पहल अन्य ग्राम पंचायतों के लिए एक आदर्श भी बन गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर उठाए गए कदम बड़े बदलाव की वजाह हैं। ग्राम पंचायत गदरजुडा, विकास खण्ड नारसन में इस प्रकार की पहल को देखकर आशा जताई जा रही है कि आने वाले समय में और अधिक गांवों में बायोगैस संयंत्रों का निर्माण होगा, जिससे न केवल वातावरण को साफ रखा जा सकेगा, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

# किसान मजदूर संगठन ने नशे के प्रति लोगों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** किसान मजदूर संगठन सोसाइटी रजिस्टर्ड के पदाधिकारी ने ग्राम बढ़ेड़ी राजपूतान एवं दौलतपुर तथा बहादराबाद में आज नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नशे में फंसे लोग बदहाल, बेहाल है तथा नशेड़ी व्यक्तियों के परिवार बहुत परेशान हैं, हालांकि पुलिस प्रशासन जगह-जगह जागरूकता शिविर आयोजित कर रहा है परंतु समाज से नसों को भगाने के लिए सामाजिक संगठनों को भी आगे आने की आवश्यकता हैस किसान मजदूर संगठन सोसाइटी रजिस्टर्ड ने रक्तदान ,नशा मुक्त समाज की स्थापना को प्रमुख अभियान बनाया है तथा लोगों को समाजसिक कार्यों में आगे बढ़कर आने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया है। ग्राम ग्राम बढ़ेड़ी राजपूतान एवं दौलतपुर तथा बहादराबाद आदि जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम में सुबोध शर्मा राव अफजल उर्फ राजा राव अरसलन साहिल मलिक राव मुजम्मिल सैयद मलिक सरफराज मलिक गुलजार मुखिया खालिद शमशेर सिलम कबीर मोहर्रम सेराज कलाम संजीव गिरी मदन गिरी प्रिंस अशोक सहस्त्रपाल कमल गिरी रविंद्र गिरी सुभाष संजय राजेश गिरी पंकज धीमान आदि काफी लोग सम्मिलित हुए।

## भूमि के आधुनिक सर्वेक्षण के लिए
# आरएन आई इंटर कॉलेज में आज होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नक्शा प्रोजेक्ट के तहतनगर पंचायत भगवानपुर की भूमिका आधुनिक तरीके से सर्वेक्षण किए जाने को लेकर भारत सरकार ने भगवानपुर नगर पंचायत का चयन कर लिया है। अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी ने अवगत कराया कि नक्शा प्रोजेक्ट अन्तर्गत जनपद हरिद्वार की नगर पंचायत भगवानपुर क्षेत्र की भूमि का आधुनिक विधि से सर्वेक्षण कराये जाने हेतु भारत सरकार स्तर से चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि नक्श पायलट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ सम्पूर्ण देश की चयनित नागर निकायों में 18 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा डॉ.मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश की उपस्थिति में वर्चुअल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नक्श कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जनपद हरिद्वार की चयनित नगर पंचायत भगवानपुर में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों तथा विभिन्न अधिकारियों की उपस्थिति में 18 फरवरी को प्रात: 11 बजे आरएनआई इंटर कॉलेज भगवानपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय जनता से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

# नायब तहसीलदार ने तुड़वाया अवैध निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एसडीएम के आदेश पर तहसील की टीम ने पुलिस को साथ लेकर चुडियाला मोहनपुर में तालाब की भूमि पर किये गये अवेध निर्माण को तुडवा दिया गया।

नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि चुडियाला मोहनपुरा में तालाब की भूमि पर फरमान पुत्र इनाम द्वारा सीमेंट के पुख्ता पिलर डालकर अवेध निर्माण किया गया था। शिकायत के बाद जांच में उक्त निम्राण अवैध पाया गया। बाद में एसडीएम भगवानपुर जितेंद्र कुमानर ने तालाब की भूमि पर किये गये उक्त निम्राण को तोडने के निर्देश दिये जिस पर नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता, ग्राम प्रधान व राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश, राजस्व उप निरीक्षक विजेंद्र, सनम टीना व शिकायत कत्र्ता भी मौके पर मौजूद रहे ओर पुलिस प्रशासन की टीम ने आरोपी द्वारा किये गये अवेध निर्माण को तुडवाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया। नायब तहसीलदार अनिल ग्रुप्ता ने बताया कि आरोपी को सख्त हिदायत दी कि वे आगे से तालाब की भूमि पर किसी भी तरह का अवेध निर्माण न करें अन्यथ उसके खिलाफ कडी कार्यवाही होगी। बताया कि आगे भी यह काय्रवाही जारी रहेगी।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर पर मारा छापा
# एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिलीं, स्टोर को कराया बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने रुड़की के अपना मेडिकल स्टोर पर सोमवार को छापेमारी की। इस दौरान स्टोर से एक्सपायरी डेट की कई दवाईयां अन्य उचित दवाईयों के साथ मिली। टीम ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए स्टोर को तत्काल प्रभाव से बंद कराया।

ड्रग इंस्पेक्टर हरिद्वार अनीता भारती ने बताया कि अपना मेडिकल स्टोर द्वारा हाल ही में एक मरीज को बुखार होने के दौरान पेरासिटामोल समेत एक और अन्य दवाई दी गई। दवाई खाने के बाद जब मरीज की तयीबत में सुधार नहीं हुई तो उन्होंने दवाई की एक्सपायरी को चेक किया। इस दौरान पता चला कि ये दवा छह माह पहले एक्सपायर हो चुकी है। जिसके बाद मरीज ने ड्रग इंस्पेक्टर से इसकी शिकायत की। इसी क्रम में सोमवार को अनीता भारती रुड़की पहुंची और स्टोर में छापेमारी की। अनीता भारती ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान स्टोर से कई ऐसी दवाईयां मिली हैं जो एक्सपायर हो गई हैं और अन्य सही दवाईयों के साथ इसको रखा गया था। बताया कि नियमानुसार अगर कोई दवाई एक्सपायर हो जाती है तो उसे स्टोर के एक कोने में सेल्फ रैक में उसे रखा जाता है। जबकि यहां मिश्रित दवाईयों के साथ ही एक्सपायरी दवाईयों को रखा गया था। दुकान संचालक की लापरवाही मानते हुए स्टोर को बंद करा दिया।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुआ विवाद, कई राउंड फायरिंग की

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** भिक्कमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत भोगपुर गांव में खेत की मेड को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, एक दूसरे पक्ष द्वारा घर पर पहुंच कर कई राउंड फायरिंग करते हुए गाली गलोज कर लाठी डंडों से मार पीट करने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात भोगपुर गांव में पिछले कुछ दिनों से सैनी समाज एवं नाई समाज के बीच खेत की मेड को लेकर विवाद चला आ रहा था वही लगे पेड़ के काटने को लेकर पुरानी रंजिश रखते हुए जिसमें दो दिन पहले सैनी पक्ष के एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया था इसके बाद रात्रि समय नाई पक्ष के तकरीबन कई लोगों ने करीब 11:00 बजे लोगों के घर पहुंचे इसके बाद एक समाज के लोगों ने सैनी पक्ष के लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई जिसमें लोगों पर वार करने का प्रयास करते हुए उनके मुख्य गेटों पर वार किया सैनी पक्ष के लोगों ने अपने घरों में छिप कर जान बचाई।अंदर घर में घुसने का प्रयास किया और हवाई फायरिंग की गैलरी के मुख्य गेट सहित कई अन्य जगहों पर गोली लगने के निशान भी देखने को मिले घटना के चलते सैनी पक्ष के लोगों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी जिसमें घटना पर पहुंचे कर पुलिस ने मामले को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने नाई पक्ष के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। वही जानकारी पर ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस द्वारा दो खोखे भी बरामद किए गए हैं।और एक खोखा सैनी पक्ष के लोगों के पास है।वही सैनी समाज के लोगों ने बताया है कि पुलिस इस मामले में कार्यवाही करने में लगी हुई है।और हमारी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है की मामला प्रकाश में आया है बारीकी से जांच की जा रही है जो भी सही होगा वही किया जाएगा।

# कम बारिश की वजह से गर्मी ने दिखाया अपना रंग, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** इस बार बारिश कम होने की वजह से फसल कोभारी नुकसान हो रहा है गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है किसानों ने बताया की ईस बार बरसात में बारिश कम हुई है जिससे हमें लगातर पानी की जरूरत पड रही है।

उन्होंने यह भी कहा की अगर बरसात अच्छी होती तो किसानों को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं पड़ती और कम बारिश से अभी फरवरी माह के महीने में ही गर्मी ने अपना रंग बदलना शुरू कर दिया है उन्होंने कहा अगर गर्मी ज्यादा रही तो किसानों को अपनी गेहुं सरसों एव गन्ने की फसल में भारी नुकसान उठना पड़ेगा उन्होंने यह भी बताया की कम बरसात के कारण पशुओं को चारे की भी बहुत बड़ी दिक्कत होने जा रही है क्योंकी बरशी एव पशुओं के चारा आदि के लिए किसान को बड़ी मेहनत करके उगाना पडता है और बरसात कम की वजह से फसलों में पानी की भी कमी होने जा रही है।

# चुनाव में हार-जीत को लेकर हुआ विवाद, सभासद समेत आठ गिरफ्तार



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** नगर पंचायत चुनाव के प्रतिद्वंदिता वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सभासद पद में प्रत्याशियों के समर्थकों में जीत हार को लेकर छींटाकशी करने और झगड़े के मामले में पुलिस ने सभासद सहित आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कारवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला थाना कलियर क्षेत्र का है जहां प्रतिद्वंदिता वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में विवाद पर पुलिस ने दोनों पक्षों से सभासद सहित 08 को हिरासत में लिया है। बताया गया है कि नगर निकाय चुनाव में हुई हार जीत को लेकर की गई छींटाकशी के बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस को सूचना मिली ग्राम महमूदपुर थाना पिरान कलियर में राजनीतिक प्रतिद्वंदता/वर्चस्व व नगर निकाय सभासद पद के चुनाव हारने जीतने को लेकर दो पक्षों में छींटाकसी, एक दूसरे पर झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाने पर आपस में लड़ने झगड़ने लगे। प्राप्त सूचना पर कलियर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस आरोपियों के खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। आरोपियों के नाम प्रथम पक्ष दानिश पुत्र रौनक उम्र ,शराफत पुत्र शफकत,उल्फत हुसैन पुत्र रियायत और द्वितीय पक्ष से रज्जाक पुत्र कमर,मुन्ना उर्फ मेहताब पुत्र अजीम,तनवीर पुत्र माहिर हुसैन,आशु पुत्र सरवर सिद्दीकी और सलीम पुत्र नसीर अहमद निवासीगण ग्राम महमूदपुर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार बताए गए हैं।

# एटीएम कार्ड बदलकर पैसे चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की सिविल लाइंस पुलिस को प्रविन्द्र पाल सौदाई पुत्र चन्द्रपाल सौदाई गोल भट्टा मिलाप नगर ने सूचना दी कि जब वह ज्ड से पैसे निकालने गए तो एक अन्य युवक ने उनके कार्ड का च्व्छ न0 देख लिया है और एटीएम कार्ड छीनकर भागने का प्रयास कर रहा था। उस समय पीड़ित ने अपने साथियों की मदद से उसे पकड़ लिया था वहीं उसका एक साथी मौके से फरार हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। जिसका नाम प्रवेश कुमार उर्फ पप्पू कुमार पुत्र चतरु सिंह निवासी महातोली केन्दुकी थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश उम्र 37 वर्ष बताया। आरोपी के पास से अलग अलग बैंक के 09 एटीएम कार्ड व 4300 की नगदी बरामद हुई। फरार हुए युवक का नाम सहरान बताया गया है।पुलिस टीम में उप निरीक्षक विपिन कुमार,कांस्टेबल रंगमोहन,अनिल चौहान आदि शामिल रहे।

## एस डीपीसी महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन
# प्रतियोगिता में प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में दमखम दिखाया। इंडोर के साथ ही आउटडोर प्रतियोगिताएं भी हुई। वहीं छात्राओं के बीच हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

सोमवार को श्री सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से नेहरू स्टेडियम में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने विजेताओं को सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्रबंधक ने छात्राओं को टीम भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। विधायक बत्रा ने कहा कि मोदी सरकार में कन्याओं को प्रेरित करने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजना चल रहीं हैं जैसे खेलेगा इंडिया तभी तो भढ़ेगा इंडिया,खेलेगा भारत तभी तो खिलेगा भारत नामक अनेक योजनायें आज युवा पीढ़ियो को प्रेरित कर रही हैं। क्रीड़ा प्रतियोगिता में चार सौ मीटर, दो सौ मीटर, शॉटपुट, स्लो साइक्लिंग, रस्साकसी, कैरम बोर्ड और शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जा रहीं हैं। इस मौके पर समन्वयक डॉ. अनुपमा गर्ग, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. किरन बाला, डा०भारती शर्मा,अंजलि प्रसाद, पल्लवी सिंह, डॉ. अलका आर्य, डॉ. कामना जैन, डॉ. अर्चना चौहान, डॉ. सीमा राय, डॉ. शालिनी वर्मा, शैली सिघल, डॉ. पारुल, डॉ. ज्योतिका, डॉ. उमा रानी, डॉ. अंजु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गलत मैसेज भेजने पर मुकदमा दर्ज

**झबरेडा।** एक महिला को गलत मैसेज भेजने पर महिला ने तहरीर देकर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराया है। नई बसती निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया उसके पति के मामा का लडका उसे मोबाईल पर गलत मैसेजे भेजता जिससे वह परेशान है। उसने कार्यवाह की मांग की है। पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**ज्ञान लक्ष्मी आर्य डिग्री कॉलेज लक्सर, हरिद्वार**

पत्रांक सं. GLADC /2025/FAB/003 **आवश्यकता है** दि. 17.02.25

**पद:**-प्राचार्य, आचार्य, सहायक आचार्य, स्टाफ।
'**बी.ए. संकाय:**-(हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, चित्रकला।) **बी.एस.सी.संकाय:**-(गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) '**बी.काम. संकाय:**- (शैक्षिक अर्हता यूजीसी के मानक के आधार पर। **वेतन** योग्यता के अनुसार)

आवेदन करें- ज्ञान लक्ष्मी आर्य डिग्री कॉलेज लक्सर, निकट न्यू रोडवेज बस स्टैंड हरिद्वार रोड लक्सर।
Email-gyanlañmicollcgc@gmail-com, मोबाइल: +91-7055800064, +91-8077134988

# सट्टा पर्ची व नकदी सहित एक सटोरिया पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक खाईबाड़ को नगदी व सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। पुलिस की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसा कलियर थाना प्रभारी दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए मुखबिर की सूचना पर रविवार देर शाम को कलियर अब्दाल शाह साबरी बाग से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी लेने पर उसके पास सट्टा पर्ची पेन गत्ता डायरी और 1490 रुपए की नगदी बरामद हुई हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अहसान निवासी लोधी सराय थाना नकाशा संभल यूपी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

मंगलवार, 18 फरवरी 2025

## सोशल मीडिया की जवाबदेही

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कंटेंट के बाबत जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इसके संचालकों को चाहिए कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक शिष्टाचार का अतिक्रमण न करें। हाल के दिनों में सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्मों के कार्यक्रमों में स्वेच्छाचारिता और वर्जनाएं तोड़ने के अनगिनत मामले प्रकाश में आए हैं। जो भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मर्यादा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कामेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गाट टैलेंट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट!यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गई, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निर्माताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फालोअर्स बढ़ाने के लिए तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की शृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं, क्या इलेक्ट्रानिक माध्यमों के जरिये प्रसारित सामग्री पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सख्त बनाने की जरूरत है। क्या अश्लील अभिव्यक्ति को दंडनीय बनाने के लिए सख्त कानूनों की जरूरत है, सवाल यह भी है कि हंसी मजाक के कार्यक्रमों के लिए सामाजिक मर्यादाओं की सीमा कैसे तय की जाए, जाहिर है अब वक्त आ गया है कि मनोरंजक हास्य कार्यक्रमों और आपत्तिजनक कंटेंट के बीच सीमा का निर्धारण किया जाए। निस्संदेह, किसी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य शर्त है, लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हम तमाम सामाजिक व पारिवारिक मर्यादाओं को ताक पर रख दें। किसी भी सूरत में सोशल मीडिया को एंटी सोशल अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी जा सकती।

### चीन के प्रति अपने नजरिए को बदले भारत



भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए, चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए, मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है, हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए, भारत को चीन के प्रति अपने नजरिए को बदलने की जरूरत की है, हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है, अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है, हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा।

**सैम पित्रोदा**

**अध्यक्ष, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस**

## अमेरिकी हठधर्मी की हदें पार...

अमेरिका से अवैध प्रवासियों का तीसरा जत्था भारत लौट चुका है। तमाम विरोध के बाद भी पिछली बार की तरह इस बार भी विमान में मौजूद हर भारतीय के हाथ-पैर में हथकड़ियां और बेड़ियां लगाई गईं थी, जिसकी जानकारी पंजाब युवाओं ने बातचीत के दौरान दी है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को एक बार फिर से हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां लगाकर भारत तक लाया गया। साफ जाहिर है की अमेरिका अपनी हठधर्मी से बाज नहीं आ रहा है। अमेरिका से लौटे पंजाब के युवाओं ने बताया कि डिटेंशन सेंटर से लेकर पूरे रास्ते में विमान से भारत की यात्रा तक उन्हें हाथों-पैरों से जंजीरों में बांध के रखा गया। बाथरूम जाने के दौरान भी उनके हाथों-पैरों पर बेड़ियां बंधी रही। अमेरिका से डिपोर्ट हुए दो युवकों को पंजाब की राजपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाए देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रम्प प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही द्योतक है।

हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किए उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिए तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया, ताकि मोदी-ट्रम्प की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रम्प व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था, लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और सामाजिक संपदा के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिए चिह्नित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे। निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।



## कब्ज की समस्या का जड़ से इलाज करेगा मसाले का पानी...

स्वस्थ रहने के लिए रोजाना पेट का साफ होना और डाइजेशन का हेल्दी होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि अक्सर लोग पेट साफ न होने या फिर कब्ज की समस्या को मजाक में ले लेते हैं। लेकिन हेल्दी डाइजेशन में हेल्दी सेहत का राज छिपा है। पेट सही से साफ न होने पर, भारीपन, पेट में ऐंठन, छाती में जलन, सिरदर्द, बवासीर और गैस हो सकती है। वहीं रोजाना पेट साफ करने के लिए लोग सीरप या फिर टैबलेट का सहारा लेते हैं। लेकिन यह सही नहीं माना जाता है।

बता दें कि आप कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए रसोई में मौजूद कुछ मसालों के पानी का सेवन कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन्हीं मसालों से बनने वाली एक ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं। जो आपको कब्ज की समस्या से राहत देने में मदद करेगा।

### सामग्री...

- अजवाइन- चौथाई टीस्पून
- जीरा- चौथाई टीस्पून
- धनिये के बीज- 1 टीस्पून
- घी- 1 टीस्पून
- पानी- 1 गिलास

### विधि...

सबसे पहले एक पैन में सभी चीजों को ड्राई रोस्ट कर लें। फिर इन सभी चीजों को पीस लें और एक गिलास में गुनगुना पानी लें। इसके बाद इसमें घी डालकर इसको अच्छे से मिक्स कर लें। अब रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

### आजमाएं यह घरेलू नुस्खा

पेट की गैस और ऐंठन को दूर करने में अजवाइन सहायता करती है। इसमें मौजूद फाइबर मल त्याग को



मुलायम बनाकर इसको आसानी से बाहर निकालने में मदद करती है।

अजवाइन में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट मौजूद होता है, जो सूजन को कम करता है। इसमें मौजूद थाइमोल हमारे पाचन को दुरुस्त बनाता है और गैस व बदहजमी से भी राहत देता है।

वहीं जीरे को नैचुरल लैक्सेटिव माना जाता है। जोकि पेट को साफ करने में मदद करता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और पाचन आसान होता है। बता दें कि जीरा अपच दूर करने में सहायक होता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही इसका सेवन करने से ब्लोटिंग और गैस में भी आराम मिलता है। वहीं अजवाइन और जीरा मोटापा कम करने में मदद करता है।


घी एक नेचुरल लुब्रिकेंट होता है और इसमें हेल्दी फैट्स और ब्यूरेटिक एसिड पाया जाता है। इससे मल आसानी से बाहर निकलता है और कब्ज दूर होता है।

अगर आप गुनगुने पानी में घी मिलाकर पीती हैं। तो इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

धनिया के बीज और पत्ता दोनों ही कब्ज की समस्या दूर करने में सहायक होता है। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलता है और खाना अच्छे से पचता है।

## कोरल भी चलते हैं लेकिन घोंघों से भी धीमे

**अधिकतर** कोरल को देखकर ऐसा लग सकता है कि वे बस एक जगह जमे रहते हैं, अपनी जगह छोड़कर जरा भी यहां-वहां टहलते नहीं। बस अपना भोजन पाने के लिए थोड़ा लहरा-लहरा कर पास से गुजरते जंतु-प्लवकों को पकड़ लेते हैं। लेकिन इनकी कुछ प्रजातियां थोड़ा घुमक्कड़ भी होती हैं। ऐसी ही कुछ घुमक्कड़ प्रजातियां मशरूम कोरल (**Fungiidae**) कुल की सदस्य हैं। इस कुल के सदस्य देखने में ऐसे लगते हैं जैसे कोमल सुइयों का कोई चमकीला तकिया हों।



अवलोकनों से इतना तो पता चल चुका है कि मशरूम कोरल कुल के कुछ सदस्य स्थिर और माकूल तापमान और प्रचुर भोजन के लिए भीड़-भाड़ वाले उथले समंदर से शांत, गहरे समंदर की ओर कूच करते हैं। लेकन यह सवाल अब तक सवाल ही था कि ये कोरल गति कैसे करते हैं? क्या ये शांत गहरे पानी तक पहुंचने के लिए अन्य जीवों (के शरीर) से 'लिफ्ट' लेते हैं? या वे अपने ऊतकों का इस्तेमाल नाव की पाल की तरह करते हैं, जिस तरह हवाएं पाल के जरिए नाव को गति देती है वैसे ही पानी पालनुमा ऊतक के सहारे इन्हें बहा ले जाता है।

प्लॉस वन में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ है, जिसमें कोरल के बारे में उपरोक्त अनुत्तरित सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गई है। डिस्क कोरल (**Cycloseris cyclolites**) पर अध्ययन कर शोधकर्ताओं ने पाया कि गुंबद सरीखे शरीर वाले डिस्क कोरल प्रकाश स्रोत की दिशा में 'जाने' के लिए अपने शरीर को लुढ़काते हैं, फिसलाते हैं, और क्रमाकुंचन (यानी क्रमशः फैलना-सिकुड़ना) की मदद से आगे बढ़ाते हैं। कोरल बेहतर पकड़ के लिए अपने बाहरी ऊतकों के कुछ हिस्सों को फुलाते हैं, फिर अपने ऊतकों को थोड़ा मरोड़ते हैं, फिर और संकुचित होकर अपने शरीर को आगे की ओर खींचते हैं। यानी कोरल काफी हद तक जेलीफिश की चाल चलते हैं।

यह भी देखा गया कि कोरल विशेष रूप से नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होते हैं-कुछ मामलों में कोरल प्रकाश स्रोत की ओर 22 से.मी. तक बढ़े थे। चूंकि नीला प्रकाश अन्य रंगों की तुलना में पानी में अधिक गहराई तक जाता है, इसलिए इस रंग की रोशनी मशरूम कोरल को अपनी पसंदीदा छायादार और माकूल गहराई तक पहुंचने में मदद कर सकती है। एक और बात पता चली कि जैसे-जैसे कोरल बड़े होते जाते हैं उनके लिए घूमना मुश्किल होता जाता है। इसलिए वे ऐसी गति से आगे बढ़ते हैं कि चलना भारी न पड़े। वैसे, लगता तो ऐसा है कि उन्हें अपने गंतव्य पर पहुंचने की कोई जल्दी नहीं होती। कोरल हर 24 घंटे में औसतन 4.5 से.मी. नीली रोशनी की ओर बढ़ते हैं-सुस्ती के लिए मशहूर घोंघे से भी बहुत, बहुत धीमी गति से।

**स्रोत फीचर्स**

## यूएस के रवैये से सचेत रहने की जरूरत...

पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा संक्षिप्त, लेकिन सुर्खियां बटोरने वाले घटनाक्रमों से भरी रही। यह यात्रा संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ लेने के एक महीने से भी कम समय बाद हुई और मोदी उनके साथ द्विपक्षीय बैठकें करने वाले इजराइल, जापान और जार्डन जैसे अमेरिका के करीबी सहयोगी देशों के नेताओं के बाद दुनिया के चौथे नेता बने। बाद में जारी संयुक्त वक्तव्य में कई महत्वपूर्ण चर्चाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यों तो कई घोषणाएं भारत द्वारा अमेरिकी सामानों की खरीद और अमेरिका में निवेश पर केंद्रित थीं, लेकिन वे उन कुछ सख्त कदमों से बचने में कामयाब रहीं, जिनकी आशंका कई लोगों ने जताई थी। दोनों पक्षों ने 'मिशन 500' (2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार) का शुभारंभ किया और मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की, जिसके मसौदे के पहले चरण के इस साल सामने आने की संभावना है। ट्रम्प ने अमेरिकी ऊर्जा, तेल तथा रक्षा उपकरणों की भारतीय खरीद में बढ़ोतरी का एलान किया और इस कदम से कुल 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर के माल व्यापार में 45.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी व्यापार घाटे को संतुलित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को सुव्यवस्थित करने के वास्ते 21वीं सदी की सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी के लिए एक नए समग्र ढांचे, काम्पैक्ट, या उत्प्रेरक अवसरों को लेकर भी समझौता हुआ।

दोनों पक्षों ने इस साल एआई के बुनियादी ढांचे से जुड़ा एक रोडमैप विकसित करने की प्रतिबद्धता के साथ सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और एआई पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बाइडेन युग की 'अहम एवं उभरती हुई तकनीक संबंधी पहल (आईसीईटी)' को 'रणनीतिक तकनीक के उपयोग के जरिए पारस्परिक संबंधों का रूपांतरण (ट्रस्ट)' के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया। एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब ट्रम्प ने 26/11 हमलों में शामिल तहव्वुर राणा को मुकदमा चलने के मकसद से भारत को प्रत्यर्पित करने की मंजूरी का ऐलान किया। एकबारगी ट्रम्प की अपरंपरागत टिप्पणियों और इस प्रारूप में मीडिया के साथ मोदी के विरले संवाद से उठे गर्दोगुबार के थम जाने के बाद, भारत को इस यात्रा से व्यापक निहितार्थों का आकलन करना चाहिए। सकारात्मक दृश्यावलियां और दोनों नेताओं के बीच का सौहार्द्र अगले चार सालों के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक मजबूत नींव का संकेत देते हैं। हिंद-प्रशांत जुड़ाव और क्वाड सहित रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों में भी स्पष्ट निरंतरता है और इस साल के अंत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए ट्रम्प की दिल्ली की



योजनाबद्ध यात्रा से इन प्रतिबद्धताओं के मजबूत होने की उम्मीद है। हालांकि भारत और अमेरिका के एजेंडे में आर्थिक चर्चा, व्यापार, ऊर्जा, परमाणु सहयोग और रक्षा संबंधी मसलों के ही हावी रहने की संभावना है, जोकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल की याद दिलाते हुए द्विपक्षीय रिश्ते को एक लेन-देन वाला मोड़ देता है। इस बात के बहुत ज्यादा सबूत नहीं हैं कि मोदी की यात्रा ने जवाबी-शुल्क और पारस्परिक कर लगाने के मसले पर ट्रम्प के रुख को काफी हद तक नरम कर दिया या सैन्य जहाजों में भरकर भेजे जाने वाले बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के निर्वासन के दौरान अपेक्षाकृत ज्यादा मानवीय नजरिया अपनाने के लिए उन्हें तैयार कर लिया। ये मसले आगे चलकर भारत



सरकार के लिए चुनौतियां पेश कर सकते हैं। अब जबकि भारत अमेरिका के नए प्रशासन के साथ जुड़ रहा है, उसे सावधानीपूर्वक अपने हितों का आकलन करना चाहिए और जहां जरूरी हो वहां अपनी स्थिति पर जोर देना चाहिए तथा जरूरत के हिसाब से अपनी रणनीतिक व आर्थिक प्राथमिकताओं की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने चाहिए।

CMYK





# दिल्ली का ताज

मंगलवार, 18 फरवरी 2025






# सीएम के नामों पर संघ से नहीं मिली हरी झंडी!

## बीजेपी दे सकती है दिल्ली में सरप्राइज, पहले भी बदले हैं कई सीएम के चेहरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कमान होगी किसके हाथ यह इस वक्त का सबसे बड़ा सवाल है। सोमवार को विधायक दल की बैठक तय हुई थी, जिसमें यह कहा जा रहा था कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का ऐलान संभवत: हो जाएगा। लेकिन यह बैठक फिर से टल गई है। ऐसे में कई ऐसे कयास हैं जो लगाए जा रहे हैं।

**क्या संघ से नहीं मिली है मंजूरी**

इस समय अगर बीजेपी के पास सबसे बड़े फैक्टर है तो वो है कि बिना आरएसएस के किसी भी बड़े नेता का ऐलान नहीं हो सकता है। ऐसे में सूत्रों की मानें, तो कहा जा रहा है कि संघ दिल्ली की कमान उस नेता को देना चाहता है जो संघ का करीबी भी हो और बहुसख्यक वोट बैंक को साधने में भी वो सक्षम हो अगर ऐसा होता है, तो दिल्ली में नूपुर शर्मा के नाम पर मुहर लग सकती है।

**आज होनी थी बैठक**

इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा और उसके बाद एलजी के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। पार्टी के विधायकों को भी यह संदेश दे दिया गया था कि सोमवार को उन्हें दिल्ली में ही रहना है। शाम तक ऐसी भी खबरें आई कि विधायक दल की बैठक के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहरण समारोह भी हो सकता है।

**19 को होगी अब बैठक**

पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बैठक को अभी स्थगित कर दिया गया है।

अब 20 तारीख को या उसके बाद बैठक बुलाई जाएगी। कारण यह बताया गया कि 19 तारीख को दिल्ली के झंडेवालान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का उद्घाटन होना है, पार्टी के भी कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसी वजह से अब 20 तारीख के बाद निर्णय लिया जाएगा।



**टलने का बताया जा रहा है यह कारण**

हालांकि, विधायक दल की बैठक को टालने के पीछे एक बड़ा कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे को भी माना जा रहा है, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद से ही केंद्र सरकार, केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे प्रशासन विपक्ष के निशाने पर हैं। मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए बीजेपी ने रविवार को अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए थे।

**बीजेपी आसानी से बदल देती है सीएम**

सीएम को लेकर अंतिम निर्णय निश्चित रूप से केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से किया जाता है। केंद्रीय नेतृत्व 2014 से दस बार विभिन्न राज्यों में सीएम बदल चुका है। इसमें उत्तराखंड और गुजरात में दो-दो बार मुख्यमंत्री बदलना शामिल है। सीएम बदलने के इस बड़े काम को संभालना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्यों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं में व्यापक अपील का स्पष्ट प्रतिबिंब है।

## लो प्रोफाइल वाले नए चेहरों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** तथ्य यह है कि बीजेपी ने 2014 के बाद 12 मौकों पर काफी लो प्रोफाइल वाले नए चेहरे नियुक्त किए हैं। इनमें 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले और एक के बाद चार शामिल हैं। यह भी एक कड़ा संदेश देता है। पार्टी के एक नेता ने समझाया कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व एक ऐसा सख्त शासन चलाना चाहता है जिसमें कोई भी क्षेत्रीय नेता संगठन से बड़ा न हो और पार्टी की राज्य इकाइयां संगठन कैडर संचालित होनी चाहिए, न कि व्यक्तित्व संचालित।

**पुराने CM को केंद्र में दिया मौका**

सीएम बदलने के बाद इनमें से कई नेताओं को केंद्र का हिस्सा बना दिया गया। असम के पूर्व सीएम सर्बानंद सोनोवाल और शिवराज चौहान जो वर्तमान में केंद्रीय मंत्री हैं। इसी तरह, हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर भी केंद्रीय मंत्री हैं। 2014 में सीएम पद के लिए चुने गए कई नेता ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए और लोकसभा में हैं। इनमें हरियाणा में मनोहर खट्टर, उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत, कर्नाटक में बसवराज, त्रिपुरा में बिप्लब देब शामिल हैं।

## दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की सूची

चौधरी ब्रह्म प्रकाश 17 मार्च 1952 से 12 फरवरी 1955 तक वो दिल्ली के पहले सीएम रहे हैं।

गुरुमुख निहाल सिंह 12 फरवरी 1955 से 1 नवम्बर 1956 तक दिल्ली के दूसरे सीएम बने थे।

मदन लाल खुराना 2 दिसम्बर 1993-26 फरवरी 1996 तक दिल्ली की तीसरे सीएम के रूप में कमान संभाली।

साहिब सिंह वर्मा 26 फरवरी 1996-12 अक्टूबर 1998 तक सीएम रहे हैं।

सुषमा स्वराज 12 अक्टूबर 1998-3 दिसम्बर 1998 तक दिल्ली की 5वीं सीएम रहीं थी।

शीला दीक्षित ने 3 दिसम्बर 1998 से 28 दिसम्बर 2013 तक दिल्ली की सीएम की कमान संभाली

अरविन्द केजरीवाल 28 दिसम्बर 2013-14 फरवरी 2014 तक तीन बार दिल्ली के सीएम रहे।

15 फरवरी 2014 - 13 फरवरी 2015 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा।

आतिशी मार्लेना 21 सितम्बर 2024-वर्तमान तक दिल्ली की सीएम हैं।

# भाजपा ने कई बार किए प्रयोग, गलत भी साबित हुए फैसले

### कर्नाटक में गलत साबित हुए



कर्नाटक में 2023 में विधानसभा चुनाव हुए और सत्तारूढ़ बीजेपी को बड़ी हार मिली थी। राज्य में कांग्रेस ने सरकार बनाई। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से ठीक डेढ़ साल पहले बीजेपी ने सीएम फेस बदला था। बीजेपी ने जुलाई 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन सीएम बीएस येदियुरप्पा को पद से हटाया और सीएम पद की जिम्मेदारी बसवराज बोम्मई को सौंप दी। दक्षिण के दुर्ग को बचाने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने जोर-शोर से कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

### उत्तराखंड में हुए प्रयोग



सीएम चेहरा बदलकर सत्ता में वापसी का बीजेपी का सबसे सफल प्रयोग उत्तराखंड का रहा है। उत्तराखंड में बीजेपी नेतृत्व को अंदाजा हो चुका था कि पार्टी जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी लहर से जूझ रही है। इसकी काट के लिए बीजेपी ने दो बार राज्य में अपने मुख्यमंत्री बदले। 2017 में बीज. पी जब उत्तराखंड में चुनाव जीती, तो त्रिवेंद्र सिंह रावत को सीएम बनाया गया। 2021 आते-आते रावत के खिलाफ विधायकों का असंतोष बढ़ गया। लिहाजा आलाकमान ने रावत को सीएम पद से हटा दिया और 10 मार्च 2021 को राज्य की बागडोर तीरथ सिंह रावत को सौंप दी गई। तीरथ सिंह रावत सत्ता, जनता और प्रशासन पर छाप छोड़ने में सफल नहीं रहे और 4 महीने बाद सीएम पद से उनकी छुट्टी हो गई। उसके बाद 4 जुलाई 2021 को पुष्कर सिंह धामी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया। मार्च 2022 में बीजेपी पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चुनावी जंग में उतरी और जीत हासिल की।

### भूपेंद्र ने दिलाई कामयाबी



पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से यहां की छोटी सी राजनीतिक और सामाजिक हलचल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए बीजेपी के लिए इस राज्य की सत्ता बेहद महत्वपूर्ण है। 2017 में जब बीजेपी की इस राज्य में सरकार बनी तो विजय रूपानी सीएम बने। रूपानी का कार्यकाल दिसंबर 2022 में खत्म हो रहा था, लेकिन बीजेपी ने माहौल भांपते हुए विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर 2021 में ही नेतृत्व में बदलाव कर दिया और सीएम पद की जिम्मेदारी भूपेंद्र पटेल को दे दी।

### त्रिपुरा में साहा के सजा ताज



त्रिपुरा में लेफ्ट का किला ध्वस्तकर बीजेपी ने मार्च 2018 में पहली बार कमल खिलाया। इस विस्मयकारी विजय के बाद बीजेपी ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी बिपल्ब देव को। बिपल्ब देब का कार्यकाल 2023 में खत्म होने वाला था, लेकिन विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बीजेपी ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कर दिया। बीजेपी ने बिपल्ब देब को संगठन में भेज दिया और सीएम की कुर्सी दी माणिक साहा को।

### मणिपुर में बीरेन का इस्तीफा



मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के 21 महीने बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बीरेन सिंह के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी थी। प्रदेश बीजेपी में भी पिछले कुछ महीनों से सीएम बदलने को लेकर लामबंदी हो रही थी। बीजेपी के कुछ वरिष्ठ विधायकों ने दिल्ली जाकर केंद्रीय नेतृत्व के सामने कई बार यह मांग रखी थी।

### शपथग्रहण के लिए रामलीला मैदान तैयार



दिल्ली की राजनीति में हलचल तेज हो चुकी है। आने वाले 48 घंटों में दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला होने वाला है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है और अब पार्टी का ध्यान मुख्यमंत्री के चयन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर केंद्रित है। 20 फरवरी को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभाग और संबंधित एजेंसियां तैयारियों में जुटी हैं।


झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0-9756686426


CMYK